भोपाल, बुधवार 8 जुलाई 2026 ■ आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष-8 ■ वर्ष : 13, अंक : 97 ■ पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 ** मौसम अधि. 29 न्यून. 25 haribhoomi.com


# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




सुरंग निर्माण के लिए खोदी गई मिट्टी का विशाल ढेर ढहने से यह हादसा हुआ



मलबे में फंसे लोगों का रेस्क्यू करती टीमें

## वायनाड में काम कर रहे 4 मजदूरों की मौत 4 लापता, 7 अन्य घायल

# लैंडस्लाइड ऐसा... जैसे कोई सुनामी

- मलबा ऐसा आया कि टैंकर खिलौने की तरह बहा
- चपेट में आने से चर्च और खाली मकान भी बहा

एजेंसी ▶▶ वायनाड

केरल के वायनाड में भारी बारिश के बाद हुए एक भयानक भूस्खलन (लैंडस्लाइड) ने भारी तबाही मचाई है। मेप्पाडी इलाके में पिछले 24 घंटों में 226 मिमी बारिश के बाद कल्लाडी स्थित मीनाक्षी पुल के पास यह हादसा हुआ। इस त्रासदी में सुरंग सड़क परियोजना में काम करने वाले 4 मजदूरों की मौत हो गई, 4 लापता हैं ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया

केरल के मुख्यमंत्री वीडी सतीशन ने इसे बेहद दुर्भाग्यपूर्ण त्रासदी बताते हुए कहा कि प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। हादसे वाली जगह पर सुरंग निर्माण के लिए खोदी गई मिट्टी का विशाल ढेर ढहने से यह ▶▶ शेष पेज 6 पर

### खजुराहो में 50 मिमी से अधिक बारिश

# हाईवे पर 3 फीट पानी, भोपाल राजगढ़ का वैकल्पिक मार्ग बंद



खजुराहो में खूडर नदी उफान पर, पुल डूबा

- बैरसिया नरसिंहगढ़ के बीच पार्वती नदी पर बने पुल पर जलस्तर बढ़ने से आवागमन रोका
- सेंधवा में सांदीपनि स्कूल में छत का प्लास्टर गिरा, दो छात्राएं घायल
- इंदौर के पास एक सड़क धंस गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश भर में अभी तेज से मध्यम बारिश का दौर जारी है। इस बीच मंगलवार को भोपाल सहित कई जिलों में सुबह से शाम तक तेज से मध्यम बारिश हुई। इससे कई जिलों में हालात बिगड़ गए। बड़वानी जिले के सेंधवा में सांदीपनि स्कूल में छत का प्लास्टर गिर गया, जिससे 9वीं की दो छात्राएं घायल हो गईं, वहीं इंदौर के पास एक सड़क ▶▶ शेष पेज 6 पर


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## मप्र, गुजरात, महाराष्ट्र और राजस्थान के बीच लंबित भुगतान का हुआ वन-टाइम सेटलमेंट

# नर्मदा जल विवाद का अंत: गृह मंत्री शाह की मौजूदगी में चार राज्यों के बीच हुआ समझौता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नर्मदा अवार्ड लाभार्थी राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मध्यप्रदेश के बीच लंबित भुगतान के निपटारे पर ऐतिहासिक समझौता हो गया है। इन राज्यों में डबल इंजन सरकार बनने के बाद ऐसे अनेक लंबित विवाद अब तेजी से सुलझे हैं। इसमें से नर्मदा जल समझौता भी शामिल है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शाह ने कहा कि पानी का उपयोग चाहे देश के किसी भी हिस्से में हो उससे लाभान्वित होने वाला एक भारतीय ही होगा। चाहे बांध परियोजना का मुद्दा हो या राजस्थान, हरियाणा के बीच जल विवाद हो या आज का यह समझौता, ये सभी सहकारी संघवाद के स्वर्णिम उदाहरण है।

यह समझौता केंद्रीय गृह मंत्री शाह और केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल की मौजूदगी में मंगलवार को नई दिल्ली में हुआ। इसमें महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मप्र के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। बैठक में केंद्र एवं चारों राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

शाह ने कहा कि पानी का उपयोग चाहे देश के किसी भी हिस्से में हो उससे लाभान्वित होने वाला एक भारतीय ही होगा। ये सभी सहकारी संघवाद के स्वर्णिम उदाहरण हैं

- जल सुरक्षा को मजबूत करने और जल क्षेत्र में सहकारी संघवाद को बढ़ावा देने के लिए कई ऐतिहासिक पहल



केंद्रीय गृह मंत्री शाह व पाटिल के साथ चार राज्यों के सीएम

**केंद्रीय गृह मंत्री की पहल पर दशकों से चार राज्यों के बीच जारी विवाद का सौहार्दपूर्ण समाधान हुआ**

### यह समझौता मील का पत्थर

यह समझौता मध्यप्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र राज्यों की ओर से सरदार सरोवर परियोजना के निर्माण के लागत साझाकरण के मुद्दों से जुड़े दीर्घकालिक विवादों को समाप्त करने की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर है, जिसके तहत लंबित देयों के अंतिम निपटान के रूप में किए जाने वाले भुगतानों को एकमुश्त निपटान (वन-टाइम सेटलमेंट) के रूप में हल किया गया है।

### लंबे विवाद के बाद हुआ समझौता

गृह मंत्री शाह ने कहा कि महाराष्ट्र, गुजरात, राजस्थान और मप्र के बीच लंबे समय से नर्मदा अवॉर्ड के लंबित भुगतान का विवाद चल रहा था, जिसका सौहार्दपूर्ण समाधान निकल गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अनेक राज्यों में डबल इंजन सरकार बनने का लाभ यह हुआ है। उन्होंने कहा कि एक-दूसरे को समझने की क्षमता बढ़ी है, राजनीतिक मुद्दे कम हुए हैं और देश के अनेक विवाद अब तेजी से सुलझाए जा रहे हैं।

### अंतर-राज्यीय परियोजना पर आम सहमति बनी

शाह ने इस महत्वपूर्ण अंतर-राज्यीय परियोजना पर आम सहमति बनाने में मध्य प्रदेश, गुजरात, राजस्थान और महाराष्ट्र की सरकारों की ओ से दिए गए रचनात्मक सहयोग की सराहना की। शाह ने कहा कि इस परियोजना से विशेषकर मध्यप्रदेश, गुजरात तथा राजस्थान को बहुत लाभ हुआ। बांध पूरा ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जल वितरण से जुड़े विवाद एक-एक कर सुलझाए जा रहे

शाह ने कहा कि केंद्रीय जल शक्ति मंत्री पाटिल के नेतृत्व में देश में चल रहे जल विवाद या जल वितरण से जुड़े विवाद एक-एक कर सुलझाए जा रहे हैं। पिछले दिनों हरियाणा और राजस्थान के बीच का जल विवाद सुलझाया गया। शाह ने कहा कि चाहे किशाऊ बांध परियोजना का मुद्दा हो या राजस्थान, ▶▶ शेष पेज 6 पर



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सम्मानित किया गया

### पीएम को मिला इंडोनेशिया का सर्वोच्च नागरिक सम्मान

# अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड्स की संख्या पहुंची 35... यह दुर्लभ उपलब्धि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

**'बिंतांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' से सम्मानित हुए**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान के साथ अब पीएम मोदी को दुनिया भर से मिले कुल अंतरराष्ट्रीय सम्मानों की संख्या 35 हो गई है। 'बिंतांग आदिपूर्णा' (मेडल ऑफ ऑनर) इंडोनेशिया का सबसे प्रतिष्ठित सम्मान है। यह उन व्यक्तियों को दिया जाता है जिन्होंने इंडोनेशिया की एकता, स्थिरता और समृद्धि में असाधारण योगदान दिया हो। राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने जकार्ता में इस सम्मान की ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मोदी की तारीफ में बोले इंडोनेशियाई राष्ट्रपति

## मैंने आपके कार्यक्रमों की नकल की

इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने पीएम मोदी के सम्मान में आयोजित भोज के दौरान भारत के विकास मॉडल की जमकर तारीफ की। हल्के- फुल्के अंदाज में प्रबोवो ने कहा कि मैंने आपके करियर को फॉलो किया है और आपके कई कार्यक्रमों की नकल की है। ▶▶ पढ़ें पेज 12 भी

### भारत 3 देशों को बेचेगा ब्रह्मोस मिसाइल

## इंडोनेशिया में 200 मिलियन डॉलर की रक्षा डील पक्की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत अब इंडोनेशिया, फिलीपींस और वियतनाम को ब्रह्मोस मिसाइल निर्यात करने के लिए तैयार है। इसके अलावा, भारत ब्रह्मोस के निर्यात के लिए कम से कम आधा दर्जन अन्य देशों के साथ भी बातचीत कर रहा है। भारत, इंडोनेशिया को 200 मिलियन डॉलर की ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइलों की दो बैटरी की आपूर्ति करने के लिए तैयार है। यह आपूर्ति दोनों देशों के बीच मंगलवार को हुए रक्षा समझौतों ▶▶ शेष पेज 6 पर

## खबर संक्षेप

### बेथ मूनी बनीं नंबर-1 टी20 की बल्लेबाज



**दुबई।** महिला टी20 विश्व कप 2026 में शानदार प्रदर्शन की बदौलत ऑस्ट्रेलिया की सलामी बल्लेबाज बेथ मूनी आईसीसी महिला टी20 इंटरनेशनल रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं। टूर्नामेंट में 238 रन बनाने वालीं मूनी ने हमवतन जॉर्जिया वोल को पछाड़कर यह मुकाम हासिल किया। इस सूची में लाउरा वोलवार्ट तीसरे और स्मृति मंधाना पांचवें स्थान पर हैं।

### प्रमोशन में आरक्षण विवाद पर कोर्ट का सख्त रुख



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में वर्षों से लंबित प्रमोशन में आरक्षण विवाद पर हाई कोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति प्रदीप मित्तल की युगलपीठ ने स्पष्ट किया कि इस मामले को अब और लंबा नहीं खींचा जाएगा और जल्द ही इसका अंतिम निराकरण होगा।

### ओटीटी से हटाई दिलजीत की फिल्म 'सतलुज'?



**मुंबई।** मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा के जीवन पर आधारित अभिनेता दिलजीत दोसांझ की फिल्म 'सतलुज' को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 से हटा दिया गया। रिलीज के 48 घंटे के भीतर फिल्म को भारत में बैन कर दिया गया। सूत्रों के अनुसार, यह फैसला फिल्म की बारीकी से समीक्षा करने के बाद लिया गया है।

### मैहर-रीवा हाईवे पर ट्रक में घुसी कार

## पूर्व विधायक के परिवार के पांच लोगों की मौत हुई



बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे घर, तभी हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मैहर

मैहर-रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग-30 पर सोमवार देर रात हुए भीषण सड़क हादसे ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया। नादन थाना क्षेत्र के ग्राम रीघरा के पास रात करीब एक बजे हुए इस दर्दनाक हादसे में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। तेज रफ्तार से चल रही एक्सयूवी कार सामने चल रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त ▶▶ शेष पेज 6 पर

### ये बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के निजी सचिव हटाए गए...



उनकी टीम के दो अन्य अधिकारियों की भी छुट्टी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय में एक बड़ा प्रशासनिक फेरबदल देखने को मिला है। मंत्रालय ने केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव के निजी सचिव (पीएस) अमर सिंह को तत्काल प्रभाव से पद से हटा दिया है। उनके साथ ही उनकी टीम में कार्यरत दो अन्य अधिकारियों, आयुष शरण और शैलेश कुमार सिंह को भी ड्यूटी से रिलीव (मुक्त) कर दिया गया है। उप ▶▶ शेष पेज 6 पर

### चंपत राय का पहला बयान

## जांच रिपोर्ट के बाद दूंगा मैं एक-एक आरोप का जवाब



मेरी जिंदगी खुली किताब जैसी, साझा किया पत्र

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में घिरे श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के पूर्व महासचिव चंपत राय ने इस्तीफा मंजूर होने के अगले दिन मंगलवार को अपनी पहली प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने सोशल मीडिया पर हाथ से लिखा एक पत्र साझा कर तुलसीदास जी की चौपाई के जरिए अपना दर्द बयां करते हुए लिखा-धीरज धरम मित्र अरु नारी,आफत काल परखिए चारी। चंपत ▶▶ शेष पेज 6 पर

### दुष्कर्म पीड़िता के मामले में मप्र हाई कोर्ट का बड़ा सवाल

# जब कानून ने डॉक्टरों को अधिकार दिया है, तो अदालत के चक्कर क्यों?

मंडला जिले की एक 17 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता से जुड़ा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने एक दुष्कर्म पीड़िता के गर्भसमापन की अनुमति देते हुए प्रदेश की स्वास्थ्य प्रणाली और उसकी कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकल पीठ ने तल्ख टिप्पणी करते हुए कहा कि जब मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी (एमटीपी) एक्ट, 1971 डॉक्टरों को 24 सप्ताह तक के गर्भ के मामले में खुद निर्णय लेने का अधिकार देता है, तो फिर हर केस में जिला अदालत या हाई कोर्ट से अनुमति लेने की परिपाटी क्यों चल रही है? अदालत ने इस व्यवस्था को संवेदनशील मामलों में अनावश्यक देरी का बड़ा कारण माना। अदालत ने साफ किया कि ऐसे संवेदनशील मामलों में चिकित्सीय स्तर पर ही त्वरित निर्णय लिए जाने चाहिए, ताकि पीड़िताओं को मानसिक और शारीरिक राहत के लिए अदालतों के चक्कर न काटने पड़ें। यह मामला मंडला जिले की एक 17 वर्षीय दुष्कर्म पीड़िता से जुड़ा है, जो 10 सप्ताह की गर्भवती थी। मेडिकल बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट में गर्भसमापन को सुरक्षित और संभव बताया था, लेकिन पीड़िता की कम उम्र और स्वास्थ्य ▶▶ शेष पेज 6 पर

### बड़ा सवाल : क्या वरिष्ठ नेता दिग्विजय राजनीति से संन्यास की ओर बढ़ गए हैं?

महाकाल से लेकर राम मंदिर चंदा चोरी को उजागर करेंगे

# दिग्विजय का बड़ा ऐलान...वे अब राजनीति नहीं, धर्म की रक्षा करेंगे

समाज और कांग्रेस पार्टी मे गंभीर आलोचनाओं में घिरे पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह खुद को एक नए मोड़ पर ले आए हैं, यह राजनीतिक है या रणनीतिक है? बाद में पता चलेगा

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने मंगलवार को बड़ा धमाका कर दिया। उन्होंने ऐलान किया कि अब वे अंतिम सांस तक धर्म की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ेंगे। वे 2 अक्टूबर के स्थान पर विजयादशमी से उज्जैन से अयोध्या तक लगभग एक हजार किमी की पद यात्रा करेंगे।

नर्मदा यात्रा भी उन्होंने दशहरे से ही प्रारंभ की थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस यात्रा का राजनीति से कोई संबंध नहीं होगा और इसमें किसी ▶▶ शेष पेज 6 पर

- दशहरे से करेंगे उज्जैन से अयोध्या तक की पदयात्रा
- न राजनीतिक भाषण देंगे, न ही डालेंगे कोई पोस्ट



दिग्विजय सिंह

### कारसेवक संतोष दुबे होंगे यात्रा में मुख्य अतिथि

दिग्विजय ने कहा कि यात्रा के दौरान न तो भाषण देंगे, न प्रवचन करेंगे और न ही अपने सोशल मीडिया मंचों पर स्वयं कोई टिप्पणी लिखेंगे। उन्होंने बताया कि वह राम मंदिर आंदोलन के दौरान गोली लगने वाले कारसेवक संतोष दुबे को ▶▶ शेष पेज 6 पर

### संघ पर सवाल उठाने वालों के हाथ और अंगुली तोड़ देंगे: पाटिल



ज्ञानेश्वर पाटिल

खंडवा से भाजपा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एक सम्मानित संगठन है और इस पर बिना आधार के अंगुली उठाने वालों के हाथ और उंगली तोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि दिग्विजय सिंह लगातार भगवान राम, रामसेतु और हिंदू आस्था से जुड़े विषयों पर विवादित बयान देकर सुर्खियां बटोरने की कोशिश करते हैं, जिससे खुद कांग्रेस को ही राजनीतिक नुकसान हुआ है।

## खबर संक्षेप

### सब इंस्पेक्टर, सूबेदार भर्ती परीक्षा के परिणाम जारी, 436 पदों पर चयन

**भोपाल।** सब इंस्पेक्टर और सूबेदार भर्ती परीक्षा के उम्मीदवारों के लिए काम की खबर है। मप्र कर्मचारी चयन मंडल ने मंगलवार को परीक्षा के मुख्य परिणाम घोषित कर दिया। टॉप-10 में पांच उम्मीदवार ओबीसी वर्ग के हैं। ओबीसी वर्ग के संजय परमार ने 595.98 अंक हासिल कर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।
कर्मचारी चयन मंडल के अनुसार, लिखित परीक्षा के परिणाम के आधार पर कुल 5,113 उम्मीदवार दूसरे चरण की प्रक्रिया में शामिल हुए थे। इनमें से रिक्त पदों के तीन गुना यानी 1,692 अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा और साक्षात्कार के लिए पुलिस विभाग ने बुलाया। अंतिम मेरिट लिखित परीक्षा, पीईटी और साक्षात्कार में प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की गई। भर्ती प्रक्रिया के बाद 500 पदों में से 436 पदों पर ही चयन हो सका।

### मप्र पुलिस ने 2,095 गुम-चोरी हुए मोबाइल लोगों को लौटाए

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेशभर में सेफ क्लिक 2.0 अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। 24 जून 2026 से प्रारंभ इस विशेष अभियान का उद्देश्य नागरिकों को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक कर सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के लिए प्रेरित करना है।
साइबर अपराधों की रोकथाम के साथ-साथ मप्र पुलिस आधुनिक तकनीक आधारित पुलिसिंग के माध्यम से गुम एवं चोरी हुए मोबाइल फोन उनके वास्तविक स्वामियों तक पहुंचाने का कार्य भी निरंतर कर रही है। पोर्टल, तकनीकी विश्लेषण तथा विभिन्न जिलों की साइबर टीमों के समन्वित प्रयासों से बड़ी संख्या में मोबाइल फोन बरामद कर नागरिकों को लौटाए जा रहे हैं, जिससे आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

# प्रिस्क्रिप्शन के बिना एच-1 ड्रग बेचने वाले 3 मेडिकल स्टोर के लाइसेंस समाप्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेडिकल स्टोर्स पर बिना फार्मासिस्ट दवा बेचने और डॉक्टर के प्रिस्क्रिप्शन के बिना एच-1 ड्रग बेचने पर शहर तीन मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस समाप्त कर दिया गया है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा भोपाल के विभिन्न मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अनियमितता और कमियां पाए जाने पर 32 मेडिकल स्टोर्स के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। इनमें बिना फार्मासिस्ट के दवा बेच रहे आनंद नगर स्थित शोवा मेडिकल और हताईखेड़ा स्थित तिरुपति मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निरस्त किया गया है। वहीं बिना चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन के शेड्यूल एच-1 ड्रग बेचने पर आनंद नगर स्थित श्रीराम ट्रेडर्स का लाइसेंस निरस्त किया गया है। इन मेडिकल स्टोर में दवा विक्रय की अनुमति को पूर्ण रूप से निरस्त किया गया है। नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के निर्देशों के अनुरूप औषधि निरीक्षकों द्वारा मेडिकल स्टोर्स में दवाओं के क्रय विक्रय की नियमित रूप से जांच की जा रही है।

### आठ के पंजीयन निलंबित, 21 को कारण बताओ नोटिस

कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने मेडिकल स्टोर्स की नियमित जांच कर नियमों के उल्लंघन पर कड़ी कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। जिसकी समीक्षा टीएल बैठक में भी की जा रही है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन की जांच में बिना फार्मासिस्ट के दवा बेचने पर पांच मेडिकल स्टोर्स एवं चिकित्सकीय सलाह के बिना शेड्यूल एच ड्रग बेचने पर तीन मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस सस्पेंड किया गया है। इसके साथ ही 21 मेडिकल स्टोर संचालकों को कारण बताओ नोटिस दिए गए हैं।

### मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट जरूरी

डॉक्टर के बिना प्रिसक्रिप्शन और मेडिकल स्टोर्स पर बिना फार्मासिस्ट के दवा बेचने वाले तीन मेडिकल स्टोर्स का लाइसेंस समाप्त करने के साथ आठ के पंजीयन निलंबित कर 21 को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए है। मेडिकल स्टोर्स पर पंजीकृत फार्मासिस्ट अनिवार्य होना चाहिए। औषधि एवं प्रसाधन अधिनियम के अंतर्गत शेड्यूल एच दवाओं की बिक्री और वितरण पंजीकृत चिकित्सक के प्रिस्क्रिप्शन पर ही किया जा सकता है। दवा विक्रेता द्वारा शासन के नियमों के उल्लंघन पर औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम के अंतर्गत कार्यवाही की जा रही है।

**डॉ मनीष शर्मा, सीएमएचओ**

### जान जोखिम में डालकर गुजरती रही स्कूल बसें-वाहन, बारिश में बहे बैरिकेड्स

# डीआईजी बंगले की सड़क जलमग्न पानी भर जाने से नहीं दिखे खुले चेंबर

डीआईजी बंगला-काजीकैंप, नादरा बस स्टैंड तक लोग हुए परेशान | जलभराव के कारण सड़क पर खुले पड़े चेंबर दिखाई नहीं दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बारिश के मौसम में बारिश मुसीबत का सबब बन गई है। डीआईजी बंगला-नादरा मार्ग पर जलभराव, खुले चेंबर बने खतरा स्कूल बसें और वाहन जान जोखिम में डालकर गुजरते रहे। डीआईजी बंगला से काजीकैंप और नादरा बस स्टैंड तक चल रहे मेट्रो निर्माण के बीच मंगलवार की बारिश ने लोगों की परेशानी कई गुना बढ़ा दी। तेज बारिश के बाद सड़क पूरी तरह पानी में डूब गई। जलभराव के कारण सड़क पर खुले पड़े चेंबर दिखाई नहीं दिए, जिससे हादसे का खतरा बढ़ गया। इसके बावजूद बच्चों से भरी स्कूल बसें, स्कूल वैन, एम्बुलेंस और अन्य वाहन संकरे रास्ते से जान जोखिम में डालकर गुजरते रहे।

करीब 60 फीट चौड़ी सड़क का लगभग 40 फीट हिस्सा मेट्रो निर्माण और भारी मशीनों से घिरा हुआ है। दोनों ओर केवल छह-छह फीट का रास्ता बचा है। बारिश के दौरान इसी संकरे मार्ग पर दिनभर ट्रैफिक जाम लगा रहा। कई जगह बैरिकेड और सीवेज पाइप भी बह गए, जिससे लोगों को आवाजाही में और ज्यादा परेशानी हुई।

**सड़क पर आठ से अधिक चेंबर खुले...**



डीआईजी बंगला क्षेत्र सीवेज चैंबर खुले होने से वाहन चालक परेशान होते रहे।

बारिश के पानी से भर जाने के कारण वे दिखाई नहीं दिए। ऐसे में दोपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए बड़ा खतरा बना रहा। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी और संबंधित विभाग ने सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम नहीं किए हैं। उन्होंने खुले चेंबर तुरंत ढंकने, मजबूत बैरिकेडिंग करने और चेतावनी बोर्ड लगाने की मांग की है।

### नगर निगम और पीडब्ल्यूडी को राशि जमा करा दी गई

मेट्रो प्रशासन का कहना है कि सड़क सुधार के लिए नगर निगम और पीडब्ल्यूडी को राशि जमा करा दी गई है। निर्माण एजेंसी के साथ समन्वय कर सड़क और चेंबरों की मरम्मत कराई जाएगी और सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत की जाएगी।



सीवेज चैंबर खुले होने से बारिश में डीआईजी बंगले के पास लगा जाम।

### कांट्रेक्टर की बड़ी लापरवाही उजागर

# गायत्री विहार में सीवेज लाइन बिछाने के दौरान टूटी गैस लाइन



क्षतिग्रस्त लाइन



दुरुस्त लाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बागमुगालिया स्थित गायत्री विहार फेज-1 क्षेत्र में मंगलवार को सीवेज लाइन की खुदाई के दौरान थिंक गैस की भूमिगत सिटी गैस पाइपलाइन टूट गई। इसके टूटने से गैस रिसाव हुआ और आसपास की कई आवासीय सोसायटियों तथा व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में पाइप्ड नेचुरल गैस की सप्लाई प्रभावित हुई। सूचना मिलते ही थिंक गैस की आपातकालीन टीम मौके पर पहुंची और मरम्मत कर गैस आपूर्ति बहाल की गई। समय रहते मौके पर टीम के पहुंचने से बडा हादसा टल गया। कंपनी के अनुसार पाइपलाइन को नुकसान सीवेज लाइन बिछाने के दौरान संबंधित ठेकेदार द्वारा की गई खुदाई से हुआ। आपातकालीन टीम ने सबसे पहले प्रभावित हिस्से को अलग कर गैस रिसाव पर नियंत्रण पाया। इसके बाद मरम्मत कार्य पूरा कर कम समय में उपभोक्ताओं को दोबारा गैस आपूर्ति शुरू कर दी गई।

### आपातकालीन संपर्क नंबर भी लगाए गए

थिंक गैस ने बताया कि भोपाल में घरेलू उपभोक्ताओं के लिए पीएनजी और परिवहन क्षेत्र के लिए सीएनजी उपलब्ध कराने के लिए भूमिगत गैस नेटवर्क स्थापित किया गया है।
पाइपलाइन मार्ग पर रूट मार्कर, चेतावनी बोर्ड और आपातकालीन संपर्क नंबर भी लगाए गए हैं।
इसके बावजूद संबंधित ठेकेदार ने खुदाई शुरू करने से पहले कंपनी को कोई सूचना नहीं दी। कंपनी ने सभी ठेकेदारों, निर्माण एजेंसियों और आम लोगों से अपील की है कि किसी भी प्रकार की भूमिगत खुदाई शुरू करने से पहले 'डायल बिफोर यू डिग' प्रक्रिया का पालन करें और गैस पाइपलाइन की जानकारी के लिए टोल-फ्री नंबर 1800-102-5107 पर संपर्क करें।

### गांधी मेडिकल कॉलेज की वायरोलॉजी लैब को मिली आईपीएसएन की प्राप्त हुई सदस्यता

**भोपाल।** गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) की स्टेट वायरोलॉजी लैब को वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गेनाइजेशन इंटरनेशनल पैथोगोन सर्विलांस नेटवर्क (आईपीएसएन) की सदस्यता प्राप्त हुई है। कॉलेज को इसका आधिकारिक सदस्य बनाया गया है। यह मान्यता डबल्यूएचओ द्वारा निर्धारित फ्रेमवर्क का इंगेजमेंट की नॉन स्टेट एक्टर्स के अंतर्गत आवश्यक डियू डिलीजेंस एवं रिस्क एसेसमेंट प्रोसेस सफलतापूर्वक फुल होने पर मिली है। जीएमसी की डीन डॉ कविता एन सिंह ने बताया कि डब्ल्यूएचओ की यह एक वैश्विक पहल है, जो विश्वभर के देशों की सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं, प्रयोगशालाओं, शैक्षणिक संस्थानों तथा अनुसंधान संगठनों को को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक मंच पर जोड़ती है। इस सदस्यता के माध्यम से जीएमसी भोपाल की स्टेट वायरोलॉजी लैब अब उन वैश्विक संस्थानों के नेटवर्क का हिस्सा बन गई है। यह सदस्यता राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के अग्रणी संस्थानों के साथ वैज्ञानिक सहयोग स्थापित करने, तकनीकी एवं अनुसंधान क्षमताओं को और अधिक सशक्त बनाने तथा अंतरराष्ट्रीय अनुसंधान परियोजनाओं, क्षमता निर्माण कार्यक्रमों एवं प्रतिरपर्धात्मक वैश्विक अनुसंधान अनुदानों एवं प्रतिस्पर्धात्मक वैश्विक अनुसंधान अनुदानों एवं में सहभागिता के नए अवसर प्रदान करेगी।

**उभरते संक्रामक रोगों की होगी शीघ्र पहचान**

यह सदस्यता प्रयोगशाला की इंटीग्रेटेड पैथोगोन सर्विलेंस क्षमता को और अधिक मजबूत करेगी तथा उभरते एवं पुनः उभरते संक्रामक रोगों की शीघ्र पहचान निगरानी एवं नियंत्रण हेतु नवीन वैज्ञानिक दृष्टिकोणों के विकास को प्रोत्साहित करेगी। जीएमसी के लिए यह एक महत्वपूर्ण संस्थागत उपलब्धि है। इस सदस्यता से संक्रामक रोग निगरानी तथा वैश्विक जनस्वास्थ्य सहयोग के क्षेत्र में संस्थान को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पहचान और अधिक सुदृढ़ होगी।

### सतबाड़ी फार्म्स खरीदने हुआ था सौदा

# चेक बाउंस की धमकी दी तो कारोबारी पहुंच गया थाने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दिल्ली के एक चर्चित फार्म्स हाउस को खरीदने हुआ सौदा पुलिस थाने में पहुंच गया। गोविंदपुरा थाना पुलिस ने इस मामले में गबन का मुकदमा दर्ज किया है। यह सौदा तीन साल पूर्व हुआ था, जिसमें आरोपी दिल्ली के एक व्यक्ति को बनाया गया है जिन्होंने मध्यस्थता की भूमिका निभाई थी।

पुलिस के अनुसार बागसेवनिया थाना क्षेत्र में स्थित अरविंद विहार कॉलोनी में मयंक मिश्रा पिता सोके मिश्रा (36) रहते हैं। उनका गोविंदपुरा औद्योगिक क्षेत्र में ट्रांसफार्मर निर्माण से संबंधित कार्य है। मयंक मिश्रा ने जुलाई, 2023 में दिल्ली के सतबाड़ी फार्म्स को खरीदने बालकिशन राठी से अनुबंध किया था। यह अनुबंध दिल्ली में रहने वाले मोहम्मद रईस अली के जरिए संपन्न हुआ था। मोहम्मद रईस अली से कारोबारी के वाहन चालक हरबीर की पहचान थी।

### एक करोड़ चालीस लाख में हुआ था सौदा

उसके ही जरिए हुई मुलाकात के बाद फार्म हाउस का सौदा एक करोड़ 40 लाख रुपए में तय हुआ था। मयंक मिश्रा ने ईएफएसबीटी में पहला भुगतान 20 लाख रुपए और फिर 30 लाख रुपए का भुगतान मोहम्मद रईस अली के जरिए किया गया। इस रकम की पुष्टि फार्म हाउस के मालिक बालकिशन राठी ने भी की थी। इसके बाद मोहम्मद रईस अली ने दो चेक से भुगतान लिए। उसका कहना था कि यह चेक बालकिशन राठी के कहने पर वह ले रहा है। यह जारी करने के बाद मयंक मिश्रा ने राठी से संपर्क साधा तो उन्होंने बताया कि उन्होंने सौदा निरस्त करने का फैसला मोहम्मद रईस अली के कहने पर लिया है। उनके पास किसी तरह का चेक भी नहीं पहुंचा है। इसके बाद पता चला कि बयान के तौर पर दिए गए 50 लाख रुपए भी उसके पास हैं।

### अयोध्या नगर थाना क्षेत्र का मामला

# विवाहेत्तर संबंध का खुलासा करने पर पति-भाई से मारपीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में विवाहेतर संबंध को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। पत्नी को कथित तौर पर अपने प्रेमी से बातचीत करते हुए पकड़ने के बाद पति ने विरोध किया तो पत्नी और उसके भाइयों ने मिलकर पति व उसके भाई के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार, 28 वर्षीय पीड़ित युवक एक अस्पताल में सफाई कर्मचारी है और अयोध्या नगर क्षेत्र में रहता है। उसकी शादी करीब तीन वर्ष पहले टीटी नगर निवासी युवती से हुई थी। युवक का आरोप है कि उसकी पत्नी लंबे समय से मोबाइल पर एक अन्य युवक से बातचीत करती थी। उसने कई बार इस संबंध में आपत्ति जताई और समझाने का प्रयास किया, लेकिन कोई बदलाव नहीं आया।

### जांच के बाद की जाएगी आगे की कार्रवाई

शिकायत के मुताबिक, 4 जुलाई की सुबह उसने अपनी पत्नी को चादर ओढ़कर मोबाइल पर किसी युवक से बातचीत करते हुए रंगे हाथ पकड़ लिया। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हो गया। इसके बाद पीड़ित ने पत्नी के भाइयों को फोन कर घटना की जानकारी दी। आरोप है कि समझाने की बजाय उसी रात करीब 11:30 बजे पत्नी अपने दोनों भाइयों के साथ पीड़ित के घर पहुंची और तीनों ने मिलकर उसके साथ मारपीट की। शोर सुनकर पीड़ित का भाई बीच-बचाव करने आया तो आरोपियों ने उसके साथ भी मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद पीड़ित ने अयोध्या नगर थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत के आधार पर संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान लिए जा रहे हैं और आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### पीएफआई के सक्रिय सदस्यों के जमानत आवेदन खारिज

**भोपाल।** गैरकानूनी और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल पीएफआई के 9 सक्रिय सदस्यों अनवर खान, ख्वाजा हुसैन, मोहम्मद शमशाद, इमरान हुसैन, आबिद खान, इशाक खान, मोहम्मद युसुफ मौलानी, मोहसिन कुरैशी और नासिर नदवी के अलग-अलग जमानत के आवेदन को विशेष न्यायाधीश (एनआईए) डॉ. मुकेश मलिक ने मंगलवार को सुनवाई के बाद मामले की गंभीरता को देखते हुए निरस्त कर दिया। आरोपियों के अधिवक्ताओं ने न्यायालय में कहा कि अभियुक्तगण निर्दोष हैं। अभियुक्तगण को प्रकरण में झूठा फंसाया गया है। जांच के दौरान एटीएस द्वारा कानूनी प्रक्रियाओं का पालन नहीं किया गया।

अभियुक्तगण के विरूद्व यूएपीए के अंतर्गत अपराध नहीं बनते। अभियुक्तगण लंबे समय से न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं। विशेष लोक अभियोजक विक्रम सिंह और मनोज त्रिपाठी ने आरोपियों के अपराध की गंभीरता को देखते उन्हें जमानत का लाभ दिए जाने का विरोध किया था। वर्ष 2022 में अब्दुल करीम बैकरीवाला एवं अन्य 21 आरोपीगण द्वारा मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में पीएफआई संगठन के पदाधिकारी होते हुए भारत सरकार के विरुद्ध आतंकवादी गतिविधियों का आपराधिक षड्यंत्र करते हुये भारत के विभिन्न शहरों में ट्रेनिंग कैंप कराये गये थे। जिसमें सदस्यों को दुश्मनों को मारने के लिये शरीर की विभिन्न नाजुक अंगों पर हमले की ट्रेनिंग दी गई थी।

### सिर, गर्दन और सीने में पत्थर लगने से आई चोटें

# नाइट क्लब के बाहर पथराव, तीन युवक घायल, विवाद के बाद बढ़ा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के मिसरोद थाना क्षेत्र में एक नाइट क्लब के बाहर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। क्लब के भीतर हुए विवाद के बाद बाहर निकले युवकों पर पथराव कर दिया गया, जिसमें तीन युवक घायल हो गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, इब्राहिमगंज निवासी 28 वर्षीय मयूर ठाकुर रविवार रात अपने दोस्तों आर्यन बैरागी, शुभम ठाकुर, सचिन सेन और आकाश वर्मा के साथ मिसरोद स्थित मिड नाइट क्लब गया था। इसी दौरान उसी मोहल्ले में रहने वाला सत्यम मालवीय भी वहां पहुंचा। मयूर ने उसे देखकर पहचानने की बात कही, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई।

### टेबल पर बैठे ग्राहकों से भी बहस

बताया जा रहा है कि क्लब के अंदर सत्यम मालवीय की किसी अन्य टेबल पर बैठे ग्राहकों से भी बहस हो गई। विवाद बढ़ने पर क्लब के बाउंसरों ने उसे बाहर निकाल दिया। कुछ देर बाद रात करीब साढ़े 12 बजे जब मयूर ठाकुर और उसके साथी क्लब से बाहर निकले तो सत्यम मालवीय अपने साथियों के साथ वहां मौजूद मिला। आरोप है कि सत्यम और उसके साथियों ने मयूर व उसके दोस्तों को रोककर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने पथराव कर दिया। घटना में मयूर ठाकुर के सिर, गर्दन और सीने में पत्थर लगने से चोटें आईं, जबकि उसके दो अन्य साथी भी घायल हो गए। घटना के बाद पीड़ितों ने मिसरोद थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है। गौरतलब है कि इससे एक दिन पहले भी इसी क्षेत्र के एक होटल के भीतर विवाद और हंगामे की घटना सामने आई थी। लगातार हो रही ऐसी घटनाओं ने इलाके में कानून-व्यवस्था और नाइट क्लबों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं।


स्वच्छ मध्यप्रदेश
हम सबकी जिम्मेदारी



मेरे प्रिय प्रदेशवासियो,

हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के आह्वान पर मध्यप्रदेश में स्वच्छता को एक जन-आंदोलन बनाया गया है। विगत वर्षों में आप सभी के सहयोग से हमने स्वच्छता के क्षेत्र में अनेक उपलब्धियां अर्जित की हैं। दिनांक 1 अप्रैल 2026 से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 लागू हो चुका है, जिसमें जन-प्रतिनिधियों, निकायों, संस्थानों एवं नागरिकों के लिए कचरा प्रबंधन हेतु दायित्व नियत किए गए हैं। उक्त नियम केवल नगरीय निकायों तक सीमित नहीं हैं, बल्कि राज्य के सभी विभागों में लागू किए गए हैं, जिनमें नगरीय क्षेत्रों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों से निकलने वाले कचरे को भी समेकित किया गया है। पर्यावरण संरक्षण की दिशा में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 का परिपालन एक महत्वपूर्ण कदम है और इसका सफल क्रियान्वयन केवल शासकीय प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि राज्य के प्रत्येक नागरिक एवं प्रतिष्ठान को इस कार्य में अपनी भूमिका निभानी होगी।

आप सभी से मेरा विनम्र अनुरोध है कि अपनी दिनचर्या में निम्नलिखित विषयों को सम्मिलित करें -

- आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए हमें यह संकल्प लेना होगा कि हम किसी भी प्रकार का कचरा, न तो खुले में फेकेंगे और न ही जलाएंगे।
- अपने घर, गली, मोहल्ले, शहर एवं प्रदेश को कचरा मुक्त बनाने में सक्रिय योगदान देंगे।
- घर से निकलने वाले कचरे को चार प्रकार से अलग करके (गीला, सूखा, सैनिटरी एवं स्पेशल केयर) केवल कचरा वाहन को देंगे।
- कचरे के री-यूज और री-सायकल को बढ़ावा देंगे, जैसे- होम कम्पोस्टिंग, पुराने कपड़े, किताबें, अन्य उपयोगी वस्तुओं को फेकेंगे नहीं, बल्कि RRR (Reduce, Reuse, Recycle) केंद्रों में जमा करेंगे।
- कचरा कम करने के लिए छोटी-छोटी आदतों जैसे- अपना झोला और पानी की बोतल साथ रखेंगे तथा वस्तुओं का अधिकतम पुनर्प्रयोग आदि को अपनाएंगे।
- साथ ही समस्त नगरीय निकाय यह सुनिश्चित करें कि हर घर, दुकान और झुग्गी बस्ती से नियमित रूप से कचरा संग्रहण हो।

प्रिय साथियो, स्वच्छता केवल सुंदरता का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे स्वास्थ्य, पर्यावरण और जीवन की गुणवत्ता से जुड़ा हुआ है। यदि हम आज जिम्मेदारी से कार्य करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित मध्यप्रदेश दे पाएंगे। **आइए, हम सब मिलकर यह संकल्प लें : मेरा कचरा - मेरी जिम्मेदारी।** एक बार फिर आप सभी से अपील है कि अपने मध्यप्रदेश को देश में कचरा प्रबंधन के क्षेत्र में स्वच्छ, सुंदर और संवहनीय (सस्टेनेबल) राज्य बनाने हेतु ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 के सफल क्रियान्वयन में अपना योगदान दें।

जय हिन्द, जय मध्यप्रदेश !

- डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

D-11051/26

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2026

**शहर में अब तक सामान्य से 152.5 मिमी ज्यादा बारिश दर्ज...**

# अब राजधानी में चलेगा तेज बारिश का दौर...

**100 मिमी का आंकड़ा पार कर बीता पहला सप्ताह, जुलाई का 35% औसत कोटा पूरा**

**एक से 30 जून तक हुई कुल 272.2 मिमी बारिश, मंगलवार शाम तक 375.6 मिमी**

**प्रदेश के मध्य, उत्तरी हिस्से में इस सप्ताह दो सिस्टम की सक्रियता से बढ़ेगी बारिश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में प्री-मानसून से लेकर मानसून तक अच्छी बारिश दर्ज हुई है। शहर में मंगलवार को जुलाई के पहले सप्ताह के अंतिम दिन तक 100 मिमी का आंकड़ा पार हो गया है। यहां एक से 30 जून तक कुल 272.2 मिमी बारिश हुई थी, जो मंगलवार सुबह से शाम 5:30 बजे तक हुई 10 मिमी बारिश के साथ 375.6 मिमी दर्ज हुई है। यानि जुलाई के पहले सप्ताह में 103.4 मिमी बारिश हो चुकी है। यह सामान्य से करीब 160 मिमी ज्यादा है।

जुलाई में यहां औसतन 367.7 मिमी बारिश का कोटा है, जो पहले सप्ताह में करीब 35 फीसदी से अधिक पूरा हो चुका है। मौसम केंद्र के अनुसार बुधवार तक कई जिलों में अति भारी से भारी बारिश होगी। भोपाल में सामान्य से तेज वर्षा की उम्मीद है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अभी प्रदेश में दो प्रमुख सिस्टम की सक्रियता अधिक होने से प्रदेश के मध्य और उत्तरी हिस्से में बारिश का रुझान अपेक्षाकृत अधिक रहेगा। बाकी प्रदेशभर में पहले सप्ताह के मुकावले दूसरे सप्ताह ज्यादा बारिश की संभावना है।

### यह सिस्टम बढ़ाएंगे बारिश



दोपहर 3 .30 बजे, करोंद मंडी में जोरदार बारिश हुई।

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार अभी पूर्वी मप्र के ऊपर और आसपास बना वेलमार्कलो प्रेशर एरिया मंगलवार तक वहीं सक्रिय है। इससे जुड़ा एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन गुरुवार तक उत्तर प्रदेश की बढ़कर कमजोर होगा। एक ट्रफ अब दक्षिण पश्चिमी राजस्थान से पूर्वी मप्र, छत्तीसगढ़, झारखंड और बंगाल की खाड़ी पर बने वेलमार्कलो प्रेशर एरिया तक सक्रिय है। इससे प्रदेश के मध्य और उत्तरी हिस्से के साथ ही प्रदेशभर में बारिश का दौर अभी बढ़ेगा।

**आज यहां अति भारी बारिश**

बुधवार को गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, श्योपुरकलां, सागर, टीकमगढ़ में अति भारी बारिश का अलर्ट है। विदिशा, रायसेन, सीहोर, राजगढ़, नर्मदापुरम, झाबुआ, धार, इंदौर, उज्जैन, आगर, मंदसौर, ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, दमोह, छतरपुर में भारी बारिश का अलर्ट है। भोपाल सहित दो दर्जन जिलों में सामान्य बारिश की उम्मीद है।

## एयर इंडिया की दिल्ली उड़ान नागपुर डायवर्ट, कई उड़ानें लेट आई

राजा भोज एयरपोर्ट पर आज शाम दिल्ली से आने वाली एयर इंडिया की फ़्लाइट को ख़राब मौसम के कारण भोपाल में लैंडिंग की अनुमति न मिलने से उसे नागपुर डायवर्ट किया गया। वहीं मुंबई सहित अहमदाबाद की उड़ान एक से 2 घंटा देरी से भोपाल पहुंची। वहीं, एयरपोर्ट अथॉरिटी के दावे की आज पोल खुल गई। यहां केट-2 सिस्टम होने के बाद भी दिल्ली उड़ान को यहां लैंड नहीं कराया जा सका, जिसके कारण वह आसमान में चक्कर लगाते हुए नागपुर डाइवर्ट हो गई। यह एयर इंडिया की दिल्ली उड़ान शाम साढ़े सात बजे भोपाल आती है और फिर दिल्ली जाती है, लेकिन आज मौसम खराबी के कारण दिल्ली से तो सही समय पर उड़ान भरी, लेकिन राजाभोज एयरपोर्ट पर ख़राब मौसम के कारण लैंड नहीं हो सकी और उसे नागपुर डायवर्ट किया गया और रात 10.05 बजे यह उड़ान भोपाल आई और फिर यात्रियों को लेकर दिल्ली रवाना हुई।

## ट्रैक मेंटनेंस व बारिश के चलते भोपाल आने वाली ट्रेन 9 घंटे तक की देरी से आई

देशभर के कई हिस्सों में हो रही बारिश के चलते ट्रेनों की रफ्तार रोक दी है। इसके चलते मंगलवार को भोपाल आने वाली कई ट्रेनें प्रभावित हुई हैं। ट्रेन्स अपने निर्धारित समय से 20 मिनट से करीब 9 घंटे तक लेट आई। इसके चलते यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। पंजाब, दिल्ली व मुंबई रूट से आने वाली ट्रेनें सबसे अधिक प्रभावित हो रही है। उल्लेखनीय है कि भोपाल आने वाली ट्रेनें लगातार देरी आ रही हैं। पिछले तीन माह से यात्री ट्रेनों को लेटलतीफी से परेशान हैं। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों का कहना है कि ट्रेन दूसरे मंडलों में काम व बारिश की वजह से पहले से लेट आ रही है। भोपाल मंडल से संचालित होने वाली सभी ट्रेनें टाइम पर चल रही है।

**यह ट्रेनें आई देरी से**

- 01416 गोरखपुर- पुणे स्पेशल ट्रेन 8:53 घंटे लेट आई
- 01080 गोरखपुर-मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस 6:31 घंटे
- 01025 दादर सेंट्रल - बलिया स्पेशल 5.56 घंटे की देरी से आई
- 01079 मुंबई छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-गोरखपुर 5:31 घंटे की देरी से आई
- 12617 मंगला एक्सप्रेस 4.12 घंटे की देरी से आई
- 01415 पुणे-गोरखपुर स्पेशल ट्रेन 3:39 घंटे लेट आई
- 18234 नर्मदा एक्सप्रेस 2.08 घंटे की देरी से आई
- 11271 विंध्याचल एक्सप्रेस 1:56 घंटे लेट आई
- 01026 बलिया - दादर स्पेशल 1:37 घंटे की देरी से आई
- 11058 अमृतसर एक्सप्रेस 1.00 घंटे की देरी से आई
- 12137 पंजाब मेल 0:47 मिनट देरी से आई
- 14116 प्रयागराज - डा. अम्बेडकर नगर एक्सप्रेस 0:42 मिनट लेट आई
- 11071 कामायानी एक्सप्रेस 0.41 मिनट की देरी से आई
- 18237 छतीसगढ़ एक्सप्रेस 0.40 मिनट की देरी से आई
- 12138 पंजाब मेल 0:22 मिनट देरी से आई

**खबर संक्षेप**

### पासपोर्ट की फीस बढ़ने से पहले बड़ी संख्या में पहुंचे आवेदन

**भोपाल।** केंद्र सरकार ने 20 जून को पासपोर्ट की फीस में बढ़ोत्तरी करने की घोषणा की थी। इसके बाद विदेश मंत्रालय ने एक जुलाई से लागू कर दिया है। लेकिन फीस बढ़ोत्तरी की घोषणा के साथ ही भोपाल सहित प्रदेशवासियों द्वारा जून माह के अंतिम दस दिनों में बड़ी संख्या में आवेदकों ने विभाग की वेबसाइट पर जाकर पासपोर्ट के लिए आवेदन किया। इसके चलते एक माह तक के स्लॉट बुक हो गए। प्रदेश के कुछ पोस्ट आफिस पासपोर्ट सेवा केंद्र में अपॉइंटमेंट डेट अगस्त माह तक पहुंच गई है। वृद्धि की गई फीस से बचने के लिए आवेदकों का एक साथ आवेदन करना इसका मुख्य कारण माना जा रहा है। भोपाल क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय में छह-छह दिनों की वेटिंग देखने को मिल रही है। मंगलवार को पासपोर्ट कार्यालय में बड़ी संख्या में आवेदक पहुंचे।

### सिंगल यूज प्लास्टिक और सीएंडडी वेस्ट फेंकने वालों पर 79 प्रकरण बने

**भोपाल।** शहर में साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने और प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए नगर निगम का अभियान लगातार जारी है। मंगलवार को निगम के अमले ने विभिन्न जोन क्षेत्रों में कार्रवाई करते हुए गंदगी फैलाने, संपत्ति विरूपण, सीएंडडी वेस्ट सड़कों पर फेंकने और प्रतिबंधित पॉलीथीन के उपयोग के 79 मामलों में 21 हजार 300 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला। कार्रवाई के दौरान जोन-13 में 10 मामलों में 9,600 रुपए, जोन-14 में 40 मामलों में 4,400 रुपए, जोन-15 में 20 मामलों में 5,900 रुपए तथा जोन-16 में 9 मामलों में 1,400 रुपए का स्पॉट फाइन वसूला गया। चार जोन में 79 प्रकरणों में 21,300 रुपए की जुर्माना राशि वसूल की गई।

**ऐशबाग क्षेत्र के 600 मकानों को बचाने के लिए कलेक्टोरेट पहुंचे रहवासी**

# अभी हमारे घर न तोड़िए... भरी बारिश में हो जाएंगे बेघर, हमारी मदद कीजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ऐशबाग स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के करीब 600 मकानों को इस बार फिर तोड़ने की तैयारी शुरू कर दी गई है। इधर, रहवासियों ने बारिश के बीच इन मकानों को तोड़ने का विरोध शुरू कर दिया है। मंगलवार को कई लोग कलेक्टोरेट पहुंचे और कार्रवाई न करने की गुहार लगाई। मंगलवार को कलेक्टोरेट में जनसुनवाई के दौरान 178 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। रहवासियों ने कहा कि बारिश के मौसम में यहां रहने वाले छह सौ परिवारों के मकान तोड़ने के पहले उनकी वैकल्पिक व्यवस्था की जानी चाहिए। रहवासियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि जब तक हर एक रहवासी को रहने की पक्की जगह नहीं मिल जाती, तब तक हमारा यह शांतिपूर्ण और कानूनी संघर्ष जारी रहेगा। इस अवसर पर युवा कांग्रेस अध्यक्ष अमित खत्री, कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला मौजूद थे।

**जनसुनवाई के दौरान 178 लोगों ने दिया शिकायती आवेदन**

**रहवासियों ने वैकल्पिक व्यवस्था की रखी मांग**



कलेक्टोरेट में चल रही जनसुनवाई में गुहार लगाते हुए ऐशबाग क्षेत्र के रहवासी।

### पत्नी की निगरानी के लिए घर में लगवाए सीसीटीवी

छत्रसाल नगर फेस-2 निवासी महिला ने शिकायत में बताया कि उसके पति की महीने में पांच लाख रुपए से अधिक आमदनी है। पति मुझे खर्च के लिए रुपए भी नहीं देता है। उसने निगरानी के लिए घर में कैमरे लगवा दिए हैं। उसे बच्चेदानी का इलाज कराना है, लेकिन पति के रुपए नहीं देने से इलाज नहीं हो पा रहा है। मामले की जांच जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील सोलंकी को सौंपी गई है।

### सरकारी योजनाओं का प्रचार कठपुतली से कराने की मांग

कठपुतली कलाकार घनश्याम भट्ट ने कलेक्टर प्रियंक मिश्रा को आवेदन देते हुए कहा कि वर्तमान में कठपुतली की कला विलुप्त होती जा रही है।उन्होंने सरकारी योजनाओं के प्रचार के लिए कठपुतली और नुक्कड़ नाटक का काम सौंपने की मांग रखी है। भट्ट का कहना है कि नुक्कड़ नाटक और कठपुतली के खेल से शासन की योजनाओं का प्रचार प्रभावी तरीके से किया जा सकता है।

## जवाहर चौक में दो जर्जर ब्लॉक जेसीबी से ढहाए पांच आवास कराए खाली

नगर निगम के अतिक्रमण अमले ने मंगलवार को जवाहर चौक स्थित सुनेहरी बाग में पास बने पांच जर्जर आवासों को खाली करवाकर जेसीबी से तोडने की कार्रवाई की। इसके अलावा पांच जर्जर मकान खाली करवाए गए। निगम ने सभी वार्ड क्षेत्रों में जर्जर भवनों को चिन्हित करने के लिए करवाए गए सर्वे में 3435 अति जर्जर आवास चिन्हित किए हैं, जबकि 2184 भवन स्वामियों को नोटिस जारी कर भवन के जर्जर भागों की मरम्मत अथवा उन्हें हटाने के निर्देश दिए हैं। नगर निगम और जिला प्रशासन का अमला सुबह जवाहर चौक के पास स्थित आवासों को खाली करवाने और तोडने की कार्रवाई के लिए पहुंचा। इस दौरान निगम के अमले ने आवासों में अवैध रूप से रह रहे परिवारों को हटाया और सामान खाली करवा। उसके बाद कार्रवाई को अंजाम दिया।



जर्जर घर ढहाती जेसीबी।

## सड़क, नाली, स्ट्रीट लाइट, पानी सप्लाई में दिक्कत, तो गुरुवार को आएं कलेक्टोरेट

राजधानी सहित जिले में अवैध कॉलोनियों की बढ़ती तादाद और इन कॉलोनियों में रहने वाले लोगों की समस्याओं को निपटाने पहली बार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने पहल की है। जिसके तहत गुरुवार 9 जुलाई को सुबह 11 बजे से कलेक्टोरेट में जनसुनवाई रखी गई है, जिसमें सिर्फ कॉलोनियों से जुड़ी समस्याओं को ही सुना जाएगा। कॉलोनी वैध हो या अवैध, सड़क, बिजली, नाली, स्ट्रीट लाइट, पानी सप्लाई समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं नहीं मिल रही हैं, तो आप शिकायत कर सकते हैं।

जिले में पहली बार कलेक्टर प्रियंक मिश्रा कॉलोनियों से जुड़ी समस्याओं को लेकर जनसुनवाई करेंगे। इस सुनवाई में शहरी क्षेत्र सहित ग्रामीण क्षेत्र के भी लोग शिकायत पेश कर सकते हैं। जिसके लिए उन्हें आवेदन और जरूरी दस्तावेज पेश करना होंगे। रहवासियों की शिकायत के आधार पर एसडीएम और नगर निगम के अफसर मौके पर ही निराकरण करेंगे। जिन समस्याओं का निपटाने में अधिक समय लगेगा, उन्हें प्लॉन बनाकर निपटाया जाएगा।

### इन शिकायतों का निकलेगा हल



कलेक्टोरेट में जनसुनवाई करते कलेक्टर प्रियंक मिश्रा।

जनसुनवाई में कॉलोनियों की मान्यता, नियमितीकरण, सड़क, नालियां, जल आपूर्ति, स्ट्रीट लाइट और अन्य बुनियादी समस्याएं शामिल हैं। इसके साथ कॉलोनियों की जमीन, रिकार्ड, साझी जमीन, पार्क, सामुदायिक भवन संबंधित विवाद और कॉलोनियों से जुड़ी अन्य समस्याओं को लेकर शिकायत पेश की जा सकती है।

**फायर सेफ्टी पर एक्शन मोड में निगम**

## कोचिंग संचालकों, हाईराइज भवन स्वामियों को अफसरों की दो टूक... कहा-समय रहते खामियां दूर कर लें

**शपथ पत्र दें कि कमियां कब तक दूर करेंगे, 15 दिन की मोहलत, उसके बाद कोई कंप्रोमाइज नहीं**

**बोले-आवासीय भवन में कोचिंग ठीक नहीं, बिल्डिंग बदलें, खामी नहीं चलेगी, 20 नियमों का पालन जरूरी**



निगम मुख्यालय में अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ और उपायुक्त भुवन गुप्ता की मौजूदगी में कोचिंग संचालकों एवं हाईराइज भवन स्वामियों की बैठक आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश में हाल के कोचिंग हादसों के बाद भोपाल नगर निगम अब फायर सेफ्टी को लेकर पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। नगर निगम ने साफ कर दिया है कि कोचिंग संस्थानों और हाईराइज भवनों में सुरक्षा मानकों से किसी भी तरह का समझौता मंजूर होगा। जिन संस्थानों में खामियां हैं, उन्हें 15 दिन का समय दिया गया है। इसके बाद भी नियमों का पालन नहीं हुआ तो संबंधित कोचिंग सेंटर को बंद करने की कार्रवाई की जाएगी।

मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ और उपायुक्त भुवन गुप्ता की मौजूदगी में कोचिंग संचालकों एवं हाईराइज भवन स्वामियों की बैठक हुई। अधिकारियों ने साफ शब्दों में कहा कि बच्चों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है और फायर सेफ्टी नियमों की अनदेखी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपर आयुक्त तन्मय वशिष्ठ ने कहा कि कई कोचिंग संस्थानों में फायर एग्जिट, ऑटोमैटिक डिटेक्शन सिस्टम और अन्य जरूरी व्यवस्थाएं नहीं हैं। ऐसी स्थिति में किसी भी आपातकालीन घटना के दौरान विद्यार्थियों की जान जोखिम में पड़ सकती है। उन्होंने संचालकों से कहा कि जो भी कमियां हैं, उन्हें निर्धारित समय में दूर करें, अन्यथा निगम को सख्त कार्रवाई करनी पड़ेगी।

### एमपी नगर की पुरानी इमारतें चिंता का विषय

उपायुक्त भुवन गुप्ता ने कहा कि एमपी नगर शहर का सबसे बड़ा कोचिंग हब है, जहां बड़ी संख्या में पुराने और रिहायशी भवनों में कोचिंग संचालित हो रही हैं। इनमें से कई भवन मूल रूप से शैक्षणिक गतिविधियों के लिए निर्मित नहीं हैं। ऐसे सभी संस्थानों को फायर सेफ्टी प्लान तैयार कर नगर निगम में जमा करना होगा, जिसके बाद इंजीनियरों की टीम मौके पर जाकर निरीक्षण करेगी। अपर आयुक्त ने यह भी साफ किया कि यदि कोई भवन सुरक्षा मानकों के अनुरूप नहीं है तो वहां कोचिंग संचालन की अनुमति नहीं दी जाएगी। जरूरत पड़ने पर संचालकों को अपना संस्थान दूसरी सुरक्षित इमारत में स्थानांतरित करना होगा।

**शपथ पत्र देना होगा, समय सीमा भी बतानी होगी**

नगर निगम ने सभी नोटिस प्राप्त संस्थानों को 200 रुपए के न्यायिक स्टांप पर शपथ पत्र देने के निर्देश दिए हैं। इसमें संचालकों को यह लिखकर देना होगा कि उनके यहां कौन-कौन सी कमियां हैं और उन्हें किस समय सीमा में दूर किया जाएगा। अग्निशमन उपकरणों की स्थापना के लिए 30 दिन से अधिक का समय नहीं दिया जाएगा।

### 20 से अधिक सुरक्षा मानकों का पालन जरूरी

अधिकारियों ने भवनों में फिक्स फायर फाइटिंग सिस्टम, 10 हजार लीटर पानी की व्यवस्था, दो इमरजेंसी एग्जिट, ऑटोमैटिक फायर डिटेक्शन सिस्टम, बेसमेंट में स्प्रिंकलर, इमरजेंसी साइन, वेंटिलेशन, फायर पंप, फायर ऑडिट और सेफ्टी सर्टिफिकेट सहित करीब 20 अनिवार्य सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### यह भी होगा जरूरी, 8 संस्थान हो चुके हैं सील

प्रत्येक तीन माह में मॉक ड्रिल, कर्मचारियों और सुरक्षा गार्डों को फायर फाइटिंग उपकरण का प्रशिक्षण देना तथा 300 से अधिक क्षमता के संस्थानों में सुरक्षा इंतजाम करना होगा। नगर निगम अब तक 8 कोचिंग संस्थानों को सील कर चुका है। जिन संस्थानों में समय सीमा के बाद भी खामियां मिलेंगी, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**दिनभर इस रास्ते से गुजरते हैं ट्रक, डंपर, स्कूल बसें और वैन**

**कटारा हिल्स से रायसेन रोड को जोड़ने वाला सड़क का मामला**

# स्लिप जोन बना कटारा हिल्स रोड: पांच डंपर मिट्टी सड़क पर डालकर छोड़ी, 10 दिन में गिरे 100 से ज्यादा वाहन चालक, राहगीर भी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स से रायसेन रोड को जोड़ने वाला सड़क पिछले 10 दिनों से हादसों का कारण बनती जा रही है। सड़क किनारे डाली गई पांच डंपर पीली मिट्टी लगातार बारिश के कारण बहकर सड़क के बीच तक फैल गई है। इससे पूरी सड़क फिसलन भरी हो गई है और वाहन चालकों के लिए हर दिन खतरा बढ़ता जा रहा है।

**सड़क पर डाली मिट्टी से बढ़ी फिसलन लगातार हो रहे हादसे**

**अब तक जिम्मेदार विभाग ने सड़क से नहीं हटाई मिट्टी**

### रहवासी बोले...सबसे ज्यादा परेशानी रात में



सड़क पर डाली मिट्टी से हो रहे हादसे।

सबसे ज्यादा परेशानी रात के समय होती है, अंधेरे में सड़क पर फैली मिट्टी दिखाई नहीं देती, जिससे दोपहिया और चारपहिया वाहन अचानक फिसल जाते हैं। रोजाना रात में करीब 12 से 15 वाहन स्लिप हो रहे हैं। दोपहिया चालक सबसे अधिक प्रभावित हैं। कई लोग गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन अब तक जिम्मेदार विभाग ने सड़क से मिट्टी हटाने या फिसलन रोकने के लिए कोई कदम नहीं उठाया है। यह सड़क कटारा हिल्स और रायसेन रोड को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है। दिनभर इस रास्ते से सैकड़ों वाहन , ट्रक, डंपर, स्कूल बसें, वैन और अन्य छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क पर फैली मिट्टी और अधिक फैल रही है, जिससे हादसों का खतरा लगातार बढ़ रहा है।

### संबंधित अधिकारियों को दी जानकारी

अरविंद श्रीवास्तव का कहना है कि सड़क की खराब स्थिति की जानकारी कई बार संबंधित अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। न तो सड़क की सफाई कराई गई और न ही वाहन चालकों को सतर्क करने के लिए चेतावनी बोर्ड लगाए गए हैं। एक अन्य रहवासी रुपेश चौहान का कहना है कि बारिश के चलते हर दिन हालात और खराब होते जा रहे हैं। इस संबंध में जानकारी के लिए नगर निगम के अधिकारियों को मोबाइल से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन कॉल अटैंड नहीं हुए। क्षेत्रीय पार्षद रुमा वीरेंद्र राजपूत का भी मोबाइल स्विच ऑफ था।

# वार्ड 13 गीतांजलि वार्ड में आने वाले मोहल्ले और कॉलोनियों के लोग मेट्रो निर्माण कार्यों से परेशान, कीचड़-जलभराव और फिसलन भरे रास्तों से कर रहे आवाजाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के गीतांजलि वार्ड-13 में आने वाले मोहल्लों और कॉलोनियों के लोगों की बारिश के चलते आवाजाही मुश्किल भरी हो गई है। कारण काजी कैंप से करोंद तक चल रहे निर्माण कार्य हैं। वार्ड में आने वाली अधिकांश कॉलोनियों टीला जमालपुरा, कृष्णा कॉलोनी, गौतम नगर, निशातपुरा, बैरसिया रोड, ग्रीन पार्क कॉलोनी, फिरदौस नगर, संत कंवर राम कॉलोनी, सुल्तानिया इंफेंट्री जैसे क्षेत्रों का जुड़ाव मुख्य सड़क है। जहां मेट्रो निर्माण के चलते कीचड़, फिसलन, गड्ढे और जलभराव के बीच से लोगों को आवाजाही करना पड़ रही है। जबकि वार्ड में अधिकांश सड़कें बन चुकी हैं। हाल ही में बनी नई सड़कों पर गडढों होने से लोगों की चिंता बढ़ रही है। समय पर पेंचवर्क हो जाए तो रोड खराब होने से बच सकती है।

## आज आईएनएच न्यूज चैनल व हरिभूमि की टीम आपके वार्ड में

वार्ड परिक्रमा
मेरा वार्ड मेरी बात 2026

वार्ड 13 में मेट्रो निर्माण के चलते कीचड़, फिसलन, गड्ढे और जलभराव के बीच से लोगों को आवाजाही करना पड़ रही है...

रहवासी बोले- जहां नई सड़कें बनीं वहां हो रहे गड्ढे, समय पर पेंचवर्क हो

जनप्रतिनिधि का तर्क- वार्ड में सभी सड़कें बन गई हैं, जहां दिक्कत है वहां पेंचवर्क होगा



### निर्माण कार्यों के चलते रोड पर कीचड़ और जलभराव

आरिफ नगर से गीतांजलि कॉलेज को जोड़ने वाले रोड पर कीचड़ और जलभराव है। परिसर में स्कूल भी है। ऐसे रास्ते के बीच से विद्यार्थी स्कूल पहुंचते हैं। मेट्रो और कम्युनिटी हाल निर्माण कार्य के चलते रोड पूरी तरह से खत्म हो गया।

### कचरा उठाने में लापरवाही



टीला जमालपुरा, गीतांजलि कॉलेज गेट के पास व अन्य मोहल्लों में सुबह झाड़ू तो नियमित लग रही है, लेकिन सफाई कर्मचारी कचरे का एक जगह ढेर लगा देते हैं, जिसे समय पर नहीं उठाया जाता। बारिश होने पर इससे दुर्गंध फैलती है। लोगों का कहना है कि कचरे का ढेर तत्काल निगम के वाहनों से उठवाया जाए।

### क्या कहते हैं रहवासी

#### निगम प्रशासन मेट्रो प्रशासन को समस्या से कराएं अवगत



वार्ड की मुख्य सड़क सीसी बनने से एक बड़ी समस्या से लोगों को निजात मिली है, लेकिन वार्ड के लोगों की एक सबसे बड़ी मुसीबत मेट्रो निर्माण कार्य है। इसके कारण एक बड़ी आबादी को रोज जाम में फंसना पड़ रहा है। कीचड़, गड्ढों के बीच से आवाजाही कर रहे हैं। लोगों को हो रही दिक्कत हो लेकर निगम प्रशासन द्वारा मेट्रो प्रशासन को अवगत कराना चाहिए।

**नसीम कुरैशी**, रहवासी, गीतांजलि वार्ड

#### बार-बार पाइप लाइन फूटती है, लोग होते हैं परेशान



वार्ड में तो कोई समस्या नहीं है, लेकिन मुख्य मार्ग पर आए दिन पाइप लाइन फूटने से जल प्रदाय व्यवस्था ही पूरी तरह से ठप हो जाती है। दो से तीन दिन तक लोगों को पानी नहीं मिलता। सड़कें सब ठीक बनी हैं, लेकिन मेन रोड पर मेट्रो निर्माण कार्य से दिक्कत हो रही है। रास्ता छोटा किया गया है, लेकिन व्यवस्थित नहीं किया।

**मोहम्मद जुबेर**, टीला जमालपुरा

#### नई सड़क बनी है, लेकिन बारिश से उखड़ रही है



टीला जमालपुरा में नई सड़क बनी है, लेकिन बारिश से कई जगह गडढे होना शुरू हो गए हैं। समय रहते पेंचवर्क होना चाहिए ताकि रोड को खराब होने से बचाया जा सके। बाजार में बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

**रुपेश अहिरवार**, टीला जमालपुरा

---

## बिना पंजीयन या निर्धारित तिथि से पहले पहुंच गए तो नहीं मिलेगी एंट्री

अब माता वैष्णोदेवी के दर्शन के लिए पहुंच रहे श्रद्धालु

# भोपाल के 300 लोगों ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बाबा बर्फानी के दर्शनों के लिए अच्छी खासी भीड़ उमड़ रही है। आलम यह है कि बिना पंजीयन या निर्धारित तिथि से पहले पहुंचने श्रद्धालुओं को एंट्री नहीं मिल रही। हालांकि इस बीच राजधानी भोपाल के करीबन 300 से अधिक श्रद्धालु बाबा बर्फानी के दर्शन कर चुके हैं, बाकी पंजीयन न होने से श्रद्धालु निराश हैं। दरअसल बाबा बर्फानी के दर्शन करने अमरनाथ पहुंच रहे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते बड़ी पहले से पंजीयन कराए बिना जम्मू पहुंचने वाले श्रद्धालुओं का निराशा का सामना करना पड़ रहा है। यात्रा के लिए मौके पर ही पंजीयन कराने के लिए उन्हें लंबे इंतजार के बाद या तो निराशा हाथ लग रही है या फिर आठ-दस दिन बाद की तारीख मिल रही है। ऊं शिव शक्ति सेवा मंडल के सचिव रिंकू भटेजा ने बताया कि राजधानी भोपाल से करीबन 500 लोग पहुंच चुके हैं, इनमें से बड़ी संख्या में लोगों ने बाबा के दर्शन कर लिए हैं, जो अब माता वैष्णो देवी के दर्शन करने पहुंच गए हैं।



### आठ दिन बाद की मिल रही तारीख

*भारी भीड़ होने के चलते बड़ी संख्या में श्रद्धालु मजबूर वापस लौट रहे हैं। क्योंकि अमरनाथ यात्रा श्राइन बोर्ड भारी भीड़ के चलते उन्हें निर्धारित तिथि से पहले न तो एंट्री दे रहा है और और न ही पहलगाम और बालटाल बेस कैंप में घुसने की अनुमति। ऐसे में जिन्हें आठ दिन बाद की तारीख मिल रही है, उन्हें मजबूरन बिना दर्शन किए ही लौटना पड़ रहा है।*

### बिना पंजीयन के प्रवेश नहीं

हर साल यात्रा पर जाने वाले शहर के श्रद्धालुओं के समूह से जुड़े सदस्यों के मुताबिक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए श्राइन बोर्ड ने श्रद्धालुओं से स्पष्ट कह दिया है कि उन्हें यात्रा के लिए पहले जो तारीख दी गई है, वे उसी तारीख पर आकर अपनी रिपोर्टिंग करें। इससे पहले उन्हें किसी भी तरह से प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### संख्या घटाकर 15 से 10 हजार

यात्रा के दोनों मार्ग पहलगाम और बालटाल पर पहले रोजाना पंद्रह हजार श्रद्धालुओं का काफिला दर्शन के लिए छोड़ा जा रहा था, लेकिन भीड़ के चलते संख्या घटाकर दस हजार कर दी गई है। यात्रा पर गए श्रद्धालुओं के अनुसार करीब 35 हजार लोगों की भीड़ ऑन स्पॉट रजिस्ट्रेशन के लिए कतार में है। दो दिन पहले करीब 20 लोग पहुंचे थे।

### पांचवे दिन ही अंतर्ध्यान हो गए बाबा बर्फानी



अमरनाथ श्रद्धालुओं के अनुसार बाबा बर्फानी सिर्फ 5 दिनों में ही अंतर्ध्यान हो गए हैं, जिससे यात्रा पर आए श्रद्धालुओं में निराशा है। राजधानी से अमरनाथ यात्रा पर गए श्रद्धालुओं के अनुसार इस यात्रा में हर साल अमरनाथ गुफा में बर्फ से बनने वाला प्राकृतिक शिवलिंग मौसम और तापमान के अनुसार आकार लेता है और समय के साथ धीरे-धीरे पिघलता है, इससे श्रद्धालुओं में निराशा छा गई। उन्होंने कहा कि 57 दिन चलने वाली इस बार जल्द ही समाप्त हो जाएगी, किसी को अंदेशा भी नहीं था।

---

## यात्रा में 200 किलो खाजा, 200 किलो हलवा, 5 हजार से अधिक केले प्रसाद के रूप में होंगे वितरित

# भगवान जगन्नाथ रथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर... रथ को संवारने का काम जारी

भोपाल। राजधानी में भगवान जगन्नाथ यात्रा की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। रथों को संवारने का काम किया जा रहा है। शहर में उत्कल समाज के जवाहर चौक स्थित जगन्नाथ मंदिर, मानस भवन श्यामला हिल्स, शांति नगर बैरसिया, कमला पार्क स्थित जगदीश मंदिर और कान्हा कुंज कोलार से भी रथ यात्राएं निकाली जाएंगी। कमला पार्क की यात्रा खटलापुरा पहुंचेगी, जहां रात्रि विश्राम के बाद अगले दिन वापसी होगी।

*16 से 24 जुलाई के बीच भगवान जगन्नाथ रथ यात्राएं*

### 16 जुलाई से प्रारंभ होंगी यात्राएं



शहर में 16 से 24 जुलाई के बीच भगवान जगन्नाथ रथ यात्राएं निकाली जाएंगी। इनमें श्रीनाथजी मंदिर, लखेरापुरा और मार्कण्डेय मंदिर, चौबदारपुरा की रथ यात्राएं मंदिर परिसर तक सीमित रहेंगी। जबकि अन्य यात्राएं नगर भ्रमण करेंगी। इस बार सबसे बड़ा आकर्षण इस्कॉन की तीन रथ यात्राएं होंगी। इनके रथ हाइड्रोलिक रिमोट कंट्रोल्ड होंगे, जिन्हें रास्ते में बिजली के तारों के अनुसार ऊंचा-नीचा किया जा सकेगा।

### 18 और 19 को इस्कॉन की निकलेगी यात्रा विदेशी भक्त भी होंगे शामिल

- *18 जुलाई को पटेल नगर इस्कॉन की रथयात्रा भोपाल टॉकीज चौराहा से प्लेटिनम प्लाजा, टीटी नगर तक जाएगी। संस्था के प्रमुख स्वामी अच्युदानंद दास ने बताया कि 26 फीट ऊंचे, 16 फीट चौड़े और 23 फीट लंबे रथ में भगवान जगन्नाथ, सुभद्रा और बलभद्र विराजेंगे। यात्रा में संकीर्तन मंडलियां, कुछ विदेशी भक्त भी होंगे।*
- *19 जुलाई को कोलार स्थित इस्कॉन राधा गोविंद मंदिर से रथयात्रा सर्वधर्म चौराहा तक जाएगी। संस्था प्रमुख स्वामी रसानंद ने बताया कि हजारों श्रद्धालु रस्सियों के सहारे रथ खीचेंगे। इस यात्रा में 200 किलो खाजा, 200 किलो हलवा, 5 हजार से अधिक केले प्रसाद के रूप में वितरित किए जाएंगे। इस्कॉन के भक्त ड्रेस कोड में रहेंगे। 24 जुलाई को संत हिरदाराम नगर में राधा-कृष्ण मंदिर से इस्कान सेंटर तक तीसरी रथयात्रा निकलेगी।*

---

## राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी किए पुनः परीक्षा के परिणाम

# 5वीं में 80 फीसदी, 8वीं में 74 फीसदी से अधिक विद्यार्थी उत्तीर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश राज्य शिक्षा केन्द्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने मंगलवार को कक्षा 5वीं व 8वीं की पुनः परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिए। विद्यार्थी व अभिभावक राज्य शिक्षा केन्द्र के परीक्षा पोर्टल पर परिणाम देख सकते हैं। शैक्षणिक सत्र 2025-26 की पुनः परीक्षा में कक्षा 5वीं में 80.42 एवं कक्षा 8वीं में 74.16 प्रतिशत परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। वहीं, मुख्य वार्षिक परीक्षा और पुनः परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों की संख्या को मिलाकर इस सत्र में कक्षा 5वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98.89 एवं कक्षा 8वीं का कुल परीक्षा परिणाम 98.19 प्रतिशत रहा है। राज्य शिक्षा केन्द्र के अपर संचालक डॉ. अरूण सिंह ने बताया कि विद्यार्थी, अभिभावक एवं शिक्षकगण उक्त परिणामों को राज्य शिक्षा केन्द्र पर अपना रोल नम्बर डालकर देख सकते हैं। साथ ही शिक्षक, संस्था प्रमुख भी अपनी शाला का विद्यार्थीवार परिणाम इसी पोर्टल पर देख सकते हैं।

### ऑनलाइन प्रविष्टि पोर्टल पर दर्ज

*गौरतलब है कि राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 16 से 23 जून के बीच कक्षा 5वीं व 8वीं की पुनः परीक्षाओं का आयोजन किया गया था। इसमें प्रदेश की शासकीय, अशासकीय शालाओं एवं पंजीकृत मदरसों के कक्षा 5वीं के 71,548 तथा कक्षा 8वीं के 76, 274 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे। इन विद्यार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए प्रदेश में कुल 322 केन्द्र बनाए गए थे। 17, 000 से अधिक मूल्यांकनकर्ताओं के द्वारा अंकों की ऑनलाइन प्रविष्टि पोर्टल पर दर्ज की गई थी।*

### 5वीं में शामिल हुए थे 46, 665 विद्यार्थी

*वहीं कक्षा पांचवीं में शासकीय स्कूलों के कुल 46, 665 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए थे, जिनमें 36, 217 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। मदरसा में 581 में से 352 विद्यार्थी पास हुए हैं, तो वहीं अशासकीय स्कूलों के 24, 302 विद्यार्थियों में से 20, 971 विद्यार्थी परीक्षा में पास हुए हैं। इसी प्रकार कक्षा 8वीं में शासकीय स्कूलों के कुल 56,738 विद्यार्थियों में से 40, 315 उत्तीर्ण हुए हैं।*

---

# इनर व्हील क्लब ने बीएमएचआरसी को भेंट किए डायलाइजर, आरओ वाटर प्यूरीफायर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल एवं इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल ईस्ट ने संयुक्त रूप से बीएमएचआरसी के डायलिसिस वार्ड के लिए 10 डायलाइजर किट तथा एक आरओ वाटर प्यूरीफायर भेंट किया। यह सामग्री मंगलवार को आयोजित बीएमएचआरसी को सौंपी गई। इस अवसर पर बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने इनर व्हील क्लब के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच इस प्रकार की सहभागिता मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि डायलिसिस जैसी जीवनरक्षक सेवाओं में उपलब्ध संसाधनों का विस्तार मरीजों के उपचार को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक होता है। कार्यक्रम में इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल ईस्ट की अध्यक्ष राजकुमारी गौर, इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल की अध्यक्ष रेणुका चौधरी तथा इनर व्हील क्लब ऑफ भोपाल की सचिव अर्चना रस्तोगी, पूर्व अध्यक्ष शशि शुक्ला एवं कार्यकारी सदस्य नूतन श्रीवास्तव व क्लब के अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के जरूरतमंद मरीजों की सहायता करना संस्था की प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डायलिसिस वार्ड को उपलब्ध कराई गई सामग्री से मरीजों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी तथा भविष्य में भी क्लब जनहित एवं स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े ऐसे कार्यों में सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम में बीएमएचआरसी के चिकित्सक, अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

---

## खबर संक्षेप

### 'स्किन रीबूट लाइव 2026' हैंड्स-ऑन 14 को




**भोपाल।** एम्स भोपाल का बर्न्स एवं प्लास्टिक सर्जरी विभाग 14 जुलाई को विश्व प्लास्टिक सर्जरी दिवस के अवसर पर 'स्किन रीबूट लाइव 2026' नामक एक दिवसीय हैंड्स-ऑन कार्यशाला आयोजित करेगा। कार्यशाला में बोटॉक्स, थ्रेड्स तथा स्किन एवं हेयर बूस्टर्स जैसी आधुनिक मिनिमली इनवेसिव एस्थेटिक प्रक्रियाओं पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान, लाइव डेमोंस्ट्रेशन और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य साक्ष्य-आधारित एस्थेटिक चिकित्सा को बढ़ावा देना, शैक्षणिक संवाद को प्रोत्साहित करना तथा प्रतिभागियों के व्यावहारिक कौशल को सुदृढ़ करना है। यह आयोजन मध्य भारत में उन्नत प्लास्टिक एवं एस्थेटिक सर्जरी प्रशिक्षण को बढ़ावा देने तथा एम्स भोपाल की शैक्षणिक उत्कृष्टता और नवाचार के प्रति प्रतिबद्धता को सशक्त करेगा।

### डीआरएम ऑफिस में लगी हिंदी कार्यशाला

**भोपाल।** भोपाल मंडल में अपर मंडल रेल प्रबंधक एवं अपर मुख्य राजभाषा अधिकारी अभिराम खरे के मार्गदर्शन में राजभाषा विभाग द्वारा 6-7 जुलाई तक दो दिवसीय हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मंडल के विभिन्न विभागों के 20 कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला का उद्देश्य कर्मचारियों को राजभाषा संबंधी नियमों, अधिनियमों एवं पुरस्कार योजनाओं की जानकारी प्रदान करना तथा कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के प्रभावी एवं व्यावहारिक उपयोग को बढ़ावा देना था।

---

## मुसाफिरों को मिलेगा यात्रा का सीधा लाभ

# लक्ष्मीबाई, प्रयागराज स्पेशल सहित 3 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे ने यात्रियों की सुविधा व मांग को देखते हुए 3 जोड़ी स्पेशल ट्रेनों के फेरे बढ़ाए हैं। भोपाल रेल मंडल के अधिकारियों के अनुसार यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ एवं यात्रा मांग को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा भोपाल मंडल होकर संचालित विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों के अतिरिक्त फेरों का संचालन किया जा रहा है।

इस निर्णय से पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल के गुना, शिवपुरी, बीना, रानी कमलापति, इटारसी एवं आसपास के क्षेत्रों के यात्रियों को इन विशेष रेलगाड़ियों की अतिरिक्त सुविधा का लाभ मिलेगा। जानकारी के अनुसार गाड़ी संख्या 02199 वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी- बांद्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी एवं गाड़ी संख्या 02200 बांद्रा टर्मिनस-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी विशेष गाड़ी का संचालन 16 जुलाई से 29 अगस्त तक 7-7 अतिरिक्त फेरों के साथ किया जाएगा। इसी तरह गाड़ी संख्या 04155 सूबेदारगंज-उधना विशेष गाड़ी एवं गाड़ी संख्या 04156 उधना-सूबेदारगंज विशेष गाड़ी का संचालन 16 जुलाई से 1 सितम्बर तक 14-14 अतिरिक्त फेरों के साथ किया जाएगा। तो वहीं गाड़ी संख्या 04105 प्रयागराज-उधना विशेष गाड़ी एवं गाड़ी संख्या 04106 उधना-प्रयागराज विशेष गाड़ी का संचालन 2 से 31 अगस्त तक 9-9 अतिरिक्त फेरों के साथ किया जाएगा।

---

## नूतन कॉलेज में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल।** राजधानी स्थित नूतन कॉलेज में मंगलवार तक चार दिनों तक दीक्षारंभ के तहत ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 2, 3, 4 और 6 जुलाई तक आयोजित कार्यक्रम और मेंटल हेल्थ एंड वेलनेस विषय पर डॉ. सुधीर कोचर द्वारा संवादात्मक सत्र आयोजित किया गया। कॉलेज में नवप्रवेशित छात्राओं के स्वागत, मार्गदर्शन एवं सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से दीक्षारंभ के तहत चार दिवसीय प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र बिहारी गोस्वामी ने किया। प्राचार्य डॉ. गोस्वामी ने छात्राओं का महाविद्यालय परिवार में स्वागत करते हुए अनुशासन, नियमित अध्ययन, नैतिक मूल्यों, व्यक्तित्व विकास तथा उच्च शिक्षा के माध्यम से उज्ज्वल भविष्य के निर्माण का संदेश दिया।

---

# आयुर्वेदीय औषधि सतर्कता जागरुकता प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंडित खुशीकाल शर्मा आयुर्वेद संस्थान के परिकेशन फार्मका विजिलेंस केंद्र द्वारा मंगलवार को राधारमण आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय रातीबड़ में आयुर्वेदीय औषधी सतर्कता जागरूकता प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुर्वेदीय औषधि सतर्कता जागरूकता प्रशिक्षण में वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ प्रवीण रघुवंशी, व्याख्याता अमन मेहरा, डॉ गोविंद गोयल शामिल हुए। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आयुवेर्दीय औषधी की जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ आके यति ने आयुवेर्दीय औषधियों के गुणवत्ता एवं सुरक्षित प्रयोग तथा फार्मको विनिकैंस की उपयोगिता तथा महत्व के बारे में जानकारी दी। डॉ प्रेरणा शर्मा, जेआर एफ ने एडीआर रिपर्ट के बारे में सभी प्रशिक्षकों को विस्तार से बताया।

---

## प्रश्नपत्र चोरी मामले के विरोध में एबीवीपी ने किया जोरदार प्रदर्शन

# आरजीपीवी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का प्रदर्शन, परीक्षा नियंत्रक को दायित्वों से किया मुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) ने राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (आरजीपीवी) में जमकर प्रदर्शन किया। विवि में हाल ही में सामने आए प्रश्नपत्र चोरी प्रकरण के विरोध में करीब 5 घंटे तक लगातार प्रदर्शन किया गया। परिषद ने इस पूरे मामले में दोषियों के विरुद्ध कठोर, निष्पक्ष एवं समयबद्ध कार्रवाई की मांग को लेकर विवि प्रशासन को ज्ञापन सौंपा। विद्यार्थी परिषद के आंदोलन के बाद विवि प्रशासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए परीक्षा नियंत्रक को उनके सभी दायित्वों से तत्काल प्रभाव से मुक्त कर दिया। साथ ही परीक्षा कार्य से जुड़े संबंधित संविदा (कॉन्ट्रैक्ट) संकाय सदस्य एवं अन्य संबंधित अधिकारियों की भूमिका की विभागीय जांच शुरू करने का निर्णय लिया है। अभाविप ने कहा कि प्रश्नपत्र चोरी जैसी घटना केवल आपराधिक मामला नहीं, बल्कि विवि की प्रशासनिक जवाबदेही का भी गंभीर विषय है। परिषद ने मांग की कि जिन अधिकारियों की प्रथम दृष्टया प्रशासनिक लापरवाही सामने आई है, उन्हें तत्काल निलंबित किया जाए, ताकि पुलिस एवं अन्य सक्षम एजेंसियों द्वारा की जा रही जांच पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र वातावरण में संपन्न हो सके।



### भविष्य के साथ सीधा खिलवाड़: आरती ठाकुर

*अभाविप ने कहा कि आरजीपीवी प्रदेश का एकमात्र तकनीकी विवि है, जहां लाखों विद्यार्थियों का भविष्य जुड़ा हुआ है। ऐसे गंभीर घटनाक्रम प्रदेश की तकनीकी शिक्षा व्यवस्था की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाते हैं। इसलिए इस प्रकरण में किसी भी स्तर पर लापरवाही अथवा दोषियों को संरक्षण देना स्वीकार्य नहीं होगा। अभाविप भोपाल महानगर मंत्री आरती ठाकुर ने कहा, आरजीपीवी में प्रश्नपत्र चोरी जैसी घटना लाखों विद्यार्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ है। विद्यार्थी परिषद का यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष के विरुद्ध नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा के लिए है। विवि प्रशासन द्वारा परीक्षा नियंत्रक को दायित्वों से मुक्त करना हमारी मांगों की दिशा में पहला कदम है, लेकिन जब तक इस पूरे प्रकरण में दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों का निलंबन, निष्पक्ष जांच तथा कठोर विभागीय और विधिक कार्रवाई सुनिश्चित नहीं होती, तब तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का संघर्ष चरणबद्ध रूप से जारी रहेगा। विद्यार्थी हितों से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा।*

---

## महापौर ने किया शुभारंभ, बोलीं- लगाएं अधिक पेड़

# थ्री ईएमई सेंटर में एक पेड़ मां के नाम' अभियान, रोपे जाएंगे 6 हजार पौधे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पर्यावरण संरक्षण और हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत मंगलवार को संत हिरदाराम नगर स्थित 3-ईएमई सेंटर में पौधरोपण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। महापौर मालती राय ने पौधरोपण कर अभियान की शुरुआत की। इस अभियान के तहत सैन्य क्षेत्र में 6 हजार पौधे लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति यदि पौधरोपण को जनआंदोलन बनाए, तो शहर और प्रदेश दोनों अधिक हरे-भरे बन सकते हैं। महापौर ने भारतीय सेना की सराहना करते हुए कहा कि सैनिक केवल देश की सीमाओं की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आपदा राहत, आंतरिक सुरक्षा, शिक्षा, खेल, स्वास्थ्य और पर्यावरण संरक्षण जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। उन्होंने सेना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के लिए उनकी सेवाएं प्रेरणादायी हैं। इस अवसर पर उपायुक्त हीरेंद्र सिंह कुशवाह, ब्रिगेडियर सिद्धार्थ मलिक, कर्नल गुरमीत सिंह, कर्नल एसके सिंह, लेफ्टिनेंट कर्नल रंजीता साहू, पार्षद कुसुम चतुर्वेदी, रामू श्रीवास एवं आर्मी के अधिकारी मौजूद रहे।



## भोपाल में 13 जुलाई को आयोजित होगी एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0

# ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डेटा सेंटर एवं सेमी कंडक्टर क्षेत्र में निवेश पर होगा मंथन, देश के प्रमुख निवेश गंतव्य स्थापित करना उद्देश्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की ओर से 13 जुलाई को भोपाल में एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 : जीसीसी, डेटा सेंटर एवं सेमी कंडक्टर एडिशन का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य उच्च-विकास वाले प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में निवेश को गति देना और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर (जीसीसी), डेटा सेंटर एवं सेमी कंडक्टर क्षेत्र में प्रदेश को देश के प्रमुख निवेश गंतव्यों में स्थापित करना है।

कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव राज्य सरकार के प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक विकास के विजन को साझा करेंगे। उद्योग जगत के प्रतिनिधियों के साथ संवाद कर निवेश, परियोजनाओं के क्रियान्वयन एवं भावी सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा करेंगे। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में तकनीकी विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। एमपी टेक ग्रोथ संबंधी पहली 2 कॉन्क्लेव ने प्रदेश में प्रौद्योगिकी निवेश को नई गति प्रदान की है।

**सीएम के नेतृत्व में प्रदेश में तकनीकी विकास के लिए हो रहे निरंतर कार्य एमपी टेक ग्रोथ संबंधी पहली 2 कॉन्क्लेव ने प्रौद्योगिकी निवेश को प्रदान की है नई गति**



**कॉन्क्लेव 2.0 में 12 हजार करोड़ से अधिक के अवसर सृजित**

कॉन्क्लेव 1.0 में 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 75 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए। कॉन्क्लेव 2.0 में 12 हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्राप्त हुए, जिनसे लगभग 48 हजार रोजगार के अवसर सृजित हुए। कॉन्क्लेव 3.0 का उद्देश्य इस निवेश यात्रा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाते हुए रणनीतिक प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में उद्योगों की भागीदारी को और सुदृढ़ बनाना है।

## इको सिस्टम साझेदारों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल होंगे

उद्योग-अनुकूल नीतियों, विश्वस्तरीय औद्योगिक अधोसंरचना, रणनीतिक भौगोलिक स्थिति, कुशल मानव संसाधन और निवेशकों के लिए अनुकूल वातावरण के कारण मध्यप्रदेश देश के उभरते प्रौद्योगिकी निवेश केंद्रों में अपनी मजबूत पहचान स्थापित कर रहा है। कॉन्क्लेव में देश-विदेश की अग्रणी कंपनियों, उद्योग संगठनों, ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर के संचालकों, डेटा सेंटर डेवलपर्स, सेमीकंडक्टर उद्योग से जुड़े प्रतिनिधियों, निवेशकों और नीति विशेषज्ञों की सहभागिता रहेगी। सीटीआरएलएस डेटासेंटर्स, केन्स टेक्नोलॉजीस, फुजियामा पॉवर और न्योबोल्ट लिमिटेड सहित अनेक अग्रणी कंपनियों एवं इको सिस्टम साझेदारों के प्रतिनिधि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

**कार्यक्रम में विशेषज्ञों की रहेगी सहभागिता**

### रणनीतिक साझेदारियों एवं समझौतों का आदान-प्रदान

कॉन्क्लेव स्टार्ट-अप, नवाचार आधारित उद्यमों, इनक्यूबेटर्स और इको सिस्टम से जुड़े विभिन्न संगठनों को भी सहभागिता का मंच प्रदान करेगी। आईआईएसईआर और आईआईएम इंदौर सहित प्रमुख शैक्षणिक एवं अनुसंधान संस्थान नवाचार, अनुसंधान, कौशल विकास और उद्योग-अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ बनाने संबंधी अपने विचार साझा करेंगे। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न घोषणाएं, लोकार्पण और रणनीतिक साझेदारियों एवं समझौतों का आदान-प्रदान किया जाएगा, जिससे प्रदेश के प्रौद्योगिकी इको सिस्टम को और अधिक मजबूती मिलेगी। एमपी टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 3.0 प्रदेश में प्रौद्योगिकी आधारित औद्योगिक विकास को नई गति देने के साथ ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर, डेटा सेंटर एवं सेमी कंडक्टर क्षेत्र में निवेश के नए अवसर सृजित करेगी। यह आयोजन प्रदेश को देश के अग्रणी प्रौद्योगिकी निवेश गंतव्यों में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

---

## राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान में होंगे पदोन्नत

# सरकार ने 190 तहसीलदारों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर किया पदोन्नत, जीएडी के आदेश जारी

### लोक सेवा आयोग एक दिन पहले ही छानबीन के बाद जीएडी को भेजी थी फाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में पदोन्नति पर लगी रोक हटने के बाद लगभग सभी विभागों में पदोन्नति आदेश जारी होना शुरू हो गए थे। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने मंगलवार को 190 तहसीलदारों को डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदोन्नति किया है। इन सभी तहसीलदारों को प्रभारी अधीक्षक, प्रभारी अधीक्षक भू अभिलेख तथा प्रभारी जिला कलेक्टर के पद पर पूर्व में पदस्थ किया गया था। जीएडी ने पदोन्नति आदेश जारी करते हुए सभी तहसीलदारों को राज्य प्रशासनिक सेवा के कनिष्ठ श्रेणी वेतनमान में पदोन्नत करने का आदेश जारी किया है।

सामान्य प्रशासन विभाग ने प्रदेश भर में तहसीलदारों को पदोन्नत करते हुए डिप्टी कलेक्टर या समकक्ष पदों पर पदस्थ किया गया है। जारी आदेश के अनुसार यह पदोन्नति मध्य प्रदेश सिविल सेवा नियम 1961 के तहत 2 वर्ष की प्रशिक्षण अवधि के लिए की गई है। सामान्य प्रशासन विभाग में मप्र लोक सेवा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण अधिनियम 1994 तथा मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के उपबंध और उक्त अधिनियम तथा नियमों के उपबंधों के प्रकाश में राज्य सरकार ने आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन विभाग ने आदेश में यह भी कहा कि उपरोक्त सभी अनुमतियां सुप्रीम कोर्ट के समक्ष लंबित विशेष अनुमति याचिका तथा हाईकोर्ट की ओर से भविष्य में पारित किए जाने वाले आदेशों के अधीन होगी। यह पदोन्नति शासकीय सेवकों को वेतन निर्धारण के लिए मप्र लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के नियम 13 अनुसार आदेश प्राप्त होने की तिथि से एक माह के भीतर अपना विकल्प प्रस्तुत करना होगा।



### सोनकिया डिप्टी कलेक्टर भोपाल बने

विनोद सोनकिया को अभी तक प्रभारी डिप्टी कलेक्टर भोपाल के पद पर पदस्थ थे। अब वे डिप्टी कलेक्टर के पद पर पदस्थ किए गए हैं।

मनीष श्रीवास्तव को उप राजस्व आयुक्त कार्यालय प्रमुख राजस्व आयुक्त भोपाल, लाखन सिंह चौधरी को डिप्टी कलेक्टर भोपाल, श्रीमती संध्या चतुर्वेदी को उपायुक्त नगर पालिका निगम भोपाल, योगेंद्र मौर्य को विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल, श्रीमती सुनीता लाल को भू प्रबंधन अधिकारी हाउसिंग बोर्ड भोपाल, रत्नेश श्रीवास्तव को डिप्टी कलेक्टर भोपाल, संतोष कुमार मुद्गल को उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग भोपाल, आशुतोष शर्मा को डिप्टी कलेक्टर भोपाल, श्रीमती डॉ. अर्चना रावत शर्मा को डिप्टी कलेक्टर भोपाल, अजय कुमार शर्मा को डिप्टी कलेक्टर भोपाल में पदस्थ किया गया है। यह सभी अधिकारी अभी तक अपने वर्तमान पदों पर प्रभारी के रूप में पदस्थ थे।

### आलोक पारे को अधीक्षक स्टेट गैरेज बनाया

जीएडी से जारी आदेश के अनुसार प्रभारी अधीक्षक स्टेट गैरेज आलोक पारे को पदोन्नति के बाद अधीक्षक स्टेट गैरेज के पद पर पदस्थ किया गया है। इसीतरह मंत्री विश्वास सारंग के विशेष सहायक देवेंद्र चौधरी को पदोन्नति करते हुए उसी पद पर पदस्थ किया गया है। भुवन गुप्ता को उपायुक्त नगर पालिक निगम भोपाल, आशीष खरे को विशेष कर्तव्य अधिकारी मुख्यमंत्री कार्यालय भोपाल, श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव को निष्कासन अधिकारी संपदा संचालनालय भोपाल में पदस्थ किया गया है।

### मनोज श्रीवास्तव सत्कार अधिकारी के पद पर पदोन्नत

जीएडी के अनुसार मंत्रालय में पदस्थ प्रभारी सत्कार अधिकारी मनोज श्रीवास्तव को पदोन्नति के बाद सत्कार अधिकारी के पद पर पदस्थ किया गया है। उनकी सेवाएं सामान्य प्रशासन विभाग को सौंपी गई है। इसीतरह भोपाल में डेढ़ एक दर्जन अधिकारियों को तहसीलदार से डिप्टी कलेक्टर या समकक्ष पदों पर पदोन्नत करते हुए पदस्थ किया गया है। इसमें प्रकाश चंद पांडे को डिप्टी कलेक्टर भोपाल, प्रकाश चंद जैन को विशेष सहायक मंत्री लखन पटेल, श्रीमती नीना गौर को ओएसडी मध्यप्रदेश भवन नई दिल्ली, श्रीमती ऋषि मौर्य को उपायुक्त कार्यालय प्रमुख राजस्व आयुक्त भोपाल, श्रीमती ममता पटेल को प्रशासनिक अधिकारी विमानन भोपाल में पदस्थ किया गया है।

---

## उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया ने पकड़ी रफ्तार

# दतिया उपचुनावः दूसरे दिन कांग्रेस नेता अवधेश नायक ने खरीदा नामांकन फॉर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया अब रफ्तार पकड़ने लगी है। अधिसूचना जारी होने के बाद दूसरे दिन मंगलवार को कांग्रेस नेता अवधेश नायक ने नामांकन पत्र खरीदा। उनके अलावा इंदरगढ़ निवासी हरदास बघेल और रामसिंह बघेल ने भी नामांकन फॉर्म लिया। इसके साथ ही दो दिनों में कुल पांच नामांकन पत्रों की बिक्री हो चुकी है। नामांकन प्रक्रिया के पहले दिन आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के संभावित उम्मीदवार दामोदर सिंह यादव और उनके छोटे भाई केशव सिंह यादव के नाम से नामांकन फॉर्म खरीदे गए थे। हालांकि, पार्टी ने अभी तक अपने अधिकृत प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। उपचुनाव के लिए तहसील कार्यालय को रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) कार्यालय बनाया गया है। प्रत्याशी यहीं से नामांकन फॉर्म खरीद रहे हैं और निर्धारित प्रक्रिया के तहत यहीं अपने नामांकन पत्र जमा करेंगे। मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में पूरे दिन चुनावी तैयारियों को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां जारी रहीं।

**पांच नामांकन पत्रों की हो चुकी बिक्री**

### सुरक्षा के विशेष इंतजाम

नामांकन अवधि को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। तहसील कार्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक मुख्य गेट आम लोगों के लिए बंद रहेगा और केवल वैध पासधारकों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाएगी। हालांकि, राजस्व और अन्य आवश्यक कार्यों से आने वाले लोगों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कलेक्ट्रेट परिसर से वैकल्पिक प्रवेश की व्यवस्था की गई है, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

### राजनीतिक दलों की गतिविधियां तेज

दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दलों की गतिविधियां भी तेज हो गई हैं। भाजपा और कांग्रेस ने अभी तक अपने अधिकृत उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है, लेकिन संभावित दावेदारों की सक्रियता लगातार बढ़ रही है। आने वाले दिनों में प्रमुख दलों के प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल करने के साथ चुनावी मुकाबला और दिलचस्प होने की उम्मीद है।

## भाजपा-कांग्रेस के नेता दोनों ही जनता के बीच कर रहे प्रचार

# हर चुनाव में कांटे की टक्कर, इस बार 10 हजार वोट का अंतर बनेगा 'किंगमेकर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दतिया

दतिया विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज हो गई हैं। निर्वाचन आयोग की ओर से उपचुनाव की अधिसूचना जल्द जारी होने की संभावना है, जिसके बाद राजनीतिक दल पूरी ताकत से चुनाव मैदान में उतरेंगे। हालांकि भाजपा और कांग्रेस ने अभी अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है, लेकिन दोनों दलों ने चुनावी रणनीति पर काम शुरू कर दिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि दतिया में करीब 10 हजार वोटों का प्रभाव रखने वाला मतदाता वर्ग इस बार जीत-हार तय करने में निर्णायक भूमिका निभा सकता है। दतिया का चुनावी इतिहास बताता है कि यहां पिछले डेढ़ दशक में मुकाबला लगातार रोचक और कड़ा रहा है।

### लगातार घटता-बढ़ता रहा वोटों का अंतर

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि दतिया में भाजपा और कांग्रेस के बीच वोटों का अंतर लगातार घटता-बढ़ता रहा है। ऐसे में करीब 10 हजार वोटों का प्रभाव रखने वाले मतदाता इस बार भी निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं।

---




### विवि के लिए नए कुलगुरू, समझ पुरानी

राजधानी एक विश्वविद्यालय में कुछ दिन पहले ही नवागत कुलगुरू ने कार्यभार संभाल लिया है। भले ही विवि में कुलगुरू पद के लिए वे नए हों, लेकिन विवि के लगभग सभी कामकाजों से वे पहले से ही परिचित हैं। क्योंकि, वे इसी विवि में लंबे समय से सेवाएं दे रहे हैं। इससे नवागत कुलगुरू के लिए विवि के कर्मचारियों और अधिकारियों के मिजाज और उनकी कार्यशैली को समझने में ज्यादा समय नहीं लगेगा और उम्मीद है कि सभी कार्य स्मूथली जारी रहेंगे। इस बीच कुछ कार्य ऐसे भी हैं, जो पुराने साहब के समय से ही फाइलों में थे, अब वे पटल पर आगे बढ़ गए हैं। यह अच्छी खबर है। उन कामों को और जल्दी गति मिलने की उम्मीद है। यहां यह बिल्कुल नहीं समझा जाए कि पुराने साहब जान बूझकर काम अटका रहे होंगे, लेकिन ऐसा लगता है कि उन्हें विवि को समझने में जितना समय लगा होगा, उतना समय संभवतः अब नहीं लगेगा। नए साहब पहले से ही सब समझते होंगे, जिससे कार्यों की गति में तेजी आ रही है, और आगे भी यह गति बनेगी रहेगी, ऐसी उम्मीद है।

### कॉलेजों में प्रवेश जारी, सीटें अभी खाली हैं..

इन दिनों प्रदेशभर के कॉलेजों में स्नातक और स्नातकोत्तर के साथ ही एनसीटीई सहित अन्य कोर्सेस में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। इस प्रक्रिया से जुड़े कुछ लोगों का कहना है कि इस प्रवेश प्रक्रिया के तहत रजिस्ट्रेशन तो रफ्तार पकड़ रहा है। लेकिन प्रवेश में अपेक्षाकृत अभी ज्यादा रफ्तार नहीं देखी जा रही है। हालांकि, ज्यादातर सरकारी कॉलेजों में सीटें फुल होने की ओर हैं, लेकिन निजी कॉलेजों में अभी स्थिति बहुत अच्छी नहीं बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि अभी प्रदेशभर के कॉलेजों में 30 फीसदी से अधिक सीटें खाली हैं, जो जल्द भरने की उम्मीद है। प्रवेश के मामले में आईटीआई का कोई सानी नहीं।

### साहब की दौड़ हुई सफल...

राजधानी में स्कूल शिक्षा विभाग में एक साहब की संभाग की कमान पाने की लिए की गई दौड़भाग सफल हो गई है। साहब करीब एक साल से इस भागदौड़ में लगे हुए थे। इस दौरान साहब को कई जगह से हताशा भी हाथ लगी, हालांकि इस बार हुए तबादले की व्यवस्था में साहब ने बाजी मार ली और अपना तबादला कराने में सफल हुए। अब साहब को संभाग की कमान सौंपी गई है। हालांकि इस कमान को वह कितना संभाल पाते हैं, यह आने वाले समय में देखा जाएगा। यह सवाल इसलिए भी है कि पहले जिले की कमान इनके हाथ में थी, तब इनकी कार्यशैली को लेकर कई सवाल उठे थे, जिसके चलते इन्हे स्थानांतरित किया गया था।

**संजीव सक्सेना**

## बैठक में वरिष्ठ नेतृत्व का मिलेगा मार्गदर्शन

# ओरछा में 18 व 19 जुलाई को आयोजित होगी भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश कार्यसमिति बैठक 18 एवं 19 जुलाई को रामराजा सरकार की पावन नगरी ओरछा में आयोजित होगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल द्वारा 23 जून 2026 को घोषित 106 सदस्यीय प्रदेश कार्यसमिति सदस्य एवं 41 स्थाई आमंत्रित सदस्य बैठक में शामिल होंगे।

बैठक में पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष एवं प्रकोष्ठों के प्रदेश संयोजक जो प्रदेश कार्यसमिति के विशेष आमंत्रित सदस्य हैं, उपस्थित रहेंगे। दो दिवसीय कार्यसमिति बैठक में वरिष्ठ नेतृत्व का मार्गदर्शन मिलेगा। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल के नेतृत्व में आयोजित होने वाली यह पहली प्रदेश कार्यसमिति की बैठक होगी। दो दिवसीय बैठक में विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर मंथन होगा।

बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ सशक्तिकरण, संगठन विस्तार, प्रशिक्षण, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा आगामी राजनीतिक एवं संगठनात्मक रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यसमिति बैठक के माध्यम से संगठन आगामी कार्यक्रमों के लिए अपने कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करते हुए जनसेवा और राष्ट्रसेवा के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाएगा।

## राज्य सरकार खुले बाजार से लेगी 3600 करोड़ का कर्ज, आज वित्तीय संस्थाओं के ऑफर खुलेंगे

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार एक बार फिर अपनी वित्तीय जरूरतों को पूरा करने के लिए खुले बाजार से 3,600 करोड़ रुपये का कर्ज लेने जा रही है। इसके लिए मंगलवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के माध्यम से प्राप्त वित्तीय संस्थानों के ऑफर खोले जाएंगे। सबसे कम ब्याज दर की पेशकश करने वाली वित्तीय संस्थाओं से राज्य सरकार ऋण लेगी। जानकारी के अनुसार, सरकार यह राशि दो चरणों में उधार लेगी। पहला ऋण 1,600 करोड़ रुपये का होगा, जिसकी अवधि 18 वर्ष निर्धारित की गई है। दूसरा ऋण 2,000 करोड़ रुपये का होगा, जिसे 30 वर्ष की अवधि के लिए लिया जाएगा। दोनों ऋणों के लिए आरबीआई के मुंबई कार्यालय के जरिए ई-कुबेर प्रणाली के माध्यम से देशभर की बैंकों और वित्तीय संस्थाओं से निविदाएं आमंत्रित की गई थीं। इन प्रस्तावों की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है और मंगलवार को ऑफर खोले जाएंगे।

## पटवारी ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र

# मूंग किसानों की पूरी उपज एमएसपी पर खरीदे सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने प्रदेश के मूंग उत्पादक किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र लिखकर किसानों की संपूर्ण उपज न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर खरीदने की मांग की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के प्रत्येक पंजीकृत किसान की पूरी मूंग उपज का शत-प्रतिशत समर्थन मूल्य पर उपार्जन सुनिश्चित किया जाए और खरीदी का लक्ष्य तत्काल बढ़ाया जाए। पटवारी ने कहा कि मध्य प्रदेश देश का अग्रणी दलहन उत्पादक राज्य है। किसानों ने सरकार की नीतियों पर भरोसा करते हुए अधिक निवेश कर रिकॉर्ड स्तर पर मूंग का उत्पादन किया, लेकिन अब वही किसान अपनी उपज समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए आंदोलन करने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि हरदा सहित कई जिलों में किसान विरोध-प्रदर्शन कर रहे हैं, क्योंकि सरकार उत्पादन बढ़ाने के लिए तो प्रोत्साहित करती है, लेकिन पूरी उपज खरीदने से पीछे हट रही है।

## अतिक्रमण हटाने के दौरान बढ़ते हमलों के बाद फैसला, वन विभाग ने एडीजी इंटेलीजेंस को लिखा पत्र

# प्रदेश में पहली बार वनकर्मियों को पुलिस देगी 'मॉब कंट्रोल' की ट्रेनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में वन भूमि से अतिक्रमण हटाने और वन अपराधों पर कार्रवाई के दौरान लगातार हो रहे हमलों के बाद वन विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। अब वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को भीड़ नियंत्रण (मॉब कंट्रोल), तनावपूर्ण परिस्थितियों से निपटने और हमले की स्थिति में बचाव का प्रशिक्षण पुलिस विभाग देगा। इसके लिए वन विभाग ने पुलिस विभाग के इंटेलिजेंस विंग को औपचारिक पत्र भेजकर प्रशिक्षण और मास्टर ट्रेनर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया है। वन विभाग के अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक अमित कुमार दुबे द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि वन अपराध, अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई और सामूहिक अवैध कटाई रोकने के दौरान वन अमले पर अक्सर संगठित समूहों द्वारा हमला किया जाता है। कई मामलों में वनकर्मी घायल हुए हैं और उन्हें गंभीर प्रतिरोध का सामना करना पड़ा है।

**कुछ दिनों पहले अतिक्रमण हटाने गए वन कर्मियों को बुरी तरीके से बंधक बनाकर ग्रामीणों ने पीटा था**



### बुरहानपुर, खंडवा, डिंडोरी सहित कई जिलों में हो चुके हमले

हाल के महीनों में बुरहानपुर, खंडवा और डिंडोरी सहित कई जिलों में अतिक्रमण हटाने पहुंची वन विभाग की टीमों पर हमले हुए थे। एक मामले में करीब 200 वनकर्मियों को बंधक बना लिया गया था, जबकि एक रेंजर समेत कई कर्मचारियों के साथ मारपीट की गई थी। इन घटनाओं ने वनकर्मियों की सुरक्षा व्यवस्था और संसाधनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए थे। वन विभाग का कहना है कि उसके कर्मचारी सीमित संसाधनों में कार्रवाई करते हैं। अधिकांश वनकर्मी बिना सुरक्षा उपकरणों, पर्याप्त बल और आधुनिक हथियारों के अतिक्रमण हटाने तथा वन अपराध रोकने के लिए मैदान में उतरते हैं। ऐसे में हिंसक भीड़ का सामना करना उनके लिए चुनौती बन जाता है।

### प्रथम चरण में इन जिलों में दिया जाएगा प्रशिक्षण

प्रस्तावित प्रशिक्षण के पहले चरण में मुरैना, शिवपुरी, देवास, खंडवा और बुरहानपुर जैसे संवेदनशील जिलों के वन अधिकारियों और कर्मचारियों को मॉब कंट्रोल और भीड़ प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। पुलिस विभाग से न केवल प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने, बल्कि प्रशिक्षकों (मास्टर ट्रेनर) की उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी आग्रह किया गया है। वन विभाग का मानना है कि इस प्रशिक्षण से कर्मचारियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वे अतिक्रमण विरोधी अभियान तथा वन अपराधों के खिलाफ कार्रवाई के दौरान कानून के दायरे में रहते हुए अधिक प्रभावी और सुरक्षित ढंग से काम कर सकेंगे।

## पेज एक का शेष....

### लैंडस्लाइड ऐसा...

और 7 अन्य घायल हैं। मलबे की चपेट में आने से एक चर्च और एक खाली मकान भी बह गया है। हादसे की कई भयावह वीडियो सामने आए हैं, जिनमें दिख रहा है कि कैसे जमीन धंसकती जा रही है और दलदली मलबा बहकर आगे बढ़ते हुए सड़क पर मौजूद गाड़ियों-लोगों को अपनी चपेट में लेता जा रहा है। इस दौरान एक टैंकर लोगों के लिए सुरक्षा कवच जैसा बन गया, जिसके कारण बहुत से लोग बच गए। हादसे पर गहरा दुख जताते हुए वायनाड की सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रभावितों को हरसंभव मदद पहुंचाई जा रही है और वह खुद बचाव कार्यों की निगरानी कर रही हैं।

### रेस्क्यू ऑपरेशन ....

हादसा हुआ। मलबे के नीचे दबे लोगों को निकालने के लिए एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस की मदद से युद्ध स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

### हाईवे पर 3....

धंस गई। पिछले 24 घंटे में 29 से अधिक जिलों में तेज बारिश हुई। खजुराहो में नेशनल हाईवे पर करीब 3 फीट तक पानी भर गया, जिससे आवागमन प्रभावित रहा। भोपाल और राजगढ़ जिले को जोड़ने वाले पार्वती नदी के अस्थायी वैकल्पिक मार्ग से गुजरने पर रोक लगा दी गई है। बैरसिया एसडीएम ने यह आदेश जारी किए हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को सुबह से शाम तक सबसे ज्यादा बारिश खजुराहो में 50 मिमी से अधिक दर्ज हुई है। धार में 40 मिमी से ज्यादा, राजगढ़ में 30, रतलाम और उज्जैन में 20 मिमी तक बारिश से कई जगह पानी भर गया। इसके अलावा सतना, सीधी, टीकमगढ़, बालाघाट, बैतूल, गुना, नर्मदापुरम, इंदौर, खंडवा, रायसेन, छिंदवाड़ा, दमोह, शाजापुर, सीहोर, विदिशा, जबलपुर, मंदसौर, झाबुआ, पन्ना और हरदा समेत कई जिलों में बारिश का दौर जारी रहा।

### अंतर-राज्यीय ...

होने से इन राज्यों में हर जगह पानी और बिजली पहुंची।

### जल वितरण से ...

हरियाणा के बीच जल विवाद हो या आज का यह समझौता, ये सभी सहकारी संघवाद के स्वर्णिम उदाहरण हैं। शाह ने कहा कि पानी का उपयोग चाहे देश के किसी भी हिस्से में हो उससे लाभान्वित होने वाला एक भारतीय ही होगा।

### अंतरराष्ट्रीय अवॉर्ड्स ....

घोषणा की। 2016 से अब तक प्रधानमंत्री मोदी को एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका के विभिन्न देशों से 35 अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं, जो किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री को मिले सम्मानों में सबसे अधिक है।

### इंडोनेशिया में 200...

का हिस्सा है, जिनमें एस्ट्रा एयर-टू-एयर मिसाइल सिस्टम, डिफेंस टेक्नोलॉजी ट्रांसफर और समुद्री सुरक्षा शामिल हैं। इस समझौते की डीटेल्स पर पिछले साल नवंबर में नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और उनके इंडोनेशियाई समकक्ष की सह-अध्यक्षता में हुए तीसरे भारत-इंडोनेशिया रक्षा मंत्रियों के संवाद के दौरान चर्चा की गई थी। ब्रह्मोस एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड मिसाइल प्रणाली और इसके कॉम्पैक्ट नेक्स्ट-जेन संस्करण ब्रह्मोस एनजी को दक्षिण अफ्रीका और पश्चिम एशियाई देशों जैसे सऊदी अरब, यूएई और मिस्र सहित कम से कम 10 देशों को निर्यात करने की योजना बना रही है।

### पूर्व विधायक ....

थी कि गाड़ी का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। उसमें सवार लोग कार के अंदर ही फंस गए। ये सभी लोग किसी रिश्तेदार के यहां से जन्मदिन मनाकर मैहर लौट रहे थे। सभी मृतक पूर्व विधायक स्वर्गीय लालजी पटेल के परिवार से जुड़े बताए जा रहे हैं। हादसे में संजीव कुमार पटेल गंभीर रूप से घायल हुए हैं, जिनकी हालत चिंताजनक बताई जा रही है। पूर्व मंत्री रामखेलावन पटेल भी अस्पताल पहुंचे और शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद जबलपुर रेफर किया गया है। मृतकों की पहचान अंकुर पटेल, मृदुन पटेल, विशेष पटेल, हरिशंकर पटेल तथा एक अन्य परिजन के रूप में हुई है।

### केंद्रीय मंत्री....

सचिव विभूति पंजियार के हस्ताक्षर से 3 जुलाई 2026 को जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के बाद यह कदम उठाया गया है। वर्ष 2010 बैच के आईआरएस अधिकारी अमर सिंह को प्रशासनिक आधार पर उनके मूल कैडर यानी राजस्व विभाग में वापस भेज दिया गया है और उन्हें तुरंत वहां रिपोर्ट करने के निर्देश दिए गए हैं। इस आदेश की प्रति प्रधानमंत्री कार्यालय, कैबिनेट सचिवालय और कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग सहित कई महत्वपूर्ण कार्यालयों को भेजी गई है, जिससे इस बदलाव की अहमियत का अंदाजा लगाया जा सकता है। फिलहाल यह साफ नहीं हो सका है कि केंद्रीय मंत्री के नए निजी सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया जाएगा।

### जांच रिपोर्ट ....

राय ने लिखा कि पिछले एक महीने से मंदिर के दानपात्र की गणना में हुई चोरी को लेकर उन पर कई अनर्गल आरोप लगाए गए, जिस पर उन्होंने मौन धारण कर रखा था। उन्होंने कहा कि मैं 45 वर्षों से प्रचारक जीवन जी रहा हूं और मेरी जिंदगी खुली किताब जैसी है। राय ने आश्वस्त किया कि जैसे ही एसआईटी की अंतिम रिपोर्ट आएगी, वे सभी आरोपों का क्रमानुसार जवाब देंगे।

### जब कानून ने...

जोखिम को देखते हुए इसे विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में कराने की सिफारिश की थी। पीड़िता और उसकी मां की लिखित सहमति मिलने के बाद हाई कोर्ट ने गर्भपात की मंजूरी दे दी।

### दिग्विजय का ....

राजनीतिक नेता को आमंत्रित नहीं किया जाएगा। इस दौरान उज्जैन के महाकाल से लेकर अयोध्या के राम मंदिर तक दान और चंदा चोरी को उजागर करेंगे। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उन्हें बहुत कुछ दिया। वे 5 बार विधायक, दो-दो बार लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य रहे। इसलिए पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया था कि मेरे स्थान पर किसी और को अवसर दें। दिग्विजय के इस ऐलान को राजनीति से उनके सन्यास का संकेत माना जा रहा है। दिग्विजय ने कहा कि वह सनातन धर्म को भी समझते हैं और भारतीय जनता पार्टी, विश्व हिंदू परिषद तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को भी। उन्होंने कहा कि अब उनका उद्देश्य राजनीति नहीं, बल्कि धर्म की रक्षा करना है। 80 वर्ष की उम्र में उन्हें जो जिम्मेदारियां पार्टी ने दीं, उन्हें निभा चुके हैं और अब वह अपनी अंतिम सांस तक धर्म की रक्षा के लिए काम करेंगे। उन्होंने दोहराया कि उनकी प्रस्तावित यात्रा का उद्देश्य राजनीतिक नहीं, बल्कि धार्मिक रहेगा। ट्रस्ट की बैठक में जो हुआ, सब पहले से तय था। जवाबदेही तय नहीं की गई और इस्तीफा मंजूर कर लिया गया। उन्होंने कहा कि खुद कोषाध्यक्ष कह रहे हैं कि उन्हें चेक पर हस्ताक्षर करने का अधिकार नहीं था। इसमें छोटी मछली तो पकड़ ली गईं लेकिन मगरमच्छ को छोड़ दिया गया।

### कारसेवक संतोष दुबे ...

इस यात्रा में विशेष रूप से आमंत्रित करेंगे। दुबे उनके मुख्य अतिथि होंगे और उनके अनुभवों को भी लोग सुनेंगे।

## सूचना

मैं रघुवीर सातनकर (Raghuvir Satankar) पिता स्वर्गीय श्री रामेश्वर सातनकर, निवासी प्लाट नंबर 66 लेक सिटी फेस-2, अयोध्या वायपास रोड, भोपाल, म.प्र. यह शपथ करता हूँ कि मेरे 10वीं, 12वी, ग्रेजुएेशन के मार्कशीट में मेरा नाम रघुवीर (Raghuvir) दर्ज है, लेकिन समस्त दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर कार्ड में मेरा नाम रघुवीर सातनकर (Raghuvir Satankar) दर्ज है जो कि सही एवं सत्य है एवं भविष्य में मुझे रघुवीर सातनकर के नाम से ही जाना व पहचाना जाऐं।

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

### आम सूचना

हाउसिंग बोर्ड, आर.एस.एस. मार्केट, शिवाजी नगर, भोपाल (म.प्र.) में स्थित फ्लेट क्रमांक सीनियर एल.आई.जी.- 43 भू तल मण्डल द्वारा श्रीमती मंजू अग्रवाल पत्नी श्री पवन अग्रवाल के नाम से हस्तांतरित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख दिनांक 26/08/2002 को किया गया है। श्रीमती मंजू अग्रवाल का स्वर्गवास दिनांक 18/06/2026 को हो गया है। आवेदक आवंटी के पति श्री पवन अग्रवाल आत्मज श्री सागरमल अग्रवाल द्वारा आवेदन, मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, अन्य वारिसों के अनापत्ति शपथ पत्र एवं मण्डल का निर्धारित आवेदन पत्र व अन्य दस्तावेज प्रस्तुत कर उक्त सम्पत्ति अपने नाम से नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, उक्त दस्तावेजों के आधार पर उक्त सम्पत्ति के नामांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त सम्पत्ति के संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था को इस सम्बन्ध में कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

## कार्यालय सम्पदा अधिकारी
**मध्यप्रदेश गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल प्रक्षेत्र - 1, गोमंतिका परिसर, जवाहर चौक, भोपाल**

### आम सूचना

हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी, करोंद, बैरसिया रोड, भोपाल में स्थित शेड क्रमांक- 1257/ए मण्डल द्वारा श्री नईम भोपाली आत्मज श्री मोहम्मद सलीम के नाम से आवंटित है। उक्त सम्पत्ति का विक्रय विलेख पंजीयन कार्यालय से दिनांक 28/12/1994 को पंजीकृत है। श्री नईम भोपाली द्वारा उक्त सम्पत्ति सुश्री सबा खान पुत्री श्री मोहम्मद हनीफ को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 27/01/2015 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नही हो पाया। तत्पश्चात सुश्री सबा खान द्वारा उक्त सम्पत्ति (1) श्री इमरान बेग आत्मज श्री अशफाक बेग (2) श्री यासमीन खान आत्मज श्री इमरान बेग को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 12/02/2021 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नही हो पाया। उसके पश्चात (1) श्री इमरान बेग (2) श्री यासमीन खान द्वारा उक्त सम्पत्ति श्री तहजीब हुसैन आत्मज श्री तौफीक हुसैन को विक्रय विलेख के माध्यम से विक्रय कर दिया है। जिसका विक्रय विलेख दिनांक 13/09/2021 को पंजीयन कार्यालय से पंजीकृत है। उक्त सम्पत्ति का हस्तांतरण नही हो पाया। क्रेतागण / विक्रेता द्वारा आवेदन, शपथ पत्र, संयुक्त शपथ पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति प्रस्तुत करते हुये उक्त सम्पत्ति श्री नईम भोपाली से सुश्री सबा खान के पक्ष, सुश्री सबा खान से (1) श्री इमरान बेग (2) श्री यासमीन खान के पक्ष एवं (1) श्री इमरान बेग (2) श्री यासमीन खान से श्री तहजीब हुसैन आत्मज श्री तौफीक हुसैन के पक्ष से हस्तांतरित करने हेतु दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। उक्त दस्तावेजो के आधार पर उक्त सम्पत्ति के हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रहीं है। यदि उक्त सम्पत्ति के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति / उत्तराधिकारी / संस्था / वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अन्दर लिखित रूप में मय सबूत के साथ इस कार्यालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। समयावधि समाप्त होने के पश्चात् कोई आपत्ति स्वीकार नही की जावेगी एवं मण्डल नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**सम्पदा अधिकारी**
**म.प्र. गृह नि. एवं अधो. वि. म. प्रक्षेत्र-1. भोपाल**

## कार्यालय नगर निगम भोपाल
**जोन क्रमांक-07 यांत्रिक शाखा यातायात पार्क**

क्रमांक 385/यां.वि/जोन क्र. 07/2026 **निविदा आमंत्रण सूचना** भोपाल दि. 07/07/26

निम्नानुसार कार्य हेतु म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से आनलाईन निविदा आंमत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण Website https://www.mptenders.gov.in पर है।

| क्र | निविदा क्र. | कार्य का संक्षिप्त विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | निविदा क्रय करने का अंतिम दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026 _UAD _515909_1 | CONSTRUCTION OF HEALTH CLUB AT VALLABH NAGAR WARD 33 ZONE 07 | 2.03/- | 21-07-2026 | 5:30 PM |
| 2. | 2026 _UAD _519638_1 | CONSTRUCTION OF C.C ROAD FROM BOURBON SCHOOL TO WASEEM BHAI HOUSE SILAWATPURA BEHIND BOURBON SCHOOL WARD 34 ZONE 07 | 2.55/- | 21-07-2026 | 5:30 PM |
| 3. | 2026 _UAD 519640 1 | CONSTRUCTION OF CC ROAD INFRONT OF PARSHAD JI HOUSE AHIRPURA WARD 34 ZONE 07 | 6.78/- | 21-07-2026 | 5:30 PM |
| 4. | 2026 _UAD _519642_1 | CONSTRUCTION OF DRAIN IN PIPAL WALI GALI GALI NO 2 AHIRPURA WARD 34 ZONE 07 | 8.49/- | 21-07-2026 | 5:30 PM |
| 5. | 2026 _UAD _519644_1 | CONSTRUCTION OF ROAD CROSS AT CHAKKI CHOURAHA AND LAYING OF PAVER BLOCK NEAR BHARAT MATA PARK OR INFRONT OF GOKULDHAM SOCIETY TULSI NAGAR WARD 31 ZONE 07 | 5.43/- | 21-07-2026 | 5:30 PM |
| 6. | 2026 _UAD _519646_1 | C.C WORK NEAR PARSHAD JI HOUSE IN TULSI NAGAR WARD 31 ZONE 07 | 3.87/- | 21-07-2026 | 5:30 PM |
| 7. | 2026 _UAD _519648_1 | LAYING OF PAVER BLOCK AND ACCUPRESSURE TILES AT 92 OR 93 QUARTER TULSI NAGAR WARD 31 ZONE 07 | 15.86/- | 21-07-2026 | 5:30 PM |
| 8. | 2026 _UAD _519892_1 | CONSTRUCTION OF SLAB AND CLASSROOM IN SHASHKIYA KANYA SCHOOL JAHANGIRABAD WARD 34 ZONE 07 | 17.46/- | 21-07-2026 | 5:30 PM |

नि.क्र.410/826/027

**सहायक यंत्री**
**जोन क्र.07**
**नगर निगम, भोपाल**

## केनरा बैंक Canara Bank
भारत सरकार का उपक्रम / A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

**क्षेत्रीय कार्यालय -I : पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल**

### ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)

केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, गुलमोहर शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **मैसर्स राधा रानी डेयरी फार्म** पता : ग्राम ताजपुर गौरी, शुजालपुर तालुक, कालापीपल जिला शाजापुर- म.प्र. 465337 **प्रोपराइटर : श्री प्रकाश सिंह पुत्र हुकुम सिंह** बंधककर्ता/जमानतदार- **(1) श्री हुकुम सिंह पुत्र श्री शंकर लाल (2) श्रीमती सौरम बाई पत्नी श्री हुकम सिंह (3) श्री शंकर लाल राजपूत पुत्र श्री भैरो सिंह** सभी का पताः पोस्ट उगली तहसील शुजालपुर ताजपुरा गोरी शुजालपुर कालापीपल जिला शाजापुर म.प्र.- 465337 | मांग सूचना दिनांक 16.06.2026 / वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 90,59,291/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे / NPA : 29.05.2026 | (1) **संपत्ति का समस्त भू भाग कमर्शियल डायवर्टेड भूमि प्लाट क्षेत्रफल- 4230 वर्गमीटर (0.4230 हेक्टेयर) खसरा नं. 15/9(एस) का भाग, स्थित ग्राम-नरोला हीरापुर, पटवारी हल्का नं. 136, नरोला हीरापुर तहसील शुजालपुर जिला शुजालपुर।** चर्तुसीमाएँः पूर्वः सरकारी भूमि/ कच्चा रास्ता, पश्चिमः खसरा संख्या 23 की भूमि, उत्तरः खसरा संख्या 15/8 की भूमि, दक्षिणः खसरा संख्या 24/1 और 24/2 की भूमि, टाइटल होल्डर का नाम- श्री शंकर लाल राजपूत पुत्र श्री भेरो सिंह (2) **संपत्ति का समस्त भू भाग कमर्शियल डायवर्टेड भूमि प्लाट क्षेत्रफल- 6730 वर्गमीटर (0.6730 हेक्टेयर), खसरा नं. 21/3(एस) का भाग स्थित ग्राम- नरोला हीरापुर, पटवारी हल्का नं. 136, नरोला हीरापुर तहसील शुजालपुर जिला शुजालपुर।** चर्तुसीमाएँः पूर्वः बाबूलाल एवं अन्य की जमीन, पश्चिमः मालिक एवं अन्य की जमीन, उत्तरः खसरा नंबर 15/3, दक्षिणः सोरमबाई की जमीन, टाइटल होल्डर का नाम-श्री हुकुम सिंह पुत्र शंकर लाल (2) **संपत्ति का समस्त भू भाग कमर्शियल डायवर्टेड भूमि प्लाट क्षेत्रफल- 3660 वर्गमीटर (0.3660 हेक्टेयर), खसरा नं. 25 का भाग एवं कमर्शियल डायवर्टेड भूमि प्लाट क्षेत्रफल 5750 वर्गमीटर (0.5750 हेक्टेयर) खसरा नं. 21/2/1 का भाग स्थित ग्राम-नरोला हीरापुर, पटवारी हल्का नं. 136, नरोला हीरापुर तहसील शुजालपुर जिला शुजालपुर।** चर्तुसीमाएँः पूर्वः खसरा नंबर 23, 24/2 एवं 26 की जमीन, पश्चिमः खसरा नंबर 17 और 21/1 की जमीन, उत्तरः मालिक की जमीन, दक्षिणः खसरा नंबर 21/1 की जमीन, टाइटल होल्डर का नाम- श्रीमती सोरम बाई पत्नी श्री हुकम सिंह |
| **केनरा बैंक, एम.पी. नगर, भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्रीमती संजू मिश्रा पत्नी श्री अनमोल मिश्रा** पताः एचआईजी 113,न्यू फोर्ट एक्सटेंशन अवधपुरी, बरखेड़ा पठानी, हुजूर बीएचईएल भोपाल म.प्र.- 462022 जमानतदारः **श्री अनमोल मिश्रा C/o श्रीमती संजू मिश्रा** पताः म.नं. 64, सुरभि एवेन्यू, फेस 1, वार्ड नं. 60, बरखेड़ा पठानी, अवधपुरी तहसील हुजूर, भोपाल म.प्र.-462022 | मांग सूचना दिनांक 23.06.2026 / वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 54,26,984.31 + ब्याज एवं अन्य खर्चे / NPA : 16.06.2026 | **संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी डुप्लेक्स मकान नं. 64 ''सुरभि एवेन्यु'' स्थित खसरा नं. 401/बी/2 का भाग, सुरभि होम्स के पास, ग्राम बरखेड़ा पठानी, तहसील हुजूर, जिला भोपाल, भोपाल नगर निगम वार्ड नं. 56 (पुराना वार्ड नं. 54), प्लाट क्षेत्रफल 115.90 वर्गमीटर है, भूतल पर निर्मित क्षेत्र 69.70 वर्गमीटर और खुला क्षेत्रफल- 46.20 वर्गमीटर है, एवं प्रथम मंजिल पर निर्मित क्षेत्र 69.70 वर्गमीटर चर्तुसीमाएँः** पूर्व में - सड़क, पश्चिम में - भूखंड नं. 63, उत्तर में- भूखंड नं. 65, दक्षिण में - सड़क टाइटल होल्डर का नाम- श्रीमती संजू मिश्रा पत्नी श्री अनमोल मिश्रा। |
| **केनरा बैंक, बैरागढ़ चीचली, भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्री हृदय मोहन मीना** पताः मकान नं. 57, फेस-5, इंडस टाउन, होशंगाबाद रोड, भोपाल हुजूर, मध्य प्रदेश | मांग सूचना दिनांक 24.06.2026 / वर्तमान दिनांक को बकाया राशि ₹ 989963/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे / NPA : 17.06.2026 | **संपत्ति का समस्त भू भाग रिहायशी डुप्लेक्स मकान निर्मित प्लाट नं. 38/ए-6 'आदित्य होम्स', नटराज गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित, ग्राम रतनपुर सड़क, सेक्टर-बी, पटवारी हल्का नं. 44/26, तहसील हुजूर, जिला भोपाल प्लॉट का कुल क्षेत्रफल 680 वर्गफुट (63.19 वर्गमीटर) है, जिसमें भूतल का निर्मित क्षेत्र 43.07 वर्गमीटर और प्रथम तल का निर्मित क्षेत्र 36.12 वर्गमीटर है। चर्तुसीमाएँः** पूर्वः मकान संख्या 38/ए-5, पश्चिमः मकान संख्या 39, उत्तरः मकान संख्या 38/ए-1, दक्षिणः सड़क। स्वामित्व धारक का नामः श्री हृदय मोहन मीना, पुत्र श्री कालूराम मीना। |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 08/07/2026**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**केनरा बैंक**

## कार्यालय भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल

प्रगति भवन प्रेस कॉम्पलेक्स जोन-1 महाराणा प्रताप नगर भोपाल
प्रॉपर्टी आई. डी. नं. 7700080205, आवेदन क्रमांक- 12109, आवेदन दिनांक- 19/05/2026

क्रमांक 2286/राजस्व/भोविप्रा/26 भोपाल दिनांक : 07/07/2026

### आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि प्राधिकरण की शाहपुरा योजना स्थित भवन क्रमांक LIG-205 सेक्टर-C आवंटी श्री प्रकाश सहदेव डोंगर दिवे आत्मज स्वर्गीय श्री सहदेव डोंगर दिवे के नाम पर आवंटित है। आवंटी श्री प्रकाश सहदेव डोंगर दिवे का स्वर्गवास दिनांक: 30/04/2026 को हो जाने के कारण एवं आवंटी द्वारा उक्त भवन की वसीयत अपनी पत्नी श्रीमती संघमित्रा डोंगर दिवे नाम कर वसीयत नामा दिनांक 02/09/2021 को पंजीकृत कराया गया श्रीमती संधमित्रा डोंगर दिवे द्वारा पंजीकृत वसीयत नामा दिनांक 02/09/2021 एवं आवेदन पत्र के साथ आवंटी का मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आधार कार्ड एवं वसीयत एवं समस्त वारिसों की सहमति/शपथ पत्र तथा वांछित प्रपत्रों को प्रस्तुत कर उक्त भवन क्रमांक LIG-205 सेक्टर-C अपने नाम पर नामांतरण चाहा गया है।
उक्त नामांतरण के सम्बन्ध में यदि किसी व्यक्ति/ उत्तराधिकारी को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशित होने की दिनांक से 7 दिवस के अंदर लिखित एवं साक्ष्य/दस्तावेजों के साथ अधोहताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपति/दावा प्रस्तुत करें। उक्त समयावधि के पश्चात् कोई भी दावा/आपति स्वीकार नहीं की जावेगी, एवं प्राधिकरण नियमानुसार कार्यवाही करने हेतु स्वतंत्र रहेगा।

**राजस्व अधिकारी**
**भोपाल विकास प्राधिकरण, भोपाल**


छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-01-06-2026,to 23-07-26



हरिभूमि क्लासीफाइड
संपर्क सूत्र : 9407279644

हरिभूमि भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

सफेद दाग
सफल ईलाज का 40 वर्षो का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

गाँधी पी.आर. महाविद्यालय
बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय से संबद्ध
UG COURSE
B.A., BCA, BBA
BPES, BSC,
B.Com (Economics/ Computer)

PG COURSE
M.A: HINDI, ENGLISH, MATHS, ECONOMICS
POLITICAL SCIENCE, SOCIOLOGY & SOCIAL WORK
M.Com: ACCOUNTS & MANAGEMENT
B.Lib: (Librarian Science)
B.Ed.: BACHELOR OF EDUCATION (ONLINE COUNSELLING)
DIPLOMA COURSE
PG DCA: DIPLOMA IN COMPUTER APPLICATION
D.EL.ED: DIPLOMA IN ELEMENTARY EDUCATION
Mob. 9827208070, 9425346230, 9893194695, 9981291288
पता: डी-1, दानिश नगर, होशंगाबाद रोड, आशिमा मॉल के पास, भोपाल | www.gandhiprcollege.com, principal@gandhiprcollege.com


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** – धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** – वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** – शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** – आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** – सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** – किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** – मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** – शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।


**धनु** – आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** – मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** – परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

## शब्द पहेली - 6280



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्धिग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 6279 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल - 6290
★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 6289 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## खबर संक्षेप

### सैमसंग गैलेक्सी ए27 5जी की बिक्री शुरू

गुरुग्राम। सैमसंग ने भारत में अपने नए गैलेक्सी ए27 5जी स्मार्टफोन की बिक्री शुरू कर दी है। यह



स्मार्टफोन अब सैमसंग के एक्सक्लूसिव स्टोर्स, पार्टनर रिटेल आउटलेट्स, सेमसंग डॉटकाम और अन्य ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर उपलब्ध है। यह तीन मेमोरी वेरिएंट्स 6जीबी+128जीबी, 8जीबी+128जीबी और 8जीबी+256जीबी में उपलब्ध है। इसकी शुरुआती कीमत 28,999 रुपये रखी गई है।

### रसना का जम्पिन का 1-लीटर फैमिली पैक पेश

**नई दिल्ली।** इंस्टेंट बेवरेज निर्माता रसना ने अपने रेडी-टू-ड्रिंक पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए



जम्पिन का नया 1-लीटर टैट्रा पैक फैमिली पैक देशभर में लांच किया है। कंपनी का लक्ष्य प्रीमियम फ्रूट नेक्टर श्रेणी में बढ़ती मांग का लाभ उठाते हुए लगभग 1,000 करोड़ रुपए के बाजार अवसर को हासिल करना है। नया फैमिली पैक अधिक फ्रूट कंटेंट, 10 विटामिन और मिनरल्स से भरपूर है।

### ज्योतिष शास्त्र में डॉ.गिरीश को पीएचडी उपाधि

**भोपाल।** डॉ. गिरीश राजौरिया ने ज्योतिषशास्त्र के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए महर्षि पाणिनि संस्कृत वैदिक



विश्वविद्यालय, उज्जैन से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की है। उन्हें यह प्रतिष्ठित उपाधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में मध्य प्रदेश के राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति मांगूभाई पटेल द्वारा प्रदान की गई। डॉ. गिरीश राजौरिया की इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षाविदों, सामाजिक संगठनों, मित्रों एवं शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

---

**माइलेज में कमी और इंजन से जुड़ी परेशानियों की हैं शिकायतें**

# ट्रांसपोर्ट कारोबारियों ने व्यक्त की चिंता, ई-20 पेट्रोल पर उठाए सवाल, बोले-नुकसान का जिम्मेदार कौन?

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथेनॉल मिश्रण (ई-20) को लेकर ट्रांसपोर्ट उद्योग ने अपनी चिंताएं सामने रखी हैं। परिवहन क्षेत्र से जुड़े लोगों का कहना है कि ई-20 ईंधन के इस्तेमाल से वाहनों की माइलेज, इंजन की क्षमता और रखरखाव लागत पर पड़ने वाले प्रभावों का विस्तृत मूल्यांकन किया जाना चाहिए। ट्रांसपोर्ट कारोबारियों के अनुसार, लंबे समय तक चलने वाले वाणिज्यिक वाहनों में ईंधन की गुणवत्ता और औसत माइलेज बेहद महत्वपूर्ण होती है। उनका कहना है कि कुछ वाहन मालिकों ने ई-20 पेट्रोल के उपयोग के बाद माइलेज में कमी और इंजन से जुड़ी परेशानियों की शिकायतें की हैं, जिनका समाधान जरूरी है।

**दीर्घकालिक प्रभावों पर वैज्ञानिक अध्ययन सार्वजनिक किए जाएं** | **संभावित नुकसान की स्थिति में जवाबदेही तय की जाए**

### *यह कदम विदेशी मुद्रा की बचत, किसानों के हित में है महत्वपूर्ण*




फाइल फोटो

ऑल इंडिया मोटर एंड गुड्स ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र कपूर ने सरकार से मांग की है कि ई-20 के व्यापक उपयोग से पहले उसके दीर्घकालिक प्रभावों पर स्वतंत्र वैज्ञानिक अध्ययन सार्वजनिक किए जाएं तथा संभावित नुकसान की स्थिति में जवाबदेही तय की जाए। राजेन्द्र कपूर ने कहा कि सरकार ई-20 को हरित ऊर्जा, विदेशी मुद्रा की बचत और किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम बता रही है, लेकिन देश के लाखों छोटे और मध्यम ट्रांसपोर्टरों के सामने यह सवाल है कि यदि इस ईंधन के उपयोग से माइलेज घटता है, इंजन या फ्यूल सिस्टम पर अतिरिक्त प्रभाव पड़ता है अथवा रखरखाव का खर्च बढ़ता है, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा।

**अध्ययनों में एथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल से कम मानी गई**



ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. हरीश सबरवाल ने कहा कि वैज्ञानिक अध्ययनों में एथेनॉल की ऊर्जा क्षमता पेट्रोल से कम मानी गई है, जिसके कारण ई-20 के उपयोग से कुछ परीक्षणों में 2 से 6 प्रतिशत तक माइलेज में कमी दर्ज की गई है। हर महीने और हर वर्ष अतिरिक्त ईंधन लागत में बदल सकती है, जिसका असर अंततः मालभाड़े, व्यापार और आम उपभोक्ता पर पड़ेगा।

**ई-20 ईंधन प्रणाली का पड़ सकता है पुर्जों पर अतिरिक्त प्रभाव**

आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी के चेयरमैन सी.एल. मुकाती ने यह भी आशंका जताई कि ई-20 के अनुरूप डिजाइन नहीं किए गए पुराने वाहनों में फ्यूल पाइप, रबर सील, गैस्केट, फ्यूल पंप तथा अन्य ईंधन प्रणाली के पुर्जों पर अतिरिक्त प्रभाव पड़ सकता है। यदि भविष्य में ऐसी तकनीकी समस्याएं सामने आती हैं, तो वाहन निर्माता, तेल कंपनियां अथवा सरकार में से जिम्मेदार कौन होगा, इस पर अभी स्पष्ट नीति नहीं है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने सरकार के सामने कई सवाल रखे हैं। इनमें प्रमुख हैं कि क्या देश में संचालित सभी वाणिज्यिक वाहन ई-20 के लिए प्रमाणित और सुरक्षित हैं, क्या 8 से 15 वर्ष पुराने वाहनों पर इसके प्रभाव को लेकर कोई सार्वजनिक वैज्ञानिक अध्ययन उपलब्ध है, और यदि भविष्य में इंजन या फ्यूल सिस्टम में खराबी आती है अथवा माइलेज कम होने से परिवहन लागत बढ़ती है तो उसकी आर्थिक जिम्मेदारी कौन उठाएगा।



सीएल मुकाती

**नई ईंधन नीति लागू करने से पहले जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक**

राजेन्द्र कपूर ने स्पष्ट किया कि ट्रांसपोर्ट उद्योग पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और किसानों के हितों का समर्थन करता है, लेकिन नई ईंधन नीति लागू करने से पहले वैज्ञानिक पारदर्शिता, आर्थिक सुरक्षा और जवाबदेही सुनिश्चित करना आवश्यक है। एसोसिएशन ने समाचार-पत्रों, टीवी चैनलों, डिजिटल मीडिया और जनप्रतिनिधियों से भी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाने की अपील करते हुए कहा कि यह केवल ईंधन परिवर्तन का विषय नहीं, बल्कि करोड़ों वाहन मालिकों, लाखों ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों और देश की अर्थव्यवस्था से जुड़ा राष्ट्रीय मुद्दा है।



राजेंद्र कपूर

---

**आयात में कमी और कमजोर बुआई से खाद्य तेलों में तेज उछाल**

# सोयाबीन-सरसों तेल सहित सभी खाद्य तेल 5 से 6 रुपए प्रति किलो तक महंगे

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

खाद्य तेलों की कीमतों में एक बार फिर तेजी का दौर शुरू हो गया है। आयातित खाद्य तेलों की उपलब्धता में कमी, मानसून की देरी से तिलहनी फसलों की बुआई प्रभावित होने और उत्पादन को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण सोयाबीन, सरसों, मूंगफली, सूरजमुखी (सनफ्लावर) और पाम ऑयल सहित लगभग सभी प्रमुख खाद्य तेलों के दामों में 5 से 6 रुपए प्रति किलो तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। व्यापारियों का मानना है कि यदि आयात और घरेलू आपूर्ति की स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो आने वाले दिनों में कीमतों में और तेजी देखने को मिल सकती है।

**ऊंची कीमतों का असर भी घरेलू बाजार पर साफ दिखाई दे रहा**



फाइल फोटो

तेल ब्रोकर रमाकांत तिवारी के अनुसार राजधानी भोपाल के स्थानीय थोक जिंस बाजार हनुमानगंज और जुमेराती में खाद्य तेलों के भाव लगातार मजबूत बने हुए हैं। वर्तमान में सोयाबीन तेल 155 से 156 रुपए प्रति किलो, मूंगफली तेल 180 से 185 रुपए, सरसों तेल 185 से 190 रुपए, सनफ्लावर ऑयल 200 से 205 रुपए, पाम ऑयल 155 से 156 रुपए तथा वनस्पति घी 170 से 175 रुपए प्रति किलो के भाव पर कारोबार कर रहा है। ब्रोकर तिवारी ने कहा कि इस वर्ष कई क्षेत्रों में मानसून की देरी के कारण तिलहनी फसलों की बुआई का रकबा अपेक्षा से कम रहा है। इससे आगामी महीनों में घरेलू उत्पादन प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। बाजार में आयातित खाद्य तेलों की सीमित उपलब्धता और ऊंची कीमतों का असर भी घरेलू बाजार पर साफ दिखाई दे रहा है।

**तेजी का असर आम उपभोक्ताओं के घरेलू बजट पर : पाली**

होटल, रेस्टोरेंट , खाद्य प्रसंस्करण उद्योग से जुड़े कारोबारी और भोपाल होटल - रेस्टोरेंट व्यवसायी एसोसिएशन के अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली एवं प्रेमनारायण यादव ने कहाकि बढ़ती कीमतों का असर आम उपभोक्ताओं के घरेलू बजट पर भी पड़ने लगा है। लागत बढ़ रही है, जबकि खुदरा बाजार में भी खाद्य तेलों की कीमतों में लगातार तेजी दर्ज की जा रही है।

**बाजार का रुख मजबूत बना हुआ है प्रेमनारायण ने कहा**

प्रेमनारायण यादव ने कहा कि कमजोर मानसून की स्थिति को देखते हुए भारत में खाद्य तेलों की मांग और आयात बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। फिलहाल बाजार का रुख मजबूत बना हुआ है और निकट भविष्य में कीमतों में नरमी के संकेत नहीं दिख रहे हैं। जिससे पाम तेल को अतिरिक्त मजबूती मिल सकती है।

**खाद्य तेलों के दामों में और वृद्धि की संभावना**

तेल व्यापारी अपूर्व पवैया के अनुसार भारत खाद्य तेलों की जरूरत का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा करता है। ऐसे में वैश्विक बाजार में आपूर्ति प्रभावित होने या कीमतें बढ़ने का सीधा असर घरेलू बाजार पर पड़ता है। यदि मानसून की स्थिति में सुधार नहीं हुआ और आयात सामान्य स्तर पर नहीं पहुंचा तो त्योहारी सीजन से पहले खाद्य तेलों के दामों में और वृद्धि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता।

---

**मुरुगप्पा ग्रुप की महत्वपूर्ण उपलब्धि**

## सीजी सेमी ने सानंद में शुरू किया व्यावसायिक उत्पादन

एजेंसी ▶▶ गुजरात

मुरुगप्पा ग्रुप की कंपनी सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड, रेनेसास इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन और स्टार्स माइक्रोइलेक्ट्रॉनिक्स के संयुक्त उद्यम सीजी सेमी प्राइवेट लिमिटेड ने गुजरात के सानंद स्थित अपने जी1 आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट (ओएसएटी) संयंत्र में व्यावसायिक उत्पादन शुरू करने की घोषणा की है। यह कदम भारत के सेमीकंडक्टर विनिर्माण क्षेत्र के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

व्यावसायिक उत्पादन की शुरुआत के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा रेल, सूचना एवं प्रसारण एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव उपस्थित रहे।



अगस्त 2025 में उद्घाटित जी1 संयंत्र की अधिकतम उत्पादन क्षमता प्रति वर्ष 30 करोड़ यूनिट है। उद्घाटन के बाद कंपनी ने उपकरणों की स्थापना, उत्पादन प्रक्रिया को स्थिर करने, कर्मचारियों के प्रशिक्षण, ग्राहकों से आवश्यक स्वीकृतियां प्राप्त करने तथा गुणवत्ता संबंधी सभी तैयारियां पूरी कीं। कंपनी केंद्र और गुजरात सरकार के सहयोग से अगले पांच वर्षों में 7,600 करोड़ रुपए से अधिक का निवेश कर जी1 और जी2 नामक दो ओएसएटी संयंत्र विकसित कर रही है। फिलहाल जी1 में उत्पादन शुरू हो चुका है।

**सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस**

## रिन्यूएबल एनर्जी में उत्कृष्ट योगदान के लिए कोट्यार्क के सीएमडी शाह सम्मानित

एजेंसी ▶▶ वडोदरा



रिन्यूएबल एनर्जी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी कोट्यार्क इंडस्ट्रीज लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर गौरांग रमेशचंद्र शाह को रिन्यूएबल एनर्जी सेक्टर में उनके उल्लेखनीय नेतृत्व और योगदान के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स, लंदन द्वारा 'सर्टिफिकेट ऑफ एक्सीलेंस' से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान 26 जून, 2026 को लंदन स्थित पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर के हाउस ऑफ कॉमन्स में आयोजित एक भव्य समारोह में अंतरराष्ट्रीय अतिथियों की उपस्थिति में प्रदान किया गया। अवॉर्ड साइटेशन के अनुसार गौरांग शाह को बायोफ्यूल उत्पादन को बढ़ावा देने, सस्टेनेबल एनर्जी समाधान विकसित करने, पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रतिबद्धता तथा रिन्यूएबल एनर्जी उद्योग में नवाचार, तकनीकी उत्कृष्टता और उद्यमिता को प्रोत्साहित करने में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कंपनी की ओर से एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर भाविनी शाह और होल-टाइम डायरेक्टर धृति शाह भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में गौरांग रमेशचंद्र शाह ने कहा कि उपलब्धि पूरे कोट्यार्क परिवार के समर्पण और मेहनत का परिणाम है।

---

**मध्यप्रदेश के छोटे उद्यमों को मिलेगा डिजिटल विकास का नया मंच**

# 2047 तक 1 करोड़ एमएसएमई स्थापित करने समृद्ध योजना लागू: कश्यप

वाणिज्य डेस्क ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग के सहयोग से वॉलमार्ट वृद्धि ने आइडियाज टू इम्पैक्ट फाउंडेशन (आई2आई) पर इंदौर में वॉलमार्ट वृद्धि एमएसएमई कनेक्ट-2026 का आयोजन किया। कार्यक्रम में 600 से अधिक एमएसएमई उद्यमियों, उद्योग प्रतिनिधियों और विभिन्न संस्थाओं के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य राज्य के एमएसएमई इकोसिस्टम को मजबूत करना, डिजिटल अपनाने को बढ़ावा देना तथा छोटे उद्यमों को नए बाजारों और विकास के अवसरों से जोड़ना रहा। वॉलमार्ट के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट, जनरल मर्चेंडाइजिंग एंड फैशन सोर्सिंग अनवीश गुप्ता ने कहा कि मध्य प्रदेश का एमएसएमई क्षेत्र आर्थिक विकास, नवाचार और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के साथ साझेदारी के माध्यम से वॉलमार्ट वृद्धि उद्यमियों को डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, कौशल विकास, मेंटरशिप और बाजार तक पहुंच उपलब्ध कराकर उनके व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मध्य प्रदेश के एमएसएमई मंत्री चैतन्य कश्यप ने कहा कि विकसित मध्य प्रदेश के लक्ष्य को हासिल करने में मजबूत एमएसएमई सेक्टर की अहम भूमिका होगी। उन्होंने बताया कि वर्ष 2047 तक प्रदेश में एक करोड़ एमएसएमई स्थापित करने के उद्देश्य से 'समृद्ध योजना' लागू की गई है।




एमएसएमई कनेक्ट-2026 का आयोजन

**विभागों और उद्योग संगठनों का सहयोग हुआ प्राप्त**

कार्यक्रम को स्टार्टअप एमपी, मध्य प्रदेश लघु उद्योग निगम, मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम, बागवानी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग, मध्य प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, ट्राईफेड भोपाल, एसोसिएशन ऑफ इंडस्ट्रीज मध्य प्रदेश (एआईएमपी), फिक्की एफएलओ इंदौर तथा फेडरेशन ऑफ इंडियन एक्सपोर्ट ऑर्गनाइजेशन (एफआईईओ) सहित कई सरकारी विभागों और उद्योग संगठनों का सहयोग प्राप्त हुआ।

**2028 तक 1.70 लाख एमएसएमई को सहयोग उपलब्ध कराने का लक्ष्य**

जुलाई 2025 में मध्य प्रदेश सरकार और वॉलमार्ट वृद्धि के बीच हुए समझौता ज्ञापन (एमओयू) के बाद से यह कार्यक्रम इंदौर, भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन और देवास सहित प्रदेश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में सक्रिय रूप से संचालित किया जा रहा है। ऑर्गेनिक आनंद के संस्थापक आनंद कश्यप ने प्रशिक्षण से मिली जानकारी के आधार पर तीन वर्षों में अपना मासिक कारोबार 30 हजार रुपए से बढ़ाकर 10 लाख रुपए तक पहुंचाया। वहीं इंदौर की उद्यमी नैना चौरसिया ने अपने ब्रांड 'श्री श्रीजी' के कारोबार में दो वर्षों के भीतर 70 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वर्ष 2019 में शुरू हुए वॉलमार्ट वृद्धि कार्यक्रम के तहत अब तक देशभर में 1.15 लाख से अधिक एमएसएमई को प्रशिक्षित किया जा चुका है। कार्यक्रम का लक्ष्य वर्ष 2028 तक 1.70 लाख एमएसएमई को प्रशिक्षण और व्यवसायिक सहयोग उपलब्ध कराना है, ताकि वे घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकें।

---

**केवल ब्लड सैंपल से कैंसर की पहचान**

## रिलायंस की स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज को मिला अत्याधुनिक तकनीक के लिए भारतीय पेटेंट

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

रिलायंस इंडस्ट्रीज की सहायक कंपनी स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज को ऐसी अत्याधुनिक तकनीक के लिए भारतीय पेटेंट प्राप्त हुआ है, जो केवल ब्लड सैंपल के माध्यम से कैंसर की शुरुआती पहचान और उसके संभावित स्रोत का पता लगाने में सक्षम है। इस तकनीक से भविष्य में कैंसर की समय रहते पहचान कर मरीजों को बेहतर और प्रभावी उपचार उपलब्ध कराने में मदद मिल सकती है। इसमें जीनोम सीक्वेंसिंग, बायोलॉजिकल डेटा एनालिसिस और मशीन लर्निंग जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाता है। इसकी सबसे बड़ी विशेषता कैंसर से जुड़े डीएनए पैटर्न में होने वाले सूक्ष्म बदलावों की पहचान करना है, जिससे बीमारी का शुरुआती चरण में पता लगाया जा सकता है। स्ट्रैंड लाइफ साइंसेज के सीईओ रमेश हरिहरन ने कहा कि यह पेटेंट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित लिक्विड बायोप्सी तकनीक के विकास में एक अहम उपलब्धि है।

---

## बिजनेस न्यूज

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में जॉब फेयर में 125 से अधिक छात्र शामिल हुए

**भोपाल।** राजधानी भोपाल के कोलार रोड स्थित एलएनसीटी यूनिवर्सिटी में जॉब फेयर-5 का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों को उद्योग जगत से जुड़ने का मौका दिया गया। इस समारोह में 125 से



अधिक छात्र-छात्राओं ने लॉग लॉज और विभिन्न कॉलेजों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ शीट और स्कूल ऑफ मेडिसिनस्यूटिकल साइंसेज की ओर से पहली बार आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. संजय जैन शामिल हुए। वे मध्य प्रदेश स्टेट फार्मेसी काउंसिल के अध्यक्ष, पीसीआई, नई दिल्ली सेंट्रल काउंसिल के सदस्य और आईपीए , मध्य प्रदेश के अध्यक्ष आयोजन का नेतृत्व और समन्वय जॉब फेयर-5 का नेतृत्व डॉ. एके सिंघई, निदेशक, स्कूल ऑफ शीट एवं डीन मेकर्स, एलएनसीटी यूनिवर्सिटी ने किया। जॉब फेयर-5 में कई प्रतिष्ठित कलाकारों ने छात्रों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करायें। इनमें बायोमेडिका विटामैक्स हेल्थकेयर, पार्क बेंज लेबोरेटरीज,ट्रोइका फार्मास्यूटिकल्स, एसपीएस हॉस्पिटल , स्कैन लैब , पीबीआरआई लैब शामिल हैं। यूनिवर्सिटी के अनुसार, 125 से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी के साथ आयोजित जॉब फेयर-5 ने फार्मेसी के छात्रों को रोजगार क्षेत्र से जुड़ने और अपने पेशेवर सफर की शुरुआत करने का अवसर प्रदान किया।

### सेज यूनिवर्सिटी में दो दिवसीय एंट्रेंस एग्जाम 11 जुलाई से




**भोपाल।** प्रदेश के विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और मेरिट आधारित स्कॉलरशिप का अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सेज यूनिवर्सिटी द्वारा सेज एंट्रेंस एग्जाम 2026 का आयोजन 11 और 12 जुलाई, 2026 को किया जाएगा। इस परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थी यूनिवर्सिटी के विभिन्न अंडरग्रेजुएट और पोस्टग्रेजुएट प्रोग्राम्स में प्रवेश के साथ आकर्षक स्कॉलरशिप का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। सेज एंट्रेंस एग्जाम यूनिवर्सिटी की एक प्रमुख पहल है। परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर योग्य विद्यार्थियों को विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश दिया जाएगा और मेरिट के अनुसार स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी।

### कॅरियर कॉलेज में 'दीक्षारंभ' समारोह आयोजित



**भोपाल।** कॅरियर कॉलेज ऑटोनॉमस, भोपाल में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के नव प्रवेशित स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए 'दीक्षारंभ' समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों का स्वागत करना तथा उन्हें कॉलेज के शैक्षणिक वातावरण, सुविधाओं और दिशा-निर्देशों से परिचित कराना था। समारोह में 100 से अधिक विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ समूह निदेशक प्रो. प्रदीप जैन ने सभी नव प्रवेशित विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों का स्वागत कर किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. चरणजीत कौर ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) की प्रमुख विशेषताओं से अवगत कराया तथा कॉलेज की शैक्षणिक संरचना और अध्ययन व्यवस्था की जानकारी दी। डॉ. शिल्पी श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को परिसर अनुशासन, आचार-संहिता एवं अनिवार्य कॉलेज यूनिफॉर्म के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। कॉलेज अध्यक्ष मनीष राजोरिया ने सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए घोषणा की कि प्रथम वर्ष के सभी पाठ्यक्रमों की नियमित कक्षाएं सोमवार, 20 जुलाई, 2026 से आधिकारिक रूप से प्रारंभ होंगी।

### महिलाओं-बच्चों के लिए इंदौर में खुलेगा 120 बेड का सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल



**नई दिल्ली।** महिलाओं और बच्चों को बेहतर एवं विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अंकुरा हॉस्पिटल फॉर वूमेन एंड चिल्ड्रेन इंदौर के विजय नगर क्षेत्र में जल्द ही 120 बिस्तरों वाला अत्याधुनिक सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल शुरू करेगा। अस्पताल में गर्भवती महिलाओं, स्त्री रोग, नवजात शिशुओं और बच्चों के लिए आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं एक ही छत के नीचे उपलब्ध होंगी। अंकुरा हॉस्पिटल्स फॉर वूमेन एंड चिल्ड्रेन के संस्थापक डॉ. कृष्णा प्रसाद राव वुन्नम ने कहा कि मां और बच्चे का स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत है।

### भाभा विवि के प्रबंधन संकाय द्वारा ग्रीन कैंपस ड्राइव 2026 का आयोजन

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय के प्रबंधन संकाय के पर्यावरण क्लब द्वारा ग्रीन कैंपस ड्राइव 2026 के अंतर्गत पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन 4 जुलाई 2026 को किया गया। इस अभियान का उद्देश्य विश्वविद्यालय



परिसर में हरित आवरण को बढ़ाना, जैव विविधता को प्रोत्साहित करना, पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाना तथा जलवायु परिवर्तन के प्रति विद्यार्थियों को संवेदनशील बनाना है। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रो.(डॉ.)भारती सतांकर, प्रो-वाइस चांसलर एवं डॉ.ब्रीज त्रिपाठी, डीन, प्रबंधन संकाय द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रबंधन संकाय के समस्त प्राध्यापक एवं कर्मचारी तथा एमबीए प्रथम सेमेस्टर के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रो.अंजली शिवहरे, प्रो.एलिस अस्थाना, प्रो.नीतू सवाई एवं प्रो.नगमा खान भी उपस्थित रहीं।

**हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय**
**महेंद्रगढ़ (हरियाणा) - 123031**

**सीयूईटी 2026 के अंतर्गत स्नातक (यूजी) कार्यक्रमों के लिए पंजीकरण आरंभ**

**शैक्षणिक सत्र: 2026-27**

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय, महेंद्रगढ़ निम्नलिखित कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित सीयूईटी (यूजी) -2026 परीक्षा में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों के लिए ऑनलाइन पंजीकरण फॉर्म आमंत्रित करता है:

| स्नातक (यूजी) कार्यक्रम | | | |
|---|---|---|---|
| बी.वॉक. | • रिटेल एंड लोजिस्टिक्स मैनेजमेंट<br>• बायोमेडिकल साइंसेज<br>• इंडस्ट्रीयल वेस्ट मैनेजमेंट | इंटीग्रेटेड कार्यक्रम | • बी.एससी. एम.एससी. इन केमेस्ट्री<br>• बी.एससी.एम.एससी. इन मेथेमेटिक्स<br>• बी.एससी. एम.एससी. इन फिजिक्स |
| • बी.एससी. (ऑनर्स) इन साइकोलॉजी | | | |

**महत्त्वपूर्ण तिथि**


| | |
|---|---|
| ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि | 17 जुलाई, 2026 |
| पंजीकरण लिंक | https://cuhcuet.samarth.edu.in/ |

विस्तृत विवरण के लिए www.cuh.ac.in देखें। कुलसचिव

## चिंतन

# ट्रंप का फीफा पर दबाव बनाना असामान्य कदम

पिछले करीब डेढ़ साल से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया में टैरिफ, अर्थव्यवस्था, व्यापार, शांति, भू-राजनीति, सैन्य हस्तक्षेप और रणनीतिक दबाव से उथल-पुथल मचा रखी है। हाल का मामला इन सबसे अलग है। अब ट्रंप ने खेल के मैदान में भी एंट्री मारकर दुनियाभर के खेल संघों को चौंका दिया है। उन्होंने फीफा पर दबाव डालकर अमेरिकी स्ट्राइकर फोलारिन बालोगुन पर लगा एक मैच का प्रतिबंध (निलंबन) रद्द करवा दिया। इसके लिए ट्रंप ने फीफा अध्यक्ष गियानी इन्फेंटिनो से व्यक्तिगत रूप से बात की। हालांकि अमेरिकी टीम को बेल्जियम ने 3-1 से करारी मात दी और वह क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई तक नहीं कर पाई। देखा जाए तो यह प्रकरण अपने आप में एक अजूबा है। सामान्यतः किसी भी देश के खिलाड़ी के लिए मैच में रेफरी का फैसला आने के बाद उसे चुनौती दी जाती है और फिर फीफा का निर्णायक मंडल पूरे मामले की समीक्षा कर अपना निर्णय देता है। स्थापित प्रक्रिया का यही उद्देश्य होता है कि खेल के नियम सभी टीमों और खिलाड़ियों पर समान रूप से लागू हों तथा किसी भी तरह के राजनीतिक या बाहरी दबाव का प्रभाव निर्णयों पर न पड़े। यदि किसी शक्तिशाली देश का शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व सीधे हस्तक्षेप कर फैसले बदलवाने लगे तो खेलों की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। ऐसा पहली बार है जब किसी देश के राष्ट्रपति ने सार्वजनिक रूप से हस्तक्षेप कर अपने खिलाड़ी का निलंबन हटवाया है। फीफा ने भले ही इसे सामान्य प्रक्रिया का हिस्सा बताने का प्रयास किया हो, लेकिन दुनिया भर के खेल विशेषज्ञों और खेल संघों के बीच इस घटनाक्रम को लेकर असहजता दिखाई दी है। फीफा लंबे समय से यह दावा करता रहा है कि वह राजनीति से स्वतंत्र संस्था है। कई देशों के फुटबॉल महासंघों पर सरकारी हस्तक्षेप के आरोप में प्रतिबंध तक लगाए जा चुके हैं। ऐसे में यदि किसी महाशक्ति के राष्ट्रपति के हस्तक्षेप को अलग नजरिए से देखा जाता है तो दोहरे मानदंडों की बहस तेज होना स्वाभाविक है। मैदान पर खिलाड़ी की पहचान उसके प्रदर्शन से होती है, न कि उसके देश की राजनीतिक ताकत से। यदि किसी खिलाड़ी को यह संदेश मिले कि राजनीतिक प्रभाव से खेल संबंधी फैसले बदले जा सकते हैं, तो इससे खेल भावना को आघात पहुंचेगा। हालांकि घटनाक्रम का खेल परिणाम पर कोई असर नहीं पड़ा। अमेरिका बेल्जियम से हार गया और बालोगुन का मैदान पर उतरना भी टीम को आगे नहीं ले जा सका। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि किसी भी खेल में अंतिम फैसला खिलाड़ियों का प्रदर्शन ही करता है, न कि राजनीतिक दबाव। जीत और हार खेल का स्वाभाविक हिस्सा हैं और इन्हें स्वीकार करना ही खेल भावना की असली पहचान है। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब आने वाले वर्षों में अमेरिका कई बड़े अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने जा रहा है। विशेष रूप से लॉस एंजिल्स ओलंपिक को लेकर दुनिया की निगाहें अमेरिका पर टिकी हैं। ऐसे में यदि राजनीतिक हस्तक्षेप की धारणा मजबूत होती है तो अंतरराष्ट्रीय खेल संस्थाओं की निष्पक्षता और मेजबान देश की भूमिका दोनों पर सवाल उठ सकते हैं। इसलिए बेहतर होगा कि सरकारें खेलों के विकास, खिलाड़ियों की सुविधाओं और खेल ढांचे को मजबूत करने तक अपनी भूमिका सीमित रखें तथा मैदान के फैसले खेल संस्थाओं और नियमों पर ही छोड़ दें। खेल तभी खेल बने रहेंगे, जब उन पर राजनीति की छाया हावी न हो।



मुद्दा
ममता कुशवाहा

# खेल महाकुंभ की पर्यावरणीय चुनौती

फुटबॉल को दुनिया का सबसे लोकप्रिय खेल माना जाता है। यह केवल एक खेल नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं, सपनों और उत्साह का प्रतीक है। विश्व कप जैसे आयोजनों के दौरान पूरा विश्व एक साझा उत्सव में डूब जाता है, लेकिन खेलों की चमक-दमक और उत्साह के पीछे एक ऐसा पक्ष भी छिपा है, जिस पर लंबे समय तक पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। यह पक्ष है पर्यावरण पर पड़ने वाला उसका प्रभाव। हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि इस साल का फीफा विश्व कप अब तक का सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाला विश्व कप बन सकता है। यह चेतावनी केवल फुटबॉल तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक खेल आयोजनों और उनके पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर प्रश्न भी खड़े करती है। वर्तमान समय में पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है। कहीं भीषण गर्मी का प्रकोप है, कहीं बाढ़ और चक्रवात तबाही मचा रहे हैं, तो कहीं जंगलों में आग लाखों हेक्टेयर भूमि को निगल रही है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का भविष्य और अधिक संकटग्रस्त हो जाएगा।

ऐसे समय में जब प्रत्येक क्षेत्र से पर्यावरणीय जिम्मेदारी निभाने की अपेक्षा की जा रही है, तब खेल जगत भी इससे अछूता नहीं रह सकता। खेलों के विशाल आयोजन, जिनमें लाखों दर्शक और हजारों खिलाड़ी शामिल होते हैं, प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से बड़ी मात्रा में कार्बन उत्सर्जन करते हैं। वर्ष 2026 का फीफा विश्व कप अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में चल रहा है। यह पहली बार होगा जब विश्व कप में 48 टीमें भाग लेंगी। पहले की तुलना में अधिक टीमें, अधिक मैच और अधिक शहर इस आयोजन का हिस्सा बनेंगे। कुल 16 शहरों में 104 मैच खेले जाएंगे। स्वाभाविक रूप से इतनी बड़ी संख्या में खिलाड़ियों, अधिकारियों, पत्रकारों और दर्शकों को एक स्थान से दूसरे स्थान तक यात्रा करनी होगी। यही वह प्रमुख कारण है जिसके चलते कार्बन उत्सर्जन में भारी वृद्धि की आशंका व्यक्त की जा रही है। कार्बन उत्सर्जन का सबसे बड़ा स्रोत हवाई यात्रा होती है। विश्व कप जैसे आयोजनों में लाखों लोग विमानों के माध्यम से हजारों किलोमीटर की यात्रा करते हैं। जब टीमें एक देश से दूसरे देश और एक शहर से दूसरे शहर जाती हैं, तब ईंधन की खपत और कार्बन उत्सर्जन तेजी से बढ़ता है। वर्ष 2026 के इस विश्व कप में तीन देशों के अनेक शहरों को मेजबानी दी गई है। इससे यात्राओं की दूरी और संख्या दोनों में वृद्धि होगी। यही कारण है कि शोधकर्ताओं का मानना है कि यह आयोजन पर्यावरणीय दृष्टि से अब तक का सबसे भारी विश्व कप साबित हो सकता है। दरअसल, खेल आयोजनों का पर्यावरणीय प्रभाव केवल यात्रा तक सीमित नहीं होता। स्टेडियमों के निर्माण और रखरखाव में भी बड़ी मात्रा में ऊर्जा और संसाधनों का उपयोग किया जाता है। विशाल स्टेडियमों को रोशन करने, वातानुकूलित रखने, सुरक्षा व्यवस्था संचालित करने और प्रसारण सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए भारी बिजली की आवश्यकता होती है। यदि यह ऊर्जा जीवाश्म ईंधनों से प्राप्त हो रही है, तो उसका सीधा संबंध कार्बन उत्सर्जन से जुड़ जाता है। आज खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रह गया है। यह एक



विशाल वैश्विक उद्योग बन चुका है। अरबों डॉलर के निवेश, प्रायोजन और व्यावसायिक हित इसके साथ जुड़े हुए हैं। फुटबॉल क्लब, प्रसारण कंपनियां और बहुराष्ट्रीय कंपनियां खेल आयोजनों को एक बड़े आर्थिक अवसर के रूप में देखती हैं। जब आर्थिक लाभ पर्यावरणीय जिम्मेदारी पर हावी होने लगता है, तब समस्याएं जन्म लेने लगती हैं। यही चिंता शोधकर्ताओं ने भी व्यक्त की है कि फुटबॉल का बढ़ता व्यावसायीकरण और आयोजनों का निरंतर विस्तार पर्यावरण पर अतिरिक्त दबाव डाल रहा है। आज कल जलवायु परिवर्तन का प्रभाव खेलों पर भी पड़ रहा है। बढ़ता तापमान खिलाड़ियों के स्वास्थ्य और प्रदर्शन को प्रभावित कर रहा है। कई देशों में अत्यधिक गर्मी के कारण मैचों का समय बदलना पड़ा है। कुछ स्थानों पर मौसम की अनिश्चितता के कारण प्रतियोगिताओं को स्थगित करना पड़ा। वर्षा, तूफान और गर्म हवाएं खेल आयोजनों के लिए नई चुनौतियां पैदा कर रही हैं। अर्थात जिस जलवायु संकट को खेल उद्योग अनजाने में बढ़ा रहा है, वही संकट अब खेलों के अस्तित्व के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। वैज्ञानिक आंकड़े इस चिंता को और गंभीर बना देते हैं। वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की सांद्रता लगातार बढ़ रही है। औद्योगिक क्रांति से पहले यह स्तर लगभग 280 पीपीएम था, जबकि आज यह 430 पीपीएम से अधिक पहुंच चुका है। यह वृद्धि केवल एक संख्या नहीं है, बल्कि पृथ्वी के बदलते पर्यावरण का संकेत है। बढ़ती कार्बन डाइऑक्साइड पृथ्वी के तापमान को बढ़ा रही है, जिससे ग्लेशियर पिघल रहे हैं, समुद्र का स्तर बढ़ रहा है और प्राकृतिक आपदाओं की तीव्रता में वृद्धि हो रही है। ऐसे में प्रत्येक क्षेत्र को अपने कार्बन पदचिह्न को कम करने की आवश्यकता है। फुटबॉल और अन्य खेल संगठनों ने हाल के वर्षों में पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं की घोषणाएं अवश्य की हैं। कई संगठनों ने कार्बन न्यूट्रल बनने, नवीकरणीय ऊर्जा के उपयोग और अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाने की योजनाएं प्रस्तुत की हैं। कुछ स्टेडियम सौर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं, जबकि कुछ स्थानों पर प्लास्टिक के उपयोग को कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि केवल घोषणाएं पर्याप्त नहीं हैं। यदि आयोजन लगातार बड़े और अधिक विस्तृत होते जाएंगे, तो पर्यावरणीय लाभ सीमित रह जाएंगे। इस तरह भविष्य के खेल आयोजनों के लिए एक नई सोच की आवश्यकता है। आयोजकों को ऐसे मॉडल अपनाने होंगे जिनमें यात्रा की दूरी कम हो, स्थानीय संसाधनों का अधिक उपयोग हो और नवीकरणीय ऊर्जा को प्राथमिकता दी जाए। दर्शकों को सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। स्टेडियमों के निर्माण में पर्यावरण-अनुकूल सामग्री का प्रयोग बढ़ाना होगा। साथ ही आयोजनों के आकार और विस्तार को लेकर भी संतुलित दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक होगा। यह भी महत्वपूर्ण है कि खेल जगत अपनी लोकप्रियता का उपयोग पर्यावरणीय जागरूकता बढ़ाने के लिए करे। फुटबॉल खिलाड़ियों और खेल सितारों का प्रभाव करोड़ों लोगों पर पड़ता है। यदि वे जलवायु संरक्षण का संदेश देंगे, तो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में मदद मिल सकती है। खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक परिवर्तन का शक्तिशाली साधन भी बन सकता है। फीफा विश्व कप 2026 को लेकर उठी कार्बन उत्सर्जन की चिंता हमें एक व्यापक सच्चाई की ओर संकेत करती है। आज आवश्यकता इस बात की है कि खेलों की चमक के साथ पर्यावरणीय चेतना का प्रकाश भी उतना ही प्रखर हो, ताकि आने वाली पीढ़ियां एक स्वस्थ, संतुलित और सुरक्षित पृथ्वी पर अपने सपनों का खेल खेल सकें।

(लेखिका शिक्षिका हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट ने चेतावनी दी है कि इस साल का फीफा विश्व कप अब तक का सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन करने वाला विश्व कप बन सकता है। यह चेतावनी केवल फुटबॉल तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक खेल आयोजनों और उनके पर्यावरणीय प्रभावों पर गंभीर प्रश्न भी खड़े करती है। वर्तमान समय में पूरी दुनिया जलवायु परिवर्तन की चुनौती से जूझ रही है। कहीं भीषण गर्मी का प्रकोप है, कहीं बाढ़ और चक्रवात तबाही मचा रहे हैं, तो कहीं जंगलों में आग लाखों हेक्टेयर भूमि को निगल रही है। वैज्ञानिक लगातार चेतावनी दे रहे हैं कि यदि कार्बन उत्सर्जन को नियंत्रित नहीं किया गया, तो पृथ्वी का भविष्य और अधिक संकटग्रस्त हो जाएगा।

मंथन
सोनम लववंशी



# मां की गोद से डे-केयर तक ... क्या सुरक्षित है बचपन


किसी भी समाज का भविष्य उसके संसद भवनों, शेयर बाज़ारों या कॉर्पोरेट टावरों में नहीं, उन नन्हें हाथों में पलता है जो अभी दुनिया पर भरोसा करना सीख रहे हैं। यही कारण है कि किसी राष्ट्र की सभ्यता का सबसे बड़ा पैमाना यह नहीं होता कि उसकी अर्थव्यवस्था कितनी तेज़ी से बढ़ रही है, बल्कि यह होता है कि उसके सबसे मासूम नागरिक कितने सुरक्षित हैं। जब दो-तीन वर्ष का एक बच्चा, जो बोलकर अपना दर्द भी बता नहीं सकता, उसी स्थान पर प्रताड़ित होने लगे जहां उसे सुरक्षा और स्नेह मिलना चाहिए, तब ये सिर्फ एक आपराधिक घटना नहीं रहती, पूरे समाज के नैतिक ढांचे पर प्रश्नचिह्न बन जाती है। बेंगलुरु के एक कॉर्पोरेट परिसर स्थित डे-केयर सेंटर से सामने आए कथित दुर्व्यवहार के वीडियो ने पूरे देश को झकझोर दिया है। वीडियो में छोटे बच्चों के साथ अमानवीय व्यवहार के आरोप सामने आने के बाद पुलिस ने कर्मचारियों के विरुद्ध मामला दर्ज किया। बाल अधिकार संस्थाओं ने हस्तक्षेप किया और संबंधित डे-केयर केंद्र को बंद करना पड़ा। यह कार्रवाई आवश्यक थी, लेकिन उससे भी बड़ा प्रश्न यह है कि यदि यह वीडियो सामने नहीं आता, तो क्या उन बच्चों की पीड़ा कभी व्यवस्था तक पहुंच पाती? क्या हमारे संस्थागत तंत्र की संवेदनशीलता अब केवल वायरल वीडियो पर निर्भर हो गई है? भारत तेज़ी से बदल रहा है। संयुक्त परिवार टूट रहे हैं, महानगर फैल रहे हैं और लाखों महिलाएं कार्यक्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं। ऐसे में डे-केयर अब सुविधा नहीं, सामाजिक आवश्यकता बन चुका है। सरकार महिलाओं की आर्थिक भागीदारी बढ़ाने की बात करती है।

कॉर्पोरेट जगत 'समावेशी कार्यस्थल' और 'वर्क-लाइफ बैलेंस' के दावे करता है। इस पूरे विमर्श में सबसे अहम सवाल अक्सर छूट जाता है कि जब माता-पिता कार्यस्थल पर होंगे, तब उनके छोटे बच्चों की सुरक्षा की जिम्मेदारी कौन निभाएगा? इसी आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए मातृत्व लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2017 के तहत 50 या उससे अधिक कर्मचारियों वाले प्रतिष्ठानों में क्रेच सुविधा का प्रावधान किया गया। दूसरी ओर केंद्र सरकार पालना योजना के माध्यम से आंगनवाड़ी-सह-क्रेच व्यवस्था का विस्तार कर रही है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देशभर में 14,599 आंगनवाड़ी-सह-क्रेच स्वीकृत किए जा चुके हैं और 2,448 क्रेच संचालित हैं। उद्देश्य स्पष्ट है कामकाजी महिलाओं को सहयोग और छोटे बच्चों को सुरक्षित देखभाल उपलब्ध कराना। लेकिन यहीं सबसे बड़ा विरोधाभास दिखाई देता है। यदि योजनाएं हैं, कानून हैं और संस्थाएँ भी हैं, तो फिर अभिभावकों का भरोसा बार-बार क्यों टूट रहा है? इसका उत्तर केवल किसी एक कर्मचारी की क्रूरता में नहीं, बल्कि उस व्यवस्था की कमजोरी में छिपा है जहां डे-केयर खोलना अपेक्षाकृत आसान है, पर उसकी गुणवत्ता, कर्मचारियों के प्रशिक्षण, मनोवैज्ञानिक मूल्यांकन, पुलिस सत्यापन और नियमित निरीक्षण की व्यवस्था अब भी बिखरी हुई है। बच्चों की सुरक्षा केवल भवन, खिलौनों और रंगीन दीवारों से सुनिश्चित नहीं होती; वह प्रशिक्षित और संवेदनशील मानव संसाधन से सुनिश्चित होती है। यूनिसेफ और प्रारंभिक बाल विकास से जुड़े वैश्विक अध्ययन बताते हैं कि जीवन के पहले पांच वर्ष बच्चे के मस्तिष्क और व्यक्तित्व के विकास के लिए सबसे निर्णायक होते हैं। इसी दौर में मिला प्रेम, सम्मान और सुरक्षा उसके पूरे जीवन की दिशा तय करते हैं।

इसके विपरीत भय, अपमान और हिंसा उसके भावनात्मक विकास पर गहरा प्रभाव छोड़ सकते हैं। इसलिए डे-केयर केवल बच्चों को कुछ घंटों तक रखने की जगह नहीं होता यह भविष्य गढ़ने का स्थान है। यदि वही स्थान भय का पर्याय बन जाए, तो उसका नुकसान केवल एक परिवार नहीं, पूरा समाज उठाता है। बेंगलुरु की घटना को किसी एक शहर या एक कंपनी की समस्या मानकर भुला देना आसान होगा। कठिन काम यह स्वीकार करना है कि यह घटना हमारी नीतियों, हमारी निगरानी व्यवस्था और हमारी सामाजिक प्राथमिकताओं की कमियों को उजागर करती है। अंततः किसी भी राष्ट्र का भविष्य संसद की बहसों, आर्थिक सर्वेक्षणों या कॉर्पोरेट मुनाफ़ों में नहीं लिखा जाता। वह उन नन्हे कदमों में आकार लेता है जो अभी दुनिया पर भरोसा करना सीख रहे हैं। यदि हम उस भरोसे की रक्षा नहीं कर सके, तो इतिहास हमारी आर्थिक उपलब्धियों से अधिक हमारी नैतिक विफलताओं को याद रखेगा। क्योंकि किसी भी सभ्यता की सबसे बड़ी परीक्षा उसके बच्चों की मुस्कान होती है। यदि वही मुस्कान भय में बदल जाए, तो विकास की सबसे चमकदार इमारतें भी भीतर से खोखली साबित होती हैं।

(लेखिका शोधार्थी हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## राम सब घट मेरा साइयां



संकलित
दर्शन

पूरे संसार में राम का निवास है, सबमें भगवान हैं और हम उन्हें हाथ जोड़कर प्रणाम करते हैं। राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में है। कबीर ने कहा है-'राम सब घट मेरा साइयां'... राम ईश्वर के रूप में सबके हृदय में हैं। सदा सर्वदा सबके हृदय में रहेंगे, लेकिन हमारे स्वार्थ, हमारे हेतु, हमारी मानसिकताओं के कारण कभी-कभी हम राम को साधन बना बैठते हैं। इसलिए हम राम को सही रूप में नहीं समझ पाते। प्रत्येक व्यक्ति में यदि हमें सिया राम के दर्शन होने लगें तो तमाम भेदभाव समाप्त हो जाएंगे। जातीय आधार पर भेदभाव काफी हद तक कम हुआ है, लेकिन अब भी बहुत कुछ करने की जरूरत है। इसके लिए धर्माचार्यों को आगे आना होगा। धार्मिक क्षेत्र हो, राजनीतिक या फिर सामाजिक क्षेत्र, अंतिम व्यक्ति पूज्य होना चाहिए। अगर अंतिम व्यक्ति आप तक नहीं पहुंच पा रहा है तो यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप उस तक पहुंचें। भारतीय दर्शन में इहलोक और परलोक की बात आती है। इहलोक और परलोक का कल्याण करने की बात मेरी दृष्टि में इह यानी अपने संसार के साथ-साथ दूसरों का भी कल्याण हो, ऐसा प्रयास करना ही इहलोक और परलोक को सुधारना है। दूसरों के कल्याण की भावना का क्षेत्र बहुत व्यापक है। हम व्यापक व विराट की संतान हैं, इसलिए दूसरों के कल्याण का भारतीय सोच पूरे विश्व के कल्याण का सोच है। जब हम वसुधैव कुटुंबकम की बात करते हैं, तो दुनिया के सभी देशों के कल्याण की बात करते हैं।

## मानवता संस्कारों से पनपती है



संकलित
प्रेरणा

टी.एन. शेषन जब मुख्य चुनाव आयुक्त थे, तो परिवार के साथ छुट्टियां बिताने के लिए मसूरी जा रहे थे। परिवार के साथ उत्तर प्रदेश से निकलते हुऐ रास्ते में उन्होंने देखा कि पेड़ों पर गौरैया के कई सुन्दर घोंसले बने हुए हैं। यह देखते ही उनकी पत्नी ने अपने घर की दीवारों को सजाने के लिए गौरैया के दो घोंसले लेने की इच्छा व्यक्त की तो उनके साथ चल रहे पुलिसकर्मियों ने तुरंत एक छोटे से लड़के को बुलाया, जो वहां मवेशियों को चरा रहा था। उसे पेड़ों से तोड़ कर दो गौरैया के घोंसले लाने के लिए कहा। लड़के ने इनकार में सर हिला दिया। शेषन ने इसके लिए लड़के को 10 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के के इनकार करने पर शेषन ने बढ़ा कर 50 रुपए देने की पेशकश की। फिर भी लड़के ने हामी नहीं भरी। पुलिस ने तब लड़के को धमकी दी और उसे बताया कि साहब जज हैं और तुझे जेल में भी डलवा सकते हैं। गंभीर परिणाम भुगतने पढ़ेंगे। लड़का तब श्रीमती और शेषन के पास गया और कहा- साहब, मैं ऐसा नहीं कर सकता। उन घोंसलों में गौरैया के छोटे बच्चे हैं अगर मैं आपको दो घोंसले दूं, तो जो गौरैया अपने बच्चों के लिए भोजन की तलाश में बाहर गई हुई है, जब वह वापस आएगी और बच्चों को नहीं देखेगी तो बहुत दुःखी होगी जिसका पाप मैं नहीं ले सकता। यह सुनकर टी.एन. शेषन दंग रह गए। शेषन ने अपनी आत्मकथा में लिखा है- मेरी स्थिति, शक्ति और आईएएस की डिग्री सिर्फ उस छोटे, अनपढ़, मवेशी चराने वाले लड़के द्वारा बोले गए शब्दों के सामने पिघल गई।

## सटाका




## आज की पाती

### डिजिटल तकनीक का करें सही उपयोग


आज बच्चों के सामने सबसे बड़ा खतरा केवल इंटरनेट का बढ़ता उपयोग नहीं, बल्कि उसका अनियंत्रित और असुरक्षित उपयोग है। डिजिटल तकनीक ने शिक्षा, ज्ञान और संवाद के नए द्वार खोले हैं, लेकिन इसके साथ ही बच्चों का बचपन साइबर खतरों की गिरफ्त में आता जा रहा है। मोबाइल स्क्रीन पर बीतने वाला बढ़ता समय उनके शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास पर गंभीर प्रभाव डाल रहा है। डिजिटल युग से बच्चों को दूर रखना समाधान नहीं है, बल्कि उन्हें सुरक्षित और जिम्मेदार बनाना सबसे बड़ी आवश्यकता है। सरकार, तकनीकी कंपनियां, विद्यालय, अभिभावक और समाज यदि मिलकर प्रयास करें, तो ऐसी व्यवस्था बनाई जा सकती है जहां बच्चे इंटरनेट के उपभोक्ता नहीं, बल्कि सुरक्षित, जागरूक, सम्मानित और सशक्त नागरिक बनकर देश के भविष्य को नई दिशा दें।

*– मनोज शर्मा, करनाल*

## करंट अफेयर

### ईंधन भंडार घटने से पूरे क्यूबा में बिजली आपूर्ति हुई ठप

ईंधन भंडार में लगातार कमी और जर्जर होती बिजली वितरण व्यवस्था के बीच सोमवार को पूरे क्यूबा में बिजली गुल हो गई। करीब एक करोड़ की आबादी वाले इस द्वीपीय देश में बिजली अपूर्ति ठप होने की जानकारी सरकारी बिजली कंपनी 'इलेक्ट्रिक यूनियन' ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर दी। कंपनी ने कहा कि बिजली बाधित होने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, ऊर्जा एवं खनन मंत्रालय ने बताया कि बिजली आपूर्ति बहाल करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। क्यूबा में इस वर्ष जनवरी से ही ईंधन का गंभीर संकट बना हुआ है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा क्यूबा को तेल बेचने वाले या उसकी आपूर्ति करने वाले देशों पर शुल्क लगाने की चेतावनी दिए जाने के बाद से देश का आर्थिक और वित्तीय संकट और गहरा गया है। ईंधन संकट के कारण सार्वजनिक परिवहन लगभग ठप हो गया है, वहीं अस्पतालों में हजारों निर्धारित सर्जरी भी रद्द करनी पड़ी हैं। ऊर्जा मंत्री विसेंटे दे ला ओ लेवी ने बताया कि बिजली गुल होने के कुछ ही घंटों बाद देशभर में छोटे-छोटे विद्युत तंत्र (माइक्रोसिस्टम) चालू कर दिए गए थे। उन्होंने कहा, 'हम जटिल स्थिति का सामना कर रहे हैं, जो हमारे ऊपर लगाए गए ऊर्जा प्रतिबंधों के कारण और गंभीर हो गई है।



## ऑफ बीट

### आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा कर रहे

क्षुद्रग्रह हमारे सौर मंडल के निर्माण के बाद बचे चट्टानों के टुकड़े हैं। चार मीटर से अधिक व्यास वाले लगभग आधा अरब क्षुद्रग्रह सूर्य की परिक्रमा करते रहते हैं, जो हमारे सौर मंडल से लगभग 30 किलोमीटर प्रति सेकंड की गति से गुजरते हैं – लगभग पृथ्वी के समान गति से। ज्यादातर मामलों में, सबसे छोटे क्षुद्रग्रह पृथ्वी के वायुमंडल से टकराने पर काफी हद तक टूट जाते हैं, और सतह तक भी नहीं आ पाते हैं। जब एक छोटा क्षुद्रग्रह (या उल्कापिंड, क्षुद्रग्रह से छोटी वस्तु) पृथ्वी के वायुमंडल से टकराता है, तो यह एक चमकीला 'आग का गोला' बन जाता है – एक शूटिंग स्टार या उल्का का एक बहुत लंबे समय तक चलने वाला और उजला संस्करण। यदि वस्तु का कोई बचा हुआ टुकड़ा जमीन से टकराता है, तो उसे उल्कापिंड कहा जाता है। अधिकांश वस्तु वायुमंडल में जल जाती है। प्रति वर्ष एक बार, औसतन, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह से टकराता है। यदि आपने उस सतह क्षेत्र को दोगुना कर दिया, तो आपको प्रति वर्ष दो मिलेंगे। पृथ्वी की त्रिज्या 6,400 किमी है। दोगुने सतह क्षेत्रफल वाले एक गोले की त्रिज्या 9,000 किमी है। तो, प्रति वर्ष लगभग एक बार, चार मीटर का क्षुद्रग्रह पृथ्वी की सतह के 2,600 किमी के भीतर आएगा – 9,000 किमी और 6,400 किमी के बीच का अंतर।



## ट्रेंड

### सर्वोच्च नागरिक सम्मान

पीएम मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान से सम्मानित किया जाना गर्व की बात है। यह भारत और इंडोनेशिया के बीच गहरी दोस्ती और दुनिया में भारत के बढ़ते सम्मान का एक और प्रमाण है।
**-अन्नपूर्णा देवी,** केंद्रीय बाल विकास मंत्री



### जनता को विकल्प दें

मोदी जी कृपया जनता को विकल्प दें। देश के हर पेट्रोल पंप पर ई10, ई20 और ई0 उपलब्ध होने चाहिए। यह फैसला जनता का होना चाहिए कि वे अपनी गाड़ी में कौन सा पेट्रोल डलवाना चाहते हैं, सरकार का नहीं।
**-अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली



### जवाबदेही तय नहीं

राम मंदिर में चढ़ावे की चोरी का मुद्दा देशभर के गांवों तक पहुंच गया है और इसे लेकर सभी लोगों में व्यापक आक्रोश है। भाजपा-आरएसएस और विश्व हिंदू परिषद के लोगों ने मिलकर एकतरफा तरीके से मंदिर ट्रस्ट का गठन किया, लेकिन किसी की भी जवाबदेही तय नहीं की गई।
**- अशोक गहलौत,** पूर्व सीएम, राजस्थान



### तेल कंपनियों को लाभ

दुनिया भर में कच्चे तेल के दाम गिरने से पेट्रोल-डीजल के दामों में भारी कमी आई है और दूसरे देशों की जनता को तेल के घटे दामों के रूप में लाभ मिला है लेकिन इसके विपरीत भारत में भाजपा सरकार दाम नहीं घटा रही है और सरकार कंपनियों को लगातार फायदा पहुंचाने में लगी है।
**- अखिलेश यादव,** सांसद, सपा



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### पचौरी ने की केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से भेंट

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता सुरेश पचौरी अपने दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल से मुलाकात की।

### खेड़ापति माता मंदिर पर किया पौधरोपण



**औबेदुल्लागंज।** रिमझिम बारिश के बीच खेड़ापति माता मंदिर पर पौधरोपण अभियान चलाया जा रहा है। यहां प्रतिदिन पौधरोपण दीपक नागर द्वारा कराया जा रहा है। अन्वेष मंगलम ने मंदिर परिषर में आम के पौधे रोपे। इसके साथ सेवानिवृत्त डीएसपी परमार सिंह सिसोदिया ने फूलों के पौधे रोपे। पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हरप्रीत कौर व सामाजिक कार्यकर्ता त्रिलोचन सिंह बिट्टू ने बीलपत्र के पौधे रोपे। शिक्षक राकेश दुबे ने फूलों के पौधे रोपे। उन्होंने कहा सभी स्कूल संचालक अपने कैंपस को हराभरा करें और पौधरोपण को छात्रों से जोड़े।

### सीएमओ ने विकास कार्यों को दी प्राथमिकता

**औबेदुल्लागंज।** नगर पंचायत के 8 पार्षदों ने संयुक्त रूप से मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में नगर पंचायत की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आई है और वे विकास कार्यों को प्राथमिकता देतीं हैं। पार्षदों का कहना है कि वर्तमान सीएमओ द्वारा वित्तीय अनुशासन पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। नगर पंचायत में भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाने के साथ-साथ फर्जी बिलों के भुगतान पर भी सख्ती से नियंत्रण किया गया है। पार्षदों ने उम्मीद जताई कि इसी तरह पारदर्शी और जनहितकारी कार्य होते रहे तो नगर पंचायत विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगी।

### जयप्रकाश ने राकेश को जन्मदिन की दी बधाई



**औबेदुल्लागंज।** भाजपा के वरिष्ठ नेता जयप्रकाश शर्मा ने भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा के जन्म दिवस पर जिला कार्यालय में आयोजित सुंदरकाण्ड पाठ में शामिल होकर हार्दिक दी एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

| शुभांक | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 0538 | | |
| दिनः | 566 | 75 | 357 |
| रातः | 167 | 46 | 150 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 233 | 85 | 230 |
| रातः | 890 | 72 | 660 |

आरोपी के खिलाफ पहले भी सीहोर जिले के अहमपुर थाने में दर्ज है आपराधिक मामला

# सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने युवती से अभद्रता करने वाले आरोपी को किया गिरफ्तार, जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के अयोध्यानगर में युवती के साथ राह चलते अभद्रता करने वाले आरोपी को पुलिस ने सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के कुछ ही घंटों के भीतर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी की पहचान 23 वर्षीय अभिषेक विश्वकर्मा के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, 7 जुलाई की रात इंस्टाग्राम पर एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें एक युवती ने आरोप लगाया था कि बाइक सवार युवक ने उसके साथ अभद्रता की। वीडियो सामने आते ही अयोध्यानगर थाना पुलिस ने तत्काल मामले का संज्ञान लिया और वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में आरोपी की तलाश शुरू कर दी। जांच के दौरान पुलिस ने वीडियो और अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपी की पहचान अभिषेक विश्वकर्मा, पुत्र रमेश विश्वकर्मा, निवासी शंकर खदान के पास, अरेड़ी, भोपाल के रूप में की। इसके बाद पुलिस टीम ने उसे सी-सेक्टर, अरेड़ी के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।



पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जुलूस निकाला।

### 8वीं तक पढ़ा है आरोपी

पुलिस के मुताबिक आरोपी मूल रूप से सीहोर जिले के अहमदपुर थाना क्षेत्र के बाजार गांव, बरखेड़ा का रहने वाला है। वह आठवीं तक पढ़ा है और गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एरिया में मजदूरी करता है। आरोपी के खिलाफ पहले भी सीहोर जिले के अहमदपुर थाने में आपराधिक मामला दर्ज है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी महेश लिल्हारे के नेतृत्व में उप निरीक्षक सुनील देशमुख सहित थाना अयोध्यानगर की टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने कहा है कि महिलाओं के खिलाफ अपराधों और सार्वजनिक स्थानों पर अभद्रता की घटनाओं पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## अड़ीबाजी कर मारपीट करने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

राजधानी भोपाल की हनुमानगंज थाना पुलिस ने अड़ीबाजी कर मारपीट और वाहन में तोड़फोड़ के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, 23 जून 2026 को विदिशा जिले के सिरोंज निवासी 23 वर्षीय अदनान काजी कैंप क्षेत्र में अपनी कार के पास खड़ा था। इसी दौरान सलमान उर्फ घोड़ी, तंजीम, राशिद और साजिद वहां पहुंचे और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगे। अदनान द्वारा पैसे देने से इनकार करने पर आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की और उसकी कार के शीशे तोड़कर वाहन को क्षतिग्रस्त कर दिया। पीड़ित की शिकायत पर हनुमानगंज थाने में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। घटना के बाद मुख्य आरोपी सलमान उर्फ घोड़ी फरार हो गया था। पुलिस आयुक्त संजय कुमार के निर्देश पर फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत हनुमानगंज थाना पुलिस ने मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। सूचना मिली कि आरोपी सलीम चौक, काजी कैंप के पास मौजूद है। इसके बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी सलमान उर्फ घोड़ी (28) निवासी वाफना कॉलोनी, हनुमानगंज को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने घटना में शामिल होने की बात स्वीकार की। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी पर पहले से हत्या के प्रयास, हत्या, मारपीट, आर्म्स एक्ट, शासकीय कार्य में बाधा और अन्य गंभीर अपराधों सहित कई आपराधिक मामले दर्ज हैं।

राजधानी के परवलिया थाना क्षेत्र की घटना

# दूध व्यवसायी से लिफ्ट मांगी, रास्ते में चाकू से गला रेतकर छीने 4800 रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

परवलिया थाना क्षेत्र में सोमवार रात स्कूटर सवार दूध व्यवसायी से एक युवक ने लिफ्ट मांगी फिर गले पर चाकू से हमला कर उससे चार हजार आठ सौ रुपए की नगदी छीन ली। चाकू गले के पास लगने से दूध व्यवसायी को गंभीर चोट आई है। उसका निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दूध व्यवसायी की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ, अड़ीबाजी, लूटपाट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल और मुख्य सड़क पर लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है।

पुलिस के अनुसार सुनील उर्फ बबलू पाल परवलिया सड़क में रहते हैं और दूध का व्यवसाय करते हैं। उनका बेटा आईटी पार्क गांधी नगर के पास काम करता है। सोमवार रात करीब आठ बजे सुनील अपने बेटे को लेने के लिए स्कूटर लेकर निकले थे। ब्रिज के पास स्थित बस स्टाप के सामने पहुंचते ही एक युवक ने उन्हें हाथ देकर रोका। सुनील ने सोचा कि उसकी मदद कर उसे छोड़ देंगे।

- व्यवसायी के गले के पास चाकू लगने से आई गंभीर चोट
- पुलिस सीसीटीवी कैमरे के फुटेज चेक कर रही है



### अस्पताल में चल रहा इलाज

उन्होंने स्कूटर रोकी और उक्त युवक को स्कूटर पर बिठा लिया। युवक कुछ दूर तक स्कूटर में उनके साथ गया और पैसे मांगने लगा। अड़ीबाजी कर रहे युवक को सुनील पाल ने उसे पैसे देने से इंकार किया तो वह गाली-गलौज करने लगा। सुनील पाल ने स्कूटर रोक दी। इस पर आरोपी ने अपने पास रखा चाकू निकाला और सुनील के गला रेत दिया। गला रेतने के बाद आरोपी सुनील पाल की जेब में रखी चार हजार 800 रुपए की नगदी निकालकर फरार हो गया। राहगीरों ने घायल सुनील को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। इधर बुरी तरह से गला रेतने के कारण सुनील को गंभीर चोट थी। अस्पताल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सुनील पाल की शिकायत पर अज्ञात बदमाश के खिलाफ अड़ीबाजी, लूटपाट और हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर लिया है।

### इलेक्ट्रीशियन ने फांसी लगाकर दी जान

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर ईडब्ल्यूएस में सोमवार रात एक इलेक्ट्रीशियन ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। उसके पास से सुसाइड नोट नहीं मिला है। साथ ही परिजन के बयान में भी ऐसी कोई बात सामने नहीं आई है, जिससे आत्महत्या के कारण का पता चल सके। पुलिस ने शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया। पुलिस के अनुसार सोनू सोनी (24) ईडब्ल्यूएस आनंद नगर, पिपलानी में रहता था और इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। तीन भाइयों में वह सबसे छोटा था। उसके पिता का वर्ष 2004 में बीमारी के कारण निधन हो चुका है। 2009 में मां भी बीमारी के कारण चलबसी। सोनू के बड़े भाई ने घर की जिम्मेदारी संभाली और सब्जी का व्यवसाय किया। सोनू सबसे छोटा था और इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। सोनू सोनी सोमवार को अपने नाना नानी को लेकर मामा के घर पहुंचा और उसने भाइयों से कहा कि मामा के घर नाना नानी से मिलकर आ जाओ। रात करीब 9 बजे भाई घर पहुंचे तो सोनू ऊपर वाले कमरे में फांसी के फंदे पर लटका नजर आया। वह सोनू को फंदे से उतारकर निजी अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टर ने चेक करने पर राजू को मृत घोषित कर दिया।

# मंडीदीप में जैन मंदिर की दो दान पेटियां चोरी शनिवार मार्केट से बाइक ले भागे बदमाश

## मंडीदीप थाना पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले की जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में चोरी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। ताजा मामलों में एक ओर अज्ञात बदमाशों ने श्री तारण तरण दिगंबर जैन चैत्यालय (जीनालय) मंदिर की दो दान पेटियां चोरी कर उनमें रखी नकदी पार कर दी। वहीं दूसरी ओर शनिवार मार्केट क्षेत्र से एक बाइक भी चोरी हो गई। दोनों मामलों में मंडीदीप थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार मंदिर समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार जैन (50) निवासी पटेल नगर ने शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई की रात करीब 2 बजे मंदिर के पास रहने वाले कृष्णा साहू ने फोन कर मंदिर परिसर से संदिग्ध आवाजें आने की सूचना दी। इसके बाद मंदिर समिति के सदस्य संजय जैन, शैलेन्द्र जैन और अनिल नागर मौके पर पहुंचे। बाहर का गेट बंद था, लेकिन मंदिर के मुख्य द्वार का ताला खुला मिला। अंदर रखी दोनों लोहे की दान पेटियां गायब थीं। आसपास तलाश करने पर दोनों पेटियां खाली अवस्था में मिलीं। अज्ञात चोर उनमें रखी पूरी नकदी निकालकर फरार हो चुके थे।

### चंद मिंटों में बाइक चुराकर ले गए चोर

वहीं शनिवार मार्केट क्षेत्र से बाइक चोरी का मामला भी सामने आया है। फरियादी रमेश लोवंशी ने पुलिस को बताया कि वह 29 जून को निजी कार्य से शनिवार मार्केट गए थे। उन्होंने अपनी हीरो एचएफ डीलक्स बाइक बाजार में खड़ी की थी। कुछ मिनट बाद लौटने पर बाइक वहां नहीं मिली। अपने स्तर पर काफी तलाश करने के बाद भी वाहन का कोई सुराग नहीं लगा, जिसके बाद उन्होंने मंडीदीप थाने में शिकायत दर्ज कराई। मंडीदीप थाना पुलिस ने दोनों मामलों में अज्ञात आरोपियों पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पूर्व मुख्यमंत्री स्व. पटवा की पत्नी फूलकुंवर पटवा को दी जन्मदिन की बधाई






**औबेदुल्लागंज।** मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री, पद्मविभूषण स्व. सुन्दरलाल पटवा की धर्मपत्नी व फूलकुंवर पटवा 'बाई जी' के जन्मदिवस पर भोपाल निवास पर पहुंचे मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल और भाजपा के पूर्व अध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुमित पचौरी ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## भेल में 5 दिवसीय ट्रेनिंग- 'यंग मैनेजर्स प्रोग्राम' का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएचईएल में मंगलवार को 5 दिवसीय ट्रेनिंग- 'यंग मैनेजर्स प्रोग्राम' का शुभारंभ टीयू सिंह, महाप्रबंधक (मासं) ने किया। इस अवसर पर आरिफ अहमद सिद्दीकी, अपर महाप्रबंधक (मासंविके.), उमेश कुमार सावले और तरुण कुमार कौशिक भी मौजूद थे।

सिंह ने तेजी से बदलते तकनीकी माहौल में लगातार सीखने और हालात के अनुसार ढलने की अहमियत पर जोर देते हुए कहा कि प्रतिभागियों को संगठन में शॉर्ट-टर्म और लॉन्ग-टर्म सुधार के लिए नए तरह के रचनात्मक तरीकों को खोजने एवं बिजनेस प्रोसेस व असरदार प्लानिंग की अहमियत को समझने की जरूरत है। आरिफ सिद्दीकी ने कहा 'यंग मैनेजर्स प्रोग्राम' युवा को उनकी क्षमता को पहचानने, लीडरशिप की काबिलियत को मजबूत करने और चुनौतीपूर्ण कामों के लिए खुद को तैयार करने में मदद के लिए बनाया है।

## इंस्टाग्राम फ्रेंड ने झांसा देकर इंजीनियरिंग छात्रा से किया दुष्कर्म

**भोपाल।** कोहेफिजा थाना क्षेत्र की एक लॉज में इंजीनियरिंग छात्रा से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। आरोपी से पीड़िता की मुलाकात इंस्टाग्राम पर हुई थी। दोनों को दोस्ती हुई और फिर बहाने से एक लॉज में ले जाकर आरोपी ने दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी नवीन खान नामक ने जल्द ही शादी करने का झांसा दिया। करीब एक साल तक दैहिक शोषण करने के बाद पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। आरोपी ने शादी से साफ इनकार कर दिया और बात करना भी बंद कर दी। तब पीड़िता ने कोहेफिजा थाने जाकर दुष्कर्म का प्रकरण दर्ज करा दिया। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर दुष्कर्म की धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# औबेदुल्लागंज में रोजाना लग रहा जाम घंटों फंसे रहते हैं कर्मचारी और विद्यार्थी

## प्रशासन और जनप्रतिनिधियों की चुप्पी पर उठ रहे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर के प्रमुख मार्गों और चौराहों पर प्रतिदिन लगने वाले जाम ने लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी है। सीताराम चौराहा, गौहरगंज रोड मुख्य चौराहा और बरखेड़ा रोड पर सुबह से लेकर शाम तक वाहनों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। इस समस्या के बावजूद न तो प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रहा है और न ही जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान दे रहे हैं। रोजाना लगने वाले जाम का सबसे अधिक असर नौकरीपेशा लोगों और विद्यार्थियों पर पड़ रहा है। कई कर्मचारी समय पर अपने कार्यालय नहीं पहुंच पा रहे हैं, वहीं स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।



सड़क पर लगा जाम।

### अतिक्रमण से समस्या हुई और गंभीर

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि नगर में बढ़ते यातायात दबाव और सड़क किनारे अतिक्रमण के कारण समस्या और गंभीर हो गई है। लोगों का आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारी स्थिति से पूरी तरह अवगत होने के बावजूद कोई भी कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि प्रमुख चौराहों पर नियमित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, अतिक्रमण हटाया जाए और जाम की समस्या के स्थायी समाधान के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार की जाए।



## सेफ क्लिक अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को किया साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक

**मंडीदीप।** मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'सेफ क्लिक अभियान' के तहत मंडीदीप एवं सतलापुर क्षेत्र के विद्यालयों में साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रमों में छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों से बचाव, सुरक्षित डिजिटल व्यवहार और ऑनलाइन ठगी से सतर्क रहने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में थाना प्रभारी रंजीत सराठे ने छात्राओं को साइबर फ्रॉड के विभिन्न तरीकों से अवगत कराया। उन्होंने फर्जी लिंक, ओटीपी साझा करने के खतरे, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, डिजिटल भुगतान के दौरान सावधानी तथा ऑनलाइन ठगी से बचने के उपायों की जानकारी दी।

देश में ही होगा 'एल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइज़र' का विनिर्माण

# भारत में ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए भेल और थाइसनक्रुप न्यूसेरा कंपनी के बीच हुआ समझौता

'मेक इन इंडिया' और 'हरित हाइड्रोजन मिशन' को मिलेगा बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत को स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए देश की अग्रणी इंजीनियरिंग कंपनी बीएचईएल और थाइसनक्रुप न्यूसेरा इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने एक रणनीतिक साझेदारी की है। इस समझौते के तहत भारत में ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं के लिए आवश्यक एल्कलाइन इलेक्ट्रोलाइज़र प्रणाली का चरणबद्ध तरीके से स्वदेशीकरण और स्थानीय विनिर्माण किया जाएगा। यह साझेदारी भारत सरकार के 'राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन' और 'मेक इन इंडिया' अभियान को नई गति देने में मील का पत्थर साबित होगी।




बीएचईएल और थाइसनक्रुप न्यूसेरा कंपनी के बीच समझौते कार्यक्रम के दौरान मौजूद अधिकारी व अन्य।

### दोनों कंपनियों के अधिकारियों ने दस्तावेजों पर किए हस्ताक्षर

भोपाल में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में दोनों कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने आधिकारिक दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। भेल की ओर से वाई श्रीनिवास राव (कार्यपालक निदेशक) और सुतृप्तो डे (महाप्रबंधक एवं प्रमुख, न्यू एंड रिन्यूएबल एनर्जी बिज़नेस) शामिल थे। वहीं थाइसनक्रुप न्यूसेरा की ओर से किरण जोसेफ (सीईओ) और मनीष भोसले (निदेशक, बीडी एंड सेल्स) उपस्थित थे। इस ऐतिहासिक अवसर पर भारत एवं भूटान में जर्मनी के राजदूत महामहिम डॉ. फिलिप एकरमन विशेष रूप से उपस्थित थे। उनके साथ भेल की निदेशक (औद्योगिक प्रणाली और उत्पाद) बानी वर्मा और निदेशक (इंजीनियरिंग, अनुसंधान एवं विकास) एसएम रामनाथन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

### इसलिए खास है यह समझौता

ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करने के लिए पानी से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को अलग करना होता है, जिसके लिए इलेक्ट्रोलाइज़र सबसे महत्वपूर्ण उपकरण है। अब तक भारत इसके लिए बड़े पैमाने पर विदेशी आयात पर निर्भर रहा है। इस समझौते के बाद इलेक्ट्रोलाइज़र तकनीक का निर्माण भारत में ही होगा, जिससे ग्रीन हाइड्रोजन परियोजनाओं की लागत में भारी कमी आएगी और भेल की प्रोजेक्ट डिलीवरी क्षमताएं और अधिक मजबूत होंगी।

### स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में भेल का नेतृत्व

पावर, ट्रांसमिशन, डिफेंस, ट्रांसपोर्टेशन और एयरोस्पेस जैसे क्षेत्रों में दशकों का अनुभव रखने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी भेल अब देश के इंफ्रास्ट्रक्चर निर्माण के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में अपनी विनिर्माण क्षमताओं का विस्तार कर रही है। यह समझौता भारत को वैश्विक ग्रीन हाइड्रोजन हब बनाने के संकल्प को और सुदृढ़ करता है।

# अव्वल आए 94 छात्र-छात्राओं का किया सम्मान, सिद्ध भाऊ बोले- पढ़ाई के बिना मनुष्य का कोई मोल नहीं

## 75 छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री ने लैपटॉप राशि 25 हजार प्रदान की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ एज्युकेशनल सोसाइटी गांधीनगर द्वारा संचालित लक्ष्मीदेवी विक्योमल शर्राफ उ.मा. विद्यालय एवं प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल पीपलनेर गांधीनगर में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के 94 छात्र-छात्राओं का मंगलवार को पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया। सम्मान समारोह का शुभारंभ सिद्ध भाऊ ने किया। प्रारंभ में सिद्ध भाऊ का स्वागत शाला के सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी, प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल के प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी, प्राचार्या जयश्री ममतानी एवं नवीन नामदेव द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया।

विद्यालय की वार्षिक रिजल्ट रिपोर्ट में बताया गया कि इस वर्ष विद्यालय के कक्षा 12वीं के 75 छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री द्वारा लैपटॉप राशि 25 हज़ार प्रदान की जाएगी एवं बोर्ड परीक्षाओं का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा। इस अवसर पर सिद्ध भाऊ ने कहा कि पढ़ाई के बिना मनुष्य का कोई मोल नहीं है।




विद्यार्थियों को सम्मानित करते सिद्ध भाऊ व अन्य।

### विद्यार्थी जीवन तपस्या के समान

विद्यार्थी जीवन तपस्या के समान है, अभी जितना मन लगाकर पढ़ोगे आगे जीवन में उतना ही सुखी रहोगे, पढ़ा लिखा व्यक्ति सभी जगह सम्मान पाता है। विद्यालय की होनहार छात्रा निहारिका नागर जिसने नेशनल एवं इंटरनेशनल कराते चैम्पियनशिप में 20 स्वर्ण, 1 रजत एवं 3 कांस्य पुरस्कार अर्जित किए हैं। निहारिका एवं कोच भावना यादव को भी सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार विद्यालय की प्राचार्या जयश्री ममतानी ने किया। इस अवसर पर समस्त शाला परिवार एवं पालकगण भी उपस्थित थे।



# देश मेरे तुम भूल न जाना वन वीरों के बलिदानों को...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

देश की आजादी में वन वीरों अर्थात आदिवासियों का भी महत्तवपूर्ण योगदान है, फिर वो बिरसा मुंडा हो या टंट्या भील (टंट्या मामा), भीमा नायक हो या सिद्धू और कान्हू मुर्मू कुछ ऐसे ही आदिवासियों की गाथा को दर्शाती 'आदिवासी क्रांति वीर स्मृति महोत्सव 2026' की प्रस्तुति का आयोजन किया मंगलवार को शौर्य स्मारक में किया गया।

*अंतरराष्ट्रीय अनघ मंच का ऐतिहासिक आयोजन 'आदिवासी क्रांति वीर स्मृति महोत्सव 2026'*



'आदिवासी क्रांति वीर स्मृति महोत्सव 2026' में संबोधित करते अतिथि।

### आदिवासियों के अंतिम बलिदान को इतिहास में दर्ज कराने की छेड़ी मुहिम

आजादी के लंबे संघर्ष में हजारों आदिवासियों द्वारा किए गए अंतिम बलिदान को इतिहास में दर्ज कराने की मुहिम पर आधारित इस प्रस्तुति का आयोजन अंतरराष्ट्रीय अनघ मंच ने किया। भूतपूर्व वर्दीधारी सैनिकों द्वारा स्थापित एक स्वपोषित संस्था अंतरराष्ट्रीय अनघ मंच द्वारा 'आदिवासी क्रांति वीर स्मृति महोत्सव 2026' के रूप में काव्यांजलि के रूप में आयोजित इस कार्यक्रम में राज्य मंत्री धर्मेंद्र भाव देव लोधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

### आजादी, विकास आधारित कविताओं से सजी शाम

इस आयोजन में देश के विभिन्न शहरों से आए 60 से ज्यादा जाने-माने कवियों ने आदिवासियों के विभिन्न विषयों सहित भारत की आजादी और विकास में उनके योगदान पर शानदार कविताएं सुनाई, जिसने श्रोताओं का मनोरंजन ही नहीं किया, बल्कि आदिवासियों के बारे में दिलचस्प जानकारियां भी दीं। काव्यांजलि शीर्षक से प्रस्तुत इस कार्यक्रम के केंद्र में आदिवासी, उनका बलिदान तथा उनके रहन-सहन, संस्कृति और परंपराओं की बात की गई।

### चार श्रेष्ठ कविताओं को किया पुरस्कृत

इस अवसर पर काव्यांजलि में प्रस्तुत की गई कविताओं पर विभिन्न आयामों में चार श्रेष्ठ कविताओं को पुरस्कृत भी किया गया। 29 -30 जनवरी को भोपाल में ही लगातार वीर रस की कविताओं का 25 घंटे पाठ कर इस संस्था ने विश्व रिकॉर्ड बनाया। सामाजिक सरोकार संस्कृति और साहित्य के क्षेत्र में मैं भी अपने कार्यों के बल पर यह संस्था 11 विश्व रिकॉर्ड बना चुकी है।

### कविता, संगीत और नृत्य के संग कल गूंजेंगे स्वाधीनता के गान

**भोपाल।** रवीन्द्रनाथ टैगोर विवि के द्वारा में 'स्वाधीनता के गान' का भव्य मंचन 9 जुलाई को शाम 7 बजे रवीन्द्र भवन में होगा। इस विशेष प्रस्तुति में 75 से अधिक बाल एवं युवा कलाकार कविता, संगीत, नृत्य और अभिनय के माध्यम से देशभक्ति की भावनाओं को जीवंत करेंगे। करीब डेढ़ घंटे की इस प्रस्तुति में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, बंकिमचन्द्र चट्टोपाध्याय, मैथिलीशरण गुप्त, जयशंकर प्रसाद, सुभद्रा कुमारी चौहान, माखनलाल चतुर्वेदी सहित अनेक राष्ट्रकवियों की रचनाओं का मंचन किया जाएगा। कार्यक्रम की परिकल्पना संतोष चौबे ने की है। नृत्य संयोजन क्षमा मालवीय, संगीत संतोष कौशिक एवं उमेश तरकसवार का है, जबकि प्रस्तुति का कथानक विनय उपाध्याय की आवाज में साकार होगा। इस अवसर पर आईसेक्ट पब्लिकेशन द्वारा प्रकाशित पुस्तक 'स्वाधीनता के गान' का लोकार्पण भी किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी को स्वतंत्रता आंदोलन में साहित्य और कविता के योगदान से परिचित कराना तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को सशक्त करना है।

## जवाहर बाल भवन के स्थापना दिवस समारोह का समापन

# 'रीढ़ की हड्डी' के जरिए दिया बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का संदेश...

प्रदेश की महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया थीं समारोह की मुख्य अतिथि

स्कूली बच्चों के भजन के साथ सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा सबका मन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

जवाहर बाल भवन के स्थापना दिवस सप्ताह के अंतर्गत आयोजित विविध प्रतियोगिताओं एवं समर कैंप-2026 की विशेष कार्यशालाओं का समापन मंगलवार को महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया के मुख्य आतिथ्य में हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ संगीत प्रभाग के बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद नृत्य प्रभाग ने कथक गुरु वंदना, भजन और मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मंत्री निर्मला भूरिया ने बच्चों के प्रयासों की जमकर सराहना की।

**कार्यक्रम के दौरान रंगीलो मारो ढोलना... की प्रस्तुति ने बांधा समां**

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नाट्य प्रभाग द्वारा बालिका शिक्षा पर आधारित प्रभावशाली नाटक 'रीढ़ की हड्डी' का मंचन रहा जिसमें बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया गया, भावनाओं और संवेदनाओं से परिपूर्ण इस प्रस्तुति को दर्शकों ने खूब सराहा। अंत में बच्चों ने राजस्थानी लोकनृत्य 'रंगीलो मारो ढोलना' की आकर्षक प्रस्तुति देकर समां बांध दिया।



सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देते स्कूल के विद्यार्थी।



स्कूल में बच्चों की पेंटिंग्स का अवलोकन करतीं मंत्री भूरिया।

### पुरस्कार वितरण के साथ हुआ समापन

*मंत्री निर्मला भूरिया ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना करते हुए बच्चों को अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने और सृजनात्मक गतिविधियों से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया। समारोह के अंत में अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट किए गए तथा पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।*



नाटक के बाद सभी कलाकार। इनसेट में मंचन करता एक कलाकार।

## कार्यशाला के बाद नाटक 'दुपहर' का मंचन

# मित्रता, साहस और मानवीय संवेदनाओं को दर्शाता 'दुपहर'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैंक ऑफ इंडिया, स्टाफ ट्रेनिंग कॉलेज, भोपाल में नवपदोन्नत अधिकारियों के प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत विहान ड्रामा वर्क्स द्वारा थिएटर आधारित विशेष कार्यशाला एवं चर्चित नाटक 'दुपहर' का मंचन किया गया।

नाटक में रूपांतरण, परिकल्पना एवं निर्देशन सौरभ अनंत का है, जबकि गीत एवं संगीत निरंजन कार्तिक द्वारा तैयार किए गए हैं। दो बच्चों 'कप्तान' और 'बिगुल' की यात्रा के माध्यम से प्रस्तुत यह नाटक बचपन, कल्पना, मित्रता, साहस और जीवन की मानवीय संवेदनाओं को अत्यंत प्रभावशाली ढंग से सामने लाता है। अपनी सादगी, जीवंत अभिनय, संगीत और भावनात्मक प्रस्तुति के कारण नाटक ने उपस्थित अधिकारियों को गहराई से प्रभावित किया।

### नए दृष्टिकोण से समझने का मिला अवसर

पूरे कार्यक्रम का उद्देश्य अधिकारियों के व्यक्तित्व विकास, प्रभावी संवाद, टीमवर्क, नेतृत्व और मानवीय संवेदनशीलता को अनुभवात्मक माध्यम से समृद्ध करना रहा। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि कार्यशाला और नाटक ने मिलकर उन्हें नेतृत्व, संवाद और मानवीय संबंधों को एक नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर दिया।

### मासिक सांस्कृतिक श्रृंखला में संतवाणी गायन 10 को

**भोपाल।** कलाव्योम फाउंडेशन की ओर से अक्षदा सोशल वेलफेयर सोसायटी, स्वर निषाद संगीत संस्था एवं समरज्ञ कबीर फाउंडेशन के सहयोग से संतवाणी संगीत संध्या का आयोजन 10 जुलाई को किया जा रहा है। कुबेर बैंक्वेट, बाग मुगलिया में आयोजित होने जा रहा यह कार्यक्रम सायं 6.30 बजे से प्रारंभ होगा। मुख्य अतिथि उस्ताद अलाउद्दीन खां संगीत एवं कला अकादमी के निदेशक प्रकाश सिंह ठाकुर होंगे। भारतीय सांस्कृतिक विरासत के इस कार्यक्रम में स्वर निषाद संगीत संस्था के कलाकार संतवाणी की प्रस्तुतियां देंगे, जो भक्ति, अध्यात्म एवं लोकमंगल पर आधारित होंगी। इस प्रस्तुति का निर्देशन एवं परिकल्पना युवा संगीतज्ञ आकाश गुंटीवार द्वारा की गई है, जिसमें मीराबाई, कबीर दास, नानक दास, अमीर खुसरो इत्यादि संतों की वाणियों को अनूठे अंदाज में प्रस्तुत किया जाएगा।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर '8 बिलियन एंजेल्स' का विशेष प्रदर्शन कल

**भोपाल।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर नेशनल सेंटर फॉर ह्यूमन सेटलमेंट्स एंड एनवायरनमेंट (एनसीएचएसई) और सिने क्लासिक के द्वारा चर्चित डॉक्यूमेंट्री फिल्म '8 बिलियन एंजेल्स' का विशेष प्रदर्शन 9 जुलाई, गुरुवार को शाम 5.30 बजे आयोजित किया जाएगा। 8 बिलियन एंजेल्स एक विचारोत्तेजक डॉक्यूमेंट्री है जो बढ़ती वैश्विक जनसंख्या, प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव, जैव विविधता के क्षरण, जलवायु परिवर्तन और सतत विकास जैसी चुनौतियों पर गंभीर प्रश्न उठाती है।

- **जनसंख्या, पर्यावरण और भविष्य की चुनौतियों पर विचारोत्तेजक डॉक्यूमेंट्री**

फिल्म विभिन्न विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों और सामाजिक चिंतकों के विचारों के माध्यम से यह समझने का प्रयास करती है कि पृथ्वी के सीमित संसाधनों के बीच मानवता का भविष्य किस दिशा में बढ़ रहा है। फिल्म का प्रमुख संदेश यह है कि जनसंख्या, पर्यावरण और जीवन की गुणवत्ता के बीच गहरा संबंध है तथा शिक्षा, लैंगिक समानता और जागरूक नागरिकता के माध्यम से एक अधिक संतुलित और टिकाऊ भविष्य का निर्माण किया जा सकता है।

## चेतना थिएटर, नीलबड़ में आयोजित किया गया नाटक

# संवादहीनता और ओवरथिंकिंग पर आधारित नाटक चेतना थिएटर में नाटक 'बातों बातों में' का मंचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आधुनिक वैवाहिक रिश्तों में संवादहीनता, गलतफहमियों और ओवरथिंकिंग का प्रभाव ऐसा है कि यह आपसी रिश्तों की दूरियों का कारण बनता है, इसी संवेदनशील विषय पर आधारित नाटक 'बातों बातों में' का मंचन मंगलवार शाम चेतना थिएटर, नीलबड़ में हुआ, द राइजिंग सोसायटी ऑफ आर्ट एंड कल्चर द्वारा प्रस्तुत एवं संदीप पाटिल के लेखन व निर्देशन में तैयार नाटक में मार्गदर्शन प्रीति झा तिवारी का रहा।

**आधुनिक वैवाहिक रिश्तों में संवादहीनता, गलतफहमियां रिश्तों में दूरियों का कारण**



नाटक 'बातों बातों में' का मंचन करते कलाकार।

### रिश्तों को बचाने के लिए खुला संवाद बेहद आवश्यक

यह नाटक आधुनिक वैवाहिक रिश्तों में संवादहीनता, गलतफहमियों और ओवरथिंकिंग के प्रभाव को संवेदनशील ढंग से प्रस्तुत करता है। कहानी 'समय' नामक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपनी पत्नी से तलाक लेने का निर्णय कर चुका है। रेलवे स्टेशन पर एक अनजान महिला से हुई बातचीत उसके जीवन और रिश्ते को देखने का नजरिया बदल देती है। अंत में सामने आया एक अप्रत्याशित सच दर्शकों को यह संदेश देता है कि रिश्तों को बचाने के लिए खुला संवाद और एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझना बेहद जरूरी है। नाटक में संदीप पाटिल, रिया सिंह, प्रदीप डोंगरे और काव्य पुरोहित प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। आयोजकों ने कला प्रेमियों और रंगकर्मियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर नाटक का आनंद लेने की अपील की है।



नाटक 'बातों बातों में' का एक दृश्य।



नाटक का मंचन करते कलाकार।

## फेडरेशन ऑफ मप्र चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री में हुई शपथ समारोह

# कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स की नई कार्यकारिणी का किया गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स केट के भोपाल चैप्टर की नई महिला कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह मंगलवार को फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री, मालवीय नगर में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर मालती राय रहीं। आयोजन का उद्देश्य महिला उद्यमियों को सशक्त बनाना, व्यापार को बढ़ावा देना और सामाजिक सरोकारों को प्रोत्साहित करना रहा।




नव निर्वाचित सदस्य प्रमाण पत्र दिखाती हुईं।

### इन्होंने संभाला पदभार

*समारोह में अर्चना श्रीवास्तव ने चेयरपर्सन, रुचिका सचदेव ने अध्यक्ष, आरती बिसारिया ने उपाध्यक्ष, रैना मिश्रा ने सचिव, रश्मि जैन ने संयुक्त सचिव तथा नेहा श्रीवास्तव ने कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। कार्यक्रम का संयोजन एमएसएमई राष्ट्रीय प्रमुख मंजरी पत्रीकर एवं जोनल प्रमुख स्तुति श्रीवास्तव ने किया।*

### वित्तीय कौशल एवं व्यापार संवर्धन पर विशेष सत्रों का आयोजन

*इस अवसर पर महिला उद्यमियों के लिए वित्तीय कौशल एवं व्यापार संवर्धन विषय पर विशेष सत्र आयोजित किया गया। पंजाब नेशनल बैंक के सर्कल हेड धीरेंद्र झा तथा स्टार्टअप विशेषज्ञ अमृता शिंगवेकर ने वित्तीय प्रबंधन, व्यवसाय विस्तार और स्टार्टअप से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर मार्गदर्शन दिया।*



नव निर्वाचित सदस्यों को प्रमाण पत्र देतीं महापौर मालती राय।

## निटर में 'शास्त्र से संस्कृति तक' विषय पर व्याख्यान

# भारतीय ज्ञान परंपरा मूल प्रश्नों को लेकर आगे बढ़ती है: डॉ. विश्वबंधु

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय ज्ञान परंपरा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान तथा राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (निटर) के संयुक्त तत्वावधान में मंगलवार को उन्मुखीकरण व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसका विषय शास्त्र से संस्कृति तकः संस्कृति वाक्य में भारतीय ज्ञान-परंपरा का स्वरूप रहा। मुख्य वक्ता त्रिपुरा केंद्रीय विवि के संस्कृत विभाग में सह प्राध्यापक डॉ. विश्वबंधु ने उद्बोधन की शुरुआत महाकवि कालिदास की उक्ति के माध्यम से करते हुए शिक्षित व्यक्ति के दायित्व पर प्रकाश डाला।



व्याख्यान समारोह में पौधा भेंट कर अतिथियों का स्वागत करते हुए।

### शास्त्र और संस्कृति एक-दूसरे से पृथक नहीं...

*डॉ. विश्वबंधु ने कहा कि किसी विषय का वास्तविक ज्ञान केवल इंद्रियों से ग्रहण कर लेने में नहीं, बल्कि उसे अनुभूति के स्तर तक आत्मसात कर अपने शिष्यों एवं समाज तक पहुंचाने में निहित है। भारतीय ज्ञान परंपरा के मूल प्रश्नों की चर्चा करते हुए शास्त्र और संस्कृति के अंतर्संबंध को स्पष्ट किया। शास्त्र और संस्कृति एक-दूसरे से पृथक नहीं, बल्कि परस्पर पूरक एवं अभिन्न हैं। वर्तमान समय में शास्त्र को संस्कृति से अलग करने का प्रयास अकादमिक दृष्टि से उचित नहीं है क्योंकि संस्कृति का उद्भव शास्त्र से होता है तथा समाज उसी के आधार पर अपनी जीवन-पद्धति का निर्माण करता है।*

### भारतीय ज्ञान परंपरा सनातन ग्रंथों तक सीमित नहीं

*दत्तोपंत ठेंगड़ी शोध संस्थान के निदेशक डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल सनातन ग्रंथों तक सीमित नहीं है, बल्कि वह भारतीय संस्कृति के संपूर्ण वाक्य का प्रतिनिधित्व करती है। आज जब देश नए बौद्धिक विमर्श की ओर अग्रसर है, तब हमारे प्राचीन वाक्य का पुनर्पाठ और पुनर्मूल्यांकन हो रहा है। उन्होंने चिंता व्यक्त की कि पिछले कुछ दशकों में हम अपनी मातृभाषाओं और मूल भाषाओं से दूर होते गए हैं, जिसके परिणामस्वरूप हम अपनी जड़ों और भारतीयता से भी दूर होते जा रहे हैं। समापन अवसर पर निटर के निदेशक डॉ. सी. सी. त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता अपने मूल ग्रंथों, शास्त्रों और भारतीय ज्ञान-संपदा का गंभीर अध्ययन है।*

### यह रहे उपस्थित

*इस अवसर पर प्रो. अल्पना त्रिवेदी, डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ. विश्वबंधु, डॉ. सीसी त्रिपाठी तथा डॉ. पी.के. पुरोहित प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।*


नासिक के त्र्यंबकेश्वर तहसील में पाहिने और भिलमाल गांवों को जोड़ने वाला सड़क मार्ग टूटा

मुंबई, दहिवली, दादर और ठाणे में आंधी और बारिश का कहर बरपा

# देश के कई राज्यों में भारी बारिश बनी आफत

◆ रत्नागिरी में भूस्खलन से कई मकान गिरे, कई लोगों को मलबे से बाहर सुरक्षित निकाला, अभी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका

एजेंसी ▶▶ मुंबई

महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण बड़ा भूस्खलन हो गया। इसमें 5 मकान मलबे में दब गए और कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है।

यह घटना सोमवार रात खेड़ तहसील के दहिवली इलाके में हुई। हादसे के बाद 75 वर्षीय कल्पना शेलार को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया।

### लोगों को मलबे से निकाला जा रहा

शांताराम शेलार और सतीश शेलार समेत अन्य लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ, स्थानीय पुलिस और अन्य राहत एवं बचाव एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और युद्धस्तर पर राहत एवं बचाव अभियान शुरू किया। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री उदय सामंत ने मंगलवार सुबह घटनास्थल का दौरा कर राहत एवं बचाव कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों से स्थिति की जानकारी ली।

### दो लेन बंद करना पड़े, हजारों वाहन जाम में फंसे



**गुरुग्राम।** मंगलवार को तेज बारिश के बीच दिल्ली-जयपुर हाईवे पर नरसिंहपुर के पास सड़क का एक हिस्सा धंस जाने से दो लेन को तत्काल बंद करना पड़ा। इससे दिल्ली-जयपुर हाईवे पर यातायात बुरी तरह प्रभावित हो गया और हीरो होंडा चौक से खेड़की दौला टोल प्लाजा तक वाहनों की लंबी कतार लग गई। शाम तक हजारों वाहन जाम में फंसे रहे। नरसिंहपुर में हाईवे के दोनों ओर बनी खुली ड्रेन को जोड़ने के लिए ट्रेंचलेस बैरल (पाइप जैकिंग) तकनीक से पाइप डालने का कार्य चल रहा है।

### नोएडा, गाजियाबाद में दिन में ही छाया अंधेरा



दिल्ली एनसीआर में मंगलवार को कई इलाकों में झमाझम बारिश देखने को मिली। नोएडा, गाजियाबाद समेत दिल्ली एनसीआर के कई इलाकों में झमाझम बारिश ने मौसम सुहावना कर दिया। आसमान में काले बादलों से दिन में ही अंधेरा छा गया। दिल्ली में मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था।

### महाराष्ट्र में अब तक 13 की मौत, कई घायल

शहर के कई इलाकों में बाढ़ जैसे हालात हैं। आम जनजीवन ठप हो गया है। अब महाराष्ट्र सरकार ने मुंबई में स्कूल-कॉलेज बंद रखने का फैसला किया है। मौसम विभाग ने आज भी भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। राज्य में अब तक 13 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 10 अन्य घायल हुए हैं। करीब 100 मकान क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बाढ़ के कारण सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं।


### 10 फीट गहरे गड्ढों में समाईं सड़कें, कार धंसी



**जयपुर।** यहां शहर के कई हिस्सों में सड़कें धंस गईं और 8-10 फीट तक गहरे गड्ढे बन गए। गोपालपुरा बाइपास पर इनोवा गड्ढे में जा गिरी। मानसरोवर में सड़क का करीब 20 फीट चौड़ा हिस्सा जमीन में समा गया। द्रव्यवती नदी के किनारे दो अलग-अलग स्थानों पर सड़क धंस गई। एक जगह सड़क का 20 फीट चौड़ा हिस्सा अचानक जमीन में समा गया

## खबर संक्षेप

### सीजेपी के एक्स पर बैन हटेगाः उच्च न्यायालय



**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने सोशल मीडिया पर शुरू हुई मुहिम 'कॉकरोच जनता पार्टी' के एक्स हैंडल को बहाल करने का आदेश दिया है। मंगलवार को पारित अपने फैसले में कोर्ट ने केंद्र के अकाउंट ब्लॉक करने के आदेश को रद्द कर दिया। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने अवरोधक आदेश के खिलाफ सीजेपी संस्थापक अभिजीत दीपके की याचिका पर यह फैसला दिया।

### 1.55 लाख करोड़ रुपए के ऋण को मंजूरी



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मंगलवार को बताया कि इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम (ईसीएलजीएस) 5.0 के तहत लॉन्च होने के बाद से अब तक 4,11,497 गारंटी जारी की जा चुकी हैं और इसके तहत कुल 1,55,229 करोड़ की गारंटी दी गई है, जो यह दर्शाता है कि बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली ने इस योजना को तेजी से अपनाया है। प्रभावित कारोबारों को बढ़ाएंगे।

### महाराष्ट्र की राजनीति में फिर हलचल बढ़ी



**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजनीति में एक बार फिर हलचल तेज़ है। अटकलें हैं कि शरद पवार की एनसीपी (शरद पवार) नया राजनीतिक रास्ता तलाश रही है। चर्चा है कि कांग्रेस में विलय की संभावना कमजोर पड़ने के बाद पार्टी अब सत्ता पक्ष (एनडीए) के साथ जाने के विकल्प पर मंथन कर रही है। हालांकि पार्टी दावों को सिरे से खारिज कर रही है। भाजपा भी नकार रही है।

### सपा ने दुबे को मानहानि का नोटिस भेजा



**लखनऊ।** सपा ने भाजपा सांसद निशिकांत दुबे को मानहानि का कानूनी नोटिस भेजा है। यह कार्रवाई अयोध्या के कथित चढ़ावा गड़बड़ी मामले के आरोपी टिन्नू यादव को लेकर सोशल मीडिया पर किए गए दावों और पोस्ट के बाद की गई है। अध्यक्ष अखिलेश यादव ने दुबे को पोस्ट हटाने के लिए चेतावनी दी थी। एक्स पर लिखा था सांसदों को समान अधिकार प्राप्त हैं।

### इस्कॉन की रथ यात्रा रोकने सरकार को पत्र



**नई दिल्ली।** श्री जगन्नाथ मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष और गजपति महाराजा दिव्यसिंह देव ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। उन्होंने उनसे आग्रह किया कि इस्कॉन की ओर से दुनियाभर में भगवान जगन्नाथ की समय से पहले निकाली जा रही 'स्नान यात्रा' और 'रथ यात्रा' को रोकने के लिए हस्तक्षेप करें।

## गलतफहमी दूर करने की मिली जिम्मेदारी, चन्नी और रंधावा नहीं पहुंचे

बाजवा के साथ प्रभारी बघेल ने की 45 मिनट बात

# बाजवा करेंगे मध्यस्थता, समझाइश देंगे अनुशासनहीनता पर नेताओं को नोटिस

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़/नई दिल्ली

चुनाव से पहले पंजाब कांग्रेस दोफाड़ न हो, इसके लिए नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा मध्यस्थता करते हुए प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल के साथ विवाद को शांत करवाने का प्रयास करेंगे। बघेल ने मध्यस्थता की अहम जिम्मेदारी बाजवा को सौंपी हैं। इसी प्रकरण में अनुशासनहीनता पर घनौर के पूर्व विधायक को पंजाब कांग्रेस की अनुशासन कमेटी ने नोटिस जारी कर दिया है।

■ चुनाव के पहले कांग्रेस में दो फाड़ रोकने की कवायद शुरू

चंडीगढ़ पहुंचते ही बघेल कांग्रेस भवन जाने के बजाय सीधे नेता प्रतिपक्ष प्रताप सिंह बाजवा के घर पहुंचे।

यहां उन्होंने बाजवा के साथ 45 मिनट बातचीत की। बघेल ने इस दौरान बाजवा को सभी नाराज नेताओं की उनसे बैठक करवाने की जिम्मेदारी सौंपी है। इसकी पुष्टि करते हुए नेता प्रतिपक्ष ने बताया कि पार्टी एकजुट रहे, वरिष्ठ नेता होने के नाते यह उनकी भी जिम्मेदारी है। जिन नेताओं के मतभेद है, वे सभी उनके संपर्क में हैं।

**कांग्रेस में बगावत के सुर तेज**


प्रताप सिंह बाजवा


भूपेश बघेल

### 5 दिन में नेताओं से करेंगे बातचीत

आने वाले पांच दिन में वे और प्रभारी बघेल सभी नेताओं से बात करेंगे। बाजवा के अनुसार बघेल ने आश्वस्त किया है कि वे सभी नेताओं के मनमुटाव दूर करेंगे, किसी को विधानसभा हलकों के संदर्भ में यदि कोई गलतफहमी है तो बघेल उसे भी स्पष्ट करेंगे। बाजवा ने कहा, उन्हें पूरी उम्मीद है कि सारे मसले इस हफ्ते निपट जाएंगे। यदि कोई बात रह जाती है तो निश्चित तौर पर नेताओं को हाईकमान से भी मिलवाया जाएगा।

### केंद्रीय टीम की बघेल से चर्चा

*मसले को शांत रखने और कुछ वरिष्ठ नेताओं से मिलने के लिए प्रियंका गांधी की ओर से भेजी गई दो वरिष्ठ कांग्रेसी नेताओं की टीम ने भी प्रदेश भारी भूपेश बघेल से बैठक कर उनसे इस विवाद के मौजूदा हालात व फीडबैक पर चर्चा की। उसके टीम दिल्ली लौट गई। यह टीम हाईकमान को अपनी रिपोर्ट सौंपेगी। बघेल भी इस विवाद को सुलझाने में केंद्रीय टीम के इनपुट व फीडबैक का इस्तेमाल करेंगे। दिल्ली लौटकर बघेल को भी अपनी रिपोर्ट हाईकमान को देनी है।*

### विधायक से मांगा जवाब



प्रदेशाध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग ने साफ कर दिया है कि इस प्रकरण में कोई भी नेता ऐसी टिप्पणी न करे जो अनुशासनहीनता के दायरे में आए। इसी कड़ी में पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी की अनुशासन समिति के चेयरमैन अवतार हेनरी ने घनौर के पूर्व विधायक मदन लाल जलालपुर को नोटिस जारी कर दिया है। उन्हें जारी नोटिस में कहा गया है कि उन्होंने पार्टी हाईकमान, वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल और भूपेश बघेल के विरुद्ध आपत्तिजनक और अपमानजनक टिप्पणियां की हैं। इन पार्टी विरोधी गतिविधियों से कांग्रेस के पदाधिकारियों और समस्त कार्यकर्ताओं में रोष है।

### चन्नी ने एकता पर दिया जोर



बगावत के झंडाबरदार पूर्व सीएम चरणजीत सिंह चन्नी ने भूपेश बघेल के आने से पहले सोशल मीडिया में अपने खेमे के नेताओं का फोटो वायरल कर लिखा-एकता में बल है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मोरिंडा आवास पर जो बैठक नाराज कांग्रेसियों की हुई थी, यह उसी कड़ी का अगला हिस्सा है। और सुखजिंदर सिंह रंधावा के बैठक में शामिल नहीं होने के सवाल पर वड़िंग ने कहा कि दोनों नेताओं से भूपेश बघेल की फोन पर बातचीत हो चुकी है।

### बाजवा और भूपेश ने अलग-अलग बैठक की

*विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर पार्टी का मंथन लगातार दूसरे दिन भी जारी रहा। कांग्रेस में गुटबाजी के बीच विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश प्रभारी भूपेश लगातार कांग्रेस नेताओं से मिले। पंजाब कांग्रेस भवन में पार्टी के प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल ने नेताओं के साथ अलग-अलग बैठकें कीं। बैठकों का सिलसिला दोपहर बाद तक चलता रहा।*

### चुनावी रणनीति पर चर्चा तेज

बैठक में पंजाब कांग्रेस के तीनों वर्किंग प्रेसिडेंट, महासचिवों और संगठन के अन्य पदाधिकारियों से अलग-अलग बातचीत की गई। दोपहर बाद जिला कांग्रेस अध्यक्षों के साथ भी बैठक प्रस्तावित रही, जिसमें संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और चुनावी रणनीति पर चर्चा की गई।

## दिल्ली में मिशन 70 लाख पौधरोपण

# शाह ने सेंट्रल रिज में लगाया वट का पौधा, हरी रहे दिल्ली


300 बसों की शुरुआत की

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को सेंट्रल रिज पर प्रेसिडेंट बॉडीगार्ड कैंपस में बरगद का पौधा लगाकर दिल्ली सरकार के पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। उनके साथ केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव, सीएम रेखा गुप्ता, लोक निर्माण मंत्री प्रवेश वर्मा और पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा भी मौजूद रहे।

इन सभी ने भी एक एक पौधा लगाया और उसमें पानी दिया। गुप्ता ने बेल पत्र जबकि अन्य ने बड़ का पौधा लगाया। शाह ने सभी दिल्लीवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ग्रीन ड्राइव पोर्टल पर जाकर पौधरोपण के लिए अपना स्लॉट बुक करें और अपने आसपास के स्कूलों, कॉलोनियों, मंदिरों, सोसाइटियों में, जहां भी भूमि उपलब्ध हो वहां पौधा लगाकर हरी-भरी दिल्ली का संकल्प साकार करें।



### 'एक पेड़ मां के नाम' का संदेश दिया

पीएम मोदी ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान शुरू कर पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाया और एक पेड़ अपनी मां और पृथ्वी मां के नाम लगाने का संदेश दिया। दिल्ली सरकार का वर्किंग प्लान डॉक्यूमेंट (2026–36), असोला भाटी अभयारण्य प्रबंधन योजना और बायो-डायवर्सिटी एटलस पूरे ग्रीन ईको-सिस्टम को पुनर्जीवित करने का व्यापक प्रयास है दिल्ली की पिछली सरकार के समय हर रोज 1,500 मीट्रिक टन गोबर यमुना जी में डाला जाता था।

### विशिष्ट अतिथियों ने भी लगाए पौधे

इसके बाद विशिष्ट अतिथियों का यह काफिला नानकपुरा रिज पर पहुंचा। डीडीए द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में भी यहां सभी ने पौधा रोपा। यहां से गृह मंत्री सहित अन्य सभी का काफिला आरके पुरम के सेक्टर 12 में सेंट्रल पार्क के लिए रवाना हुआ। यहां भी पहले पौधरोपण किया फिर 300 ई-बसों को हरी झंडी दिखाई जाएगी। यहां पर गृह मंत्री सहित अन्य अतिथियों को संबोधित भी किया। मालूम हो कि दिल्ली में साल 70 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

## सुप्रीम कोर्ट में डीएमके की अर्जी रद्द

# हम सीएम के काम तय नहीं कर सकते, कोर्ट 'जंग' का मंच नहीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

तमिलनाडु के करूर में हुए हादसे में 41 लोगों की मौत हो गई थी। यह मामला सुप्रीम कोर्ट तक पहुंच गया था। डीएमके ने मौजूदा टीवीके सरकार के खिलाफ याचिका दाखिल की थी। मुख्यमंत्री विजय हादसे के पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें मुआवजा और नौकरी देने वाले हैं, डीएमके का कहना था कि सीएम विजय को रोकना चाहिए, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने डीएमके की याचिका को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम किसी भी मुख्यमंत्री की गतिविधियों को तय नहीं करेंगे। जजों ने डीएमके के वकील से कहा कि वह कोर्ट को राजनीतिक लड़ाई का मंच न बनाएं।



अगर सत्ताधारी टीवीके के नेता हादसे को लेकर बयान दे रहे हैं, तो डीएमके भी उसके जवाब में बयान दे सकती है। यह लड़ाई कोर्ट के बाहर लड़ी जानी चाहिए। डीएमके ने कहा था कि विजय पीड़ितों को 10-10 लाख मुआवजा और सरकारी नौकरी देने के लिए करूर जाने वाले हैं।

## एकेटीयू के दीक्षांत समारोह में बोलीं पटेल

# पढ़ाई के बीच में प्रेग्नेंसी का पराक्रम मत दिखाइए, जरूरी हो तो शादी करें

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने मंगलवार को कहा कि पढ़ाई के दौरान लड़कियां प्रेग्नेंट हो जाती हैं। कइयों को बच्चा भी हो जाता है। उस बच्चे की जिम्मेदारी जानते हैं किस पर जाती है?

सरकार पर जाती है। ऐसा पराक्रम आप लोग मत करिए। दूर रहिए इन पराक्रमों से। मैं लव मैरिज के खिलाफ नहीं हूं, आप करिए लव मैरिज। आपको उनसे प्रेम है, उनको आपसे प्रेम है तो शादी करिए। लेकिन, शादी तभी करिए जब आत्मनिर्भर हो जाइए। मेरा बेटा बेंगलुरु पढ़ने गया। मैंने उससे कह दिया था कि अगर कोई लड़की पसंद आए तो बता देना, शादी करा देंगे। उसे कोई पसंद ही नहीं आई। राज्यपाल लखनऊ स्थित डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) के 24वें दीक्षांत समारोह में कुलाधिपति के तौर पर बोल रही थीं।



## राष्ट्रीय जूट बोर्ड ने परिधान तैयार किए

# कॉमनवेल्थ गेम में खिलाड़ी पहनेंगे जूट परिधान अब 'मेक इन इंडिया' को मिलेगी वैश्विक पहचान

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

भारत के जूट उद्योग और 'मेक इन इंडिया' अभियान के लिए एक ऐतिहासिक पहल करते हुए वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत राष्ट्रीय जूट बोर्ड ने जूट-विस्कोस मिश्रित विशेष परिधान तैयार किए हैं। इन्हें 23 जुलाई से 2 अगस्त तक स्कॉटलैंड के ग्लासगो में कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भाग लेने वाला भारतीय दल पहनेगा। यह पहला अवसर होगा जब किसी अंतरराष्ट्रीय बहु-खेल प्रतियोगिता में भारतीय खिलाड़ी जूट आधारित परिधानों में नजर आएंगे। नई दिल्ली में किट अनावरण एवं विदाई समारोह में केंद्रीय युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया, केंद्रीय वस्त्र मंत्री गिरिराज सिंह, खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा तथा आईओए की कार्यकारिणी के सदस्य मौजूद रहे। यह पहल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मेक इन इंडिया' और पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों को बढ़ावा देने के विजन से प्रेरित है।



### यह 100 प्रतिशत बायोडिग्रेडेबल है कपड़ा

राष्ट्रीय जूट बोर्ड द्वारा विकसित जूट-विस्कोस मिश्रित कपड़ा पूरी तरह 100 प्रतिशत जैव-अवक्रमणीय है। यह प्राकृतिक रेशों पर आधारित एक टिकाऊ और पर्यावरण-अनुकूल वस्त्र समाधान है, जो वैश्विक स्तर पर भारत की नवाचार क्षमता को प्रदर्शित करेगा।

**निफ्ट का रहा योगदानः** कपड़े के विकास में ग्लॉस्टर जूट मिल्स, कोलकाता ने राष्ट्रीय जूट बोर्ड का सहयोग किया। डिजाइन नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (निफ्ट), नई दिल्ली ने तैयार की है।

## 20 हजार ग्रामीण युवाओं को कृषि-उद्यमी बनाने का लक्ष्य

शिवराज ने बड़ी योजना लांच की

# चौहान ने 'प्रगति' को बदलाव का अहम संकल्प बताया विकसित भारत के बिना कृषि और समृद्ध गांव संभव नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को 'प्रगति' नामक एक राष्ट्रीय पहल का शुभारंभ किया। इसका उद्देश्य 20 हजार ग्रामीण युवाओं को कृषि-उद्यमी बनाकर देशभर के 20 लाख छोटे और सीमांत किसानों की आय, उत्पादकता और आजीविका में व्यापक सुधार लाना है।

यह पहल भारत में समावेशी, टिकाऊ और जलवायु-संवेदनशील कृषि परिवर्तन की दिशा में एक बड़ा कदम मानी जा रही है। चौहान ने कहा कि विकसित भारत का सपना विकसित कृषि और समृद्ध गांवों के बिना संभव नहीं है। सरकार का फोकस लागत घटाकर किसानों की आय बढ़ाना, फसल विविधीकरण को बढ़ावा देना और कृषि को लाभकारी बनाना है।



### कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाएगा

छोटे जोत वाले किसानों के लिए पारंपरिक खेती पर्याप्त नहीं है, इसलिए वैल्यू एडिशन, प्रोसेसिंग और कृषि आधारित उद्यमिता को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने बताया कि 'प्रगति' इसी सोच का विस्तार है जो किसानों को तकनीक, मशीनीकरण, मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन और बाजार से जोड़कर उनकी वास्तविक आय बढ़ाने का रास्ता तैयार करेगा।

### मप्र, यूपी समेत कई राज्यों में होगी लागू

यह पहल देश के प्रमुख कृषि राज्यों- मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, महाराष्ट्र, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, असम और झारखंड में लागू की जाएगी। कृषि-उद्यमी गांव स्तर पर सलाह, मिट्टी परीक्षण, मशीन सेवाएं, वित्तीय लिंक, बाजार कनेक्ट और वैकल्पिक आय के अवसर उपलब्ध कराएंगे। चौहान ने कहा कि केवल खेती करने से काम नहीं चलेगा, हमें वैल्यू एडिशन और विविधीकरण की ओर बढ़ना होगा- बागवानी, पशुपालन, मत्स्य पालन और मधुमक्खी पालन जैसे क्षेत्रों से किसानों की आय में गुणात्मक वृद्धि संभव है।

### 'कृषि सखी' और महिला उद्यमी बदलाव की धुरी बनेंगी

महिला भागीदारी को विशेष महत्व देते हुए चौहान ने कहा कि बड़ी संख्या में 'कृषि सखी' और महिला उद्यमी इस बदलाव की धुरी बनेंगी और एक-एक उद्यमी पूरे गांव की तस्वीर बदल सकता है। 'प्रगति' केवल एक योजना नहीं, बल्कि परिवर्तन का संकल्प है। यह गांवों को आत्मनिर्भर, रोजगारयुक्त और सशक्त बनाने का माध्यम बनेगी।

## यूडाइस की रिपोर्ट, शिक्षकों की संख्या 1 करोड़ के पार

# स्कूल छोड़ने वाले छात्रों की संख्या में दर्ज की गई गिरावट

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को एकीकृत जिला सूचना प्रणाली फॉर एजुकेशन प्लेस (यूडाइस प्लस) 2025-26 की रिपोर्ट जारी की है। इसमें स्कूलों में शिक्षकों की संख्या, छात्रों की ड्राप आउट दर, डिजिटल बुनियादी ढांचे और विद्यालयों के स्तर पर किए गए सुधारों का व्यापक रूप से जिक्र किया गया है। मंत्रालय ने बताया कि उक्त अवधि में स्कूलों में शिक्षकों की संख्या एक करोड़ के आंकड़े को पार कर 1 करोड़ 27 लाख 3 हजार 20 पर पहुंच गई है। यह कुल करीब 8.3% की वृद्धि को दर्शाती है। मंत्रालय ने बताया कि शिक्षकों की संख्या स्कूलों में बढ़ने से छात्र-शिक्षक अनुपात में भी सुधार देखने को मिला है। यह राष्ट्रीय शिक्षा नीति के 30:1 से बेहतर है।



**2.3 से 1.8% हुई स्कूल ड्रॉप आउट दरः** प्रारंभिक स्तर पर 2024-25 में स्कूलों में छात्रों की ड्राप आउट दर यानी पढ़ाई पूरी करने से पहले ही स्कूल छोड़ने की दर 2.3 फीसदी थी। 2025-26 में यह 1.8 फीसदी रह गई है।



# डोडा में फ्लैश फ्लड का कहर, संपत्तियों को पहुंचा नुकसान, राहतः लोग सुरक्षित

आधी रात आई तबाही सुबह दिखा बर्बादी का भयावह मंजर

डोडा जिले के ठठरी में तबाही

*पहाड़ियों से मलबा, बड़े-बड़े पत्थर और चट्टानें तेज बहाव के साथ नीचे आए, जिसने रास्ते में आने वाले कई मकानों, दुकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया*

**राहत और बचाव कार्य जारी**

**मलबा हटाकर सड़क खोली**

**यातायात फिर से शुरू किया**

एजेंसी ⏭ श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले के ठठरी कस्बे में मंगलवार तड़के भारी बारिश के बाद अचानक आए फ्लैश फ्लड ने भारी तबाही मचाई। रात के अंधेरे में आई इस आपदा ने लोगों को संभलने का मौका तक नहीं दिया। पहाड़ियों से मलबा, बड़े-बड़े पत्थर और चट्टानें तेज बहाव के साथ नीचे आए, जिसने रास्ते में आने वाले कई मकानों, दुकानों और वाहनों को नुकसान पहुंचाया।

सुबह जब लोगों की आंख खुली तो चारों ओर तबाही का मंजर था। सड़कों पर मलबा फैला हुआ था, कई वाहन मिट्टी और पत्थरों के नीचे दबे पड़े थे। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ वाहन तेज बहाव में बहकर चिनाब नदी तक पहुंच गए। हालांकि राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

### राष्ट्रीय राजमार्ग बंद

*फ्लैश फ्लड के कारण डोडा-किश्तवाड़ राष्ट्रीय राजमार्ग भी ठठरी के पास बंद हो गया, जिससे दोनों जिलों के बीच यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही जिला प्रशासन, पुलिस और अन्य एजेंसियों की टीमें मौके पर पहुंचीं और मलबा हटाकर सड़क को खोलने का काम शुरू किया। डिप्टी कमिश्नर डोडा कृष्ण लाल ने बताया कि जिले में भारी बारिश के कारण कई स्थानों पर पहाड़ियों से मलबा और पत्थर सड़क पर आ गए थे। प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए प्रभावित सड़कों को साफ कराया और यातायात बहाल किया।*

### बादल नहीं फटा

*उन्होंने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करते हुए कहा कि यह घटना क्लाउडबर्स्ट (बादल फटने) की नहीं, बल्कि भारी बारिश के कारण हुई है। उन्होंने कहा कि प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है।*

### एसएसबी कैंप क्षतिग्रस्त

*फ्लैश फ्लड से एसएसबी कैंप की इमारत को आंशिक नुकसान पहुंचा। घटना में सभी सुरक्षा कर्मी सुरक्षित हैं और एसएसबी ने स्थिति का जायजा लेकर आवश्यक एहतियाती कदम उठाए हैं।*

## दो दिन में यह तीसरी घटना



सड़क से मलबा हटाती जेसीबी


पिछले दो दिनों में डोडा और किश्तवाड़ जिलों में यह तीसरी फ्लैश फ्लड की घटना है। लगातार हो रही बारिश के कारण पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन और मलबा आने का खतरा बना हुआ है, जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

### प्रभावितों को तुरंत राहत दें एलजी सिन्हा के निर्देश

उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने डोडा के उपायुक्त से स्थिति की जानकारी ली और प्रभावित परिवारों को तुरंत राहत व सहायता उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने क्षतिग्रस्त इलाकों में राहत कार्य तेज करने के साथ-साथ प्रभावित राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-244 को जल्द बहाल करने के निर्देश भी दिए। प्रशासन की ओर से प्रभावित क्षेत्रों में नुकसान का आकलन और पुनर्स्थापना कार्य जारी है।

## खबर संक्षेप

### दमिश्क में हुए विस्फोट राष्ट्रपति मैक्रों सुरक्षित



**दमिश्क।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों की सीरिया यात्रा के दौरान मंगलवार को राजधानी दमिश्क में कई विस्फोट हुए। मैक्रों जब सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा से मुलाकात के लिए राष्ट्रपति भवन पहुंचे थे, तभी 'फोर सीजन्स होटल' के निकट विस्फोट हुए। मैक्रों इसी 'फोर सीजन्स' होटल में ठहरे हुए हैं। वहीं फ्रांस के राष्ट्रपति के कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति पूरी तरह सुरक्षित हैं और उनका सीरिया दौरा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जारी है। घटनास्थल से धुएं का बड़ा गुबार भी उठता दिखाई दिया।

### होर्मुज में टैंकर पर मिसाइल से हमला, आग लगी



**दुबई।** ओमान तट के पास होर्मुज जलडमरूमध्य में मंगलवार तड़के प्रक्षेपास्त्र से हमले में एक टैंकर में आग लग गई। ब्रिटेन की सेना ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि जब जहाज जलडमरूमध्य से दक्षिण की ओर ओमान की खाड़ी की तरफ जा रहा था तब एक प्रक्षेपास्त्र जहाज के बाईं ओर आकर लगा। इस हमले से पर्यावरण पर कोई असर नहीं पड़ा है और अधिकारी मामले की जांच कर रहे हैं। हमले की जिम्मेदारी फिलहाल किसी ने नहीं ली है। संदेह जताया गया है कि ये हमले ईरान ने किए हैं। हांलाकि अभी पुष्टि नहीं की गई है।

### पाक में आतंकी हमला 9 पुलिसकर्मियों की मौत



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के अशांत दक्षिण-पश्चिमी बलूचिस्तान प्रांत में मंगलवार को एक बांध परियोजना के चेकपोस्ट पर हमला हुआ। बंदूकधारियों ने नौ पुलिसकर्मियों की हत्या कर दी और कई अन्य लापता हैं। एक वरिष्ठ जिला अधिकारी अब्दुल कुदूस ने बताया कि मंगी बांध परियोजना की रखवाली कर रहे एक चेकपोस्ट पर हमले के बाद नौ पुलिसकर्मी मारे गए हैं और कई लापता हैं। उन्होंने बताया कि कई पुलिस थानों के वरिष्ठ अधिकारी मृतकों में शामिल हैं।

## पीएम मोदी ने इंडोनेशिया को याद दिलाए रामायण काल के रिश्ते

# भारत की नीति विस्तारवाद नहीं, विकासवाद दोनों आपसी सहयोग, विकास से आगे बढ़ेंगे



*पीएम मोदी ने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं और इंडोनेशिया तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत की तरह इंडोनेशिया में भी सैंकड़ों भाषाएं और परंपरा हैं। हम दोनों ने अपने लोकतंत्र में इस विविधता को अपनी एकता की नीव बना लिया है*



इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ संसद में पीएम मोदी

**लोकतंत्र और साझा संस्कृति मजबूत रिश्तों का प्रतीक**

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

पीएम मोदी ने इंडोनेशिया की संसद को संबोधित किया और दोनों देशों की साझा संस्कृति और विरासत पर बात की। पीएम मोदी ने कहा कि इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो ने उनका जिस तरह से स्वागत किया, उसे वे कभी भूल नहीं सकते। यह दोनों देशों की लोकतांत्रिक विरासत, साझा संस्कृति और दोनों देशों के मजबूत होते रिश्तों का प्रतीक है।

आज भारत और इंडोनेशिया इतिहास के अहम मोड़ पर खड़े हैं। आने वाले 25 साल दोनों देशों के लिए अहम हैं। आज इंडोनेशिया की महान धरती से मैं आपके सामने दोनों देशों के साझा विकास का विश्वास लेकर आया हूं। मैं संकल्प लेकर आया हूं कि भारत और इंडोनेशिया पूरी दुनिया को नई ऊर्जा से भर देंगे।

### संबंधों को नई ऊंचाई देने की अपील

पीएम ने कहा कि भारत, दुनिया का वो देश है, जो विस्तारवाद नहीं विकासवाद की नीति पर चलता है। इसलिए हम भारत में कहते हैं सबका साथ, सबका विकास। आज मैं यही मंत्र, यही भावना लेकर इंडोनेशिया के आप सभी सांसद सदस्यों के बीच आया हूं। दोनों देशों के बीच समुद्र दूरी का नहीं, बल्कि सेतु का प्रतीक है। ये हमारे साझा भविष्य का केंद्र है। मैं आपसे भारत-इंडोनेशिया के संबंधों को नई ऊंचाई देने की अपील करता हूं।

#### दोनों देशों के बीच रक्त और संस्कृति के संबंध

पीएम मोदी ने कहा कि दोनों देशों का संबंध रामायण-महाभारत काल से है। हमारा संबंध नालंदा के ज्ञान से, संगीत और नृत्य से है। सदियों से पहले गुजरात से कुछ व्यापारी और सूफी संत समुद्र के रास्ते ही इंडोनेशिया आए थे। वे अपने साथ इस्लाम के विचार और इस्लाम के जीवन मूल्य भी लेकर आए। आज भी इंडोनेशिया की कला में उनकी छाप दिखाई देती है। इसलिए राष्ट्रपति सुकर्णो ने भी कहा था भारत और इंडोनेशिया के लोग रक्त और संस्कृति के संबंधों से जुड़े हैं।

#### गणतंत्र दिवस के पहले मुख्य अतिथि थे राष्ट्रपति सुकर्णो

*पीएम मोदी ने कहा कि भारत सबसे बड़ा लोकतंत्र हैं और इंडोनेशिया तीसरा सबसे बड़ा लोकतंत्र है। भारत की तरह इंडोनेशिया में भी सैंकड़ों भाषाएं और परंपरा हैं। हम दोनों ने अपने लोकतंत्र में इस विविधता को अपनी एकता की नींव बना लिया है। 1950 में जब भारत ने पहला गणतंत्र दिवस मनाया था, उसमें पहले मुख्य अतिथि राष्ट्रपति सुकर्णो ही थे। राष्ट्रपति सुकर्णो और पंडित नेहरू ने कहा था कि आजाद देशों को अपने फैसले खुद लेने का अधिकार है।*

#### पहलगाम हमले के समय इंडोनेशिया ने दिया साथ

*पीएम मोदी ने कहा कि आतंकवाद जैसे विषयों पर भारत और इंडोनेशिया की एक राय रही है। पहलगाम हमले के वक्त इंडोनेशिया ने भारत का समर्थन किया। भारत और इंडोनेशिया का मानना है कि सिक्योरिटी काउंसिल में सुधार जरूरी हैं और अब इन्हें टाला नहीं जा सकता। भारत मुक्त, समावेशी हिंद प्रशांत महासागर का समर्थक है और यहां नौवहन की आजादी का समर्थन है। हमारी एक्ट ईस्ट नीति भी आसियान पर केंद्रित है। भारत और इंडोनेशिया इस दिशा में निरंतर काम करते रहें।*

#### 'टू स्टेट सॉल्यूशन' रूख पर कायम

*पीएम मोदी ने फिलिस्तीन और इजराइल विवाद का जिक्र करते हुए भारत के पुराने रुख को दोहराया। उन्होंने कहा कि फिलिस्तीन के मामले में हम 'टू स्टेट सॉल्यूशन' और लंबे समय तक चलने वाली शांति का समर्थन करते हैं। दुनिया में मची उथल-पुथल के इस दौर में भारत का मानना है कि बातचीत और कूटनीति की भूमिका पहले से कहीं ज्यादा अहम हो गई है। बातचीत के जरिए ही शांति हासिल की जा सकती है।*

## पीएम मोदी ने सुबियांतो के साथ की द्विपक्षीय वार्ता

### दोनों देशों के बीच 14 एमओयू, अस्त्र मिसाइल भी खरीदेगा इंडोनेशिया

पीएम नरेंद्र मोदी ने इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में राष्ट्रपति भवन 'इस्ताना मर्डेका' में राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों नेताओं ने ऊर्जा, व्यापार, रक्षा, समुद्री सहयोग, महत्वपूर्ण खनिज, खाद्य सुरक्षा और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में व्यापक रणनीतिक साझेदारी को नई गति देने पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच कुल 14 समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जबकि 6 बड़ी घोषणाएं की गई। पीएम मोदी ने कहा कि इनमें दक्षिण-पूर्वी एशियाई देश में भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) बैंगलोर का विदेशी परिसर खोलने के लिए भी एक समझौता शामिल है। उन्होंने कहा कि भारत का यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) इंडोनेशिया के पेमेंट सिस्टम से जुड़ेगा। इससे भारतीय यात्रियों के लिए स्थानीय पेमेंट ऐप का इस्तेमाल करके इंडोनेशिया में भुगतान करना आसान हो जाएगा। पीएम मोदी ने बताया कि इसरो शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए बाहरी अंतरिक्ष की खोज और इंडोनेशिया के अंतरिक्ष क्षेत्र की क्षमता बढ़ाएगा।



#### चिकित्सा और संस्कृति क्षेत्र में एमओयू

*स्वास्थ्य क्षेत्र में, भारत के केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन और इंडोनेशिया की नेशनल एजेंसी ऑफ ड्रग एंड फूड कंट्रोल ने एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इसका मकसद मेडिकल उत्पादों के नियमन में सहयोग करना, वैश्विक नियामक मानकों पर जानकारी का आदान-प्रदान करना और इंडोनेशिया में भारतीय मेडिकल उत्पादों के लिए बाजार तक पहुंच बढ़ाना है। दोनों देशों ने स्वास्थ्य कार्यबल सहयोग पर एक कार्यान्वयन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए, जिससे स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए फेलोशिप कार्यक्रमों को बढ़ावा मिलेगा और योग्य स्वास्थ्य कर्मियों की आवाजाही आसान होगी। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति योग्याकार्ता में प्रम्बानन मंदिर के संरक्षण प्रोजेक्ट की शुरुआत करेंगे, जो दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।*

#### प्रमुख समझौते और सहयोग

इंडोनेशिया ने भारत में विकसित अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल खरीदने का फैसला किया। भारत, इंडोनेशिया को ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली की अतिरिक्त बैटरियां उपलब्ध कराने में सहयोग करेगा। दोनों देशों ने रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने और रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने पर सहमति जताई। भारत, इंडोनेशिया की जरूरतों के अनुसार विशेष ईवीएम विकसित करने में मदद करेगा। भारत, इंडोनेशिया में स्टील, निकेल और रेयर अर्थ परमानेंट मैग्नेट के विनिर्माण में निवेश करेगा। दोनों देश सबांग पोर्ट को संयुक्त रूप से विकसित करेंगे, जिससे समुद्री संपर्क और रणनीतिक सहयोग बढ़ेगा। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा और समुद्री संपर्क को मजबूत करने पर सहमति बनी। दोनों देशों ने रणनीतिक इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं में सहयोग बढ़ाने का फैसला किया।

## अमेरिका ने जताई गहरी चिंता

### चीन ने अंतरमहाद्वीपीय दूरी वाली मिसाइल का किया सफल परीक्षण

एजेंसी ⏭ वॉशिंगटन

अमेरिका ने चीन द्वारा परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम मिसाइल के परीक्षण पर चिंता व्यक्त की और अपने सहयोगी देशों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता दोहराई। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता टॉमी पिगॉट नें चीन से यह भी आग्रह किया कि वह हथियार नियंत्रण वार्ता में शामिल हो तथा संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के पांच स्थायी सदस्यों (पी-5) द्वारा किए गए वादों के अनुरूप अंतरमहाद्वीपीय दूरी (आईसीबीएम) की बैलिस्टिक मिसाइलों और अंतरिक्ष प्रक्षेपणों की



जानकारी देने की व्यवस्था अपनाए। चीन पी-5 का सदस्य है। चीन ने सोमवार को प्रशांत महासागर में अपनी एक परमाणु-संचालित पनडुब्बी से 'डमी' हथियार से लैस लंबी दूरी की रणनीतिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया था। चीन ने कहा कि यह परीक्षण पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नौसेना के वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का नियमित हिस्सा है।

## गर्मजोशी से किया स्वागत

### भारत पहुंचे अफगानिस्तान के मंत्री आपसी हितों के मुद्दों पर होगी चर्चा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



मौलवी अताउल्लाह ओमारी

पाकिस्तान से तनातनी के बीच अफगानिस्तान के एक मंत्री अचानक भारत पहुंच गए हैं। भारत हमेशा से अफगानिस्तान का मददगार रहा है। अफगानिस्तान के मंत्री की गर्मजोशी के साथ स्वागत की विदेश मंत्रालय ने एक तस्वीर सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए अफगान मंत्री के दौरे की जानकारी दी। भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने लिखा कि अफगानिस्तान के कृषि, सिंचाई और पशुपालन मंत्री मौलवी अताउल्लाह ओमारी के नई दिल्ली पहुंचने पर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उन्होंने लिखा कि आपसी हितों के मुद्दों पर सार्थक चर्चा की उम्मीद है। हाल ही में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान पर हवाई हमले किए थे जिनकी भारत ने निंदा की थी और निर्दोष लोगों पर हुए हमलों के लिए मानवाधिकार संस्थाओं से पाकिस्तान को न्याय के कठघरे में खड़ा करने की अपील की थी।

## खाड़ी देशों के दौरे के दौरान बहरीन पहुंचे विदेश मंत्री जयशंकर

### राजा खलीफा और क्राउन प्रिंस से की मुलाकात द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर दिया जोर

एजेंसी ⏭ मनामा

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा से मुलाकात कर भारत-बहरीन द्विपक्षीय साझेदारी को और मजबूत बनाने के उपायों पर चर्चा की। उन्होंने क्राउन प्रिंस एवं प्रधानमंत्री सलमान बिन हमद अल खलीफा से भी भेंट की और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु तथा पीएम नरेंद्र मोदी की शुभकामनाएं पहुंचाईं।

जयशंकर ने बहरीन में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण सुनिश्चित करने के लिए राजा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत-बहरीन संबंधों को आगे बढ़ाने में राजा का मार्गदर्शन अत्यंत महत्वपूर्ण है।

#### आपसी हितों के मुद्दों पर की चर्चा



राजा हमद खलीफा के साथ जयशंकर

*इससे पहले विदेश मंत्री ने बहरीन के विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल जायदानी से मुलाकात कर द्विपक्षीय सहयोग, क्षेत्रीय घटनाक्रम और आपसी हितों के मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने बहरीन में भारतीय समुदाय के प्रतिनिधियों से भी संवाद किया और उन्हें दोनों देशों के बीच जीवंत सेतु बताया। बता दें, डॉ. जयशंकर 5 से 10 जुलाई तक कतर, बहरीन, कुवैत और ओमान की यात्रा पर हैं। यात्रा के दूसरे चरण में कतर से बहरीन पहुंचे। इस दौरान वह क्षेत्रीय नेताओं से मुलाकात कर ऊर्जा, व्यापार, निवेश, सुरक्षा और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा की।*

## बुरहान की बरसी पर आतंक के आकाओं का जमावड़ा

### भारत के खिलाफ साजिश के लिए कराची में की बैठक, घाटी में 'सुरक्षा' के पुख्ता इंतजाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकी रहे बुरहान वानी की 10वीं बरसी पर कराची में आतंकियों के बड़े-बड़े आकाओं की एक गुप्त बैठक हुई। यह बैठक 5 जुलाई को लश्कर-ए-ताइबा के राजनीतिक संगठन पाकिस्तान मरकजी मुस्लिम लीग (पीएमएमएल) के मुख्यालय में हुई।

बैठक में जैश-ए-मोहम्मद और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी गुटों से संबंधित 14 बड़े आतंकियों और आईएसआई से ताल्लुक रखने वालों ने शिरकत की। बैठक में बुरहान वानी की बरसी पर भारत विरोधी साजिश रची गई। इसमें कश्मीर घाटी के हिस्सों में बड़ी वारदातों को अंजाम देने के लिए युवाओं को हथियार पहुंचाने का टास्क सौंपा गया।



बैठक में शामिल आतंकी

#### नापाक हरकत नहीं होने देंगे

*बुरहान वानी के नाम पर घाटी में माहौल बिगाड़े जाने की साजिश का खुफिया इनपुट केंद्र सरकार से साझा किया जा चुका है। इसके साथ कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों को भी इसकी जानकारी साझा की गई है। इसके मद्देनजर समूची कश्मीर घाटी में सुरक्षा के इंतजाम चाकचौबंद हैं। सुरक्षा एजेंसी से जुड़े अधिकारियों का कहना है कि किसी तरीके की कोई भी नापाक हरकत पाकिस्तान की ओर से नहीं होने दी जाएगी। सुरक्षा बल और खुफिया एजेंसियों की मुस्तैदी घाटी में लगातार बनी हुई है।*

## अहमदाबाद सीरियल ब्लास्ट मामले में गुजरात हाई कोर्ट का फैसला

# 38 दोषियों को सजा-ए-मौत और 11 को उम्रकैद बरकरार

**राज्य सरकार पीड़ितों को मुआवजा दे**

**भुगतान 31 मार्च, 2027 तक हो जाए**

एजेंसी ⏭ अहमदाबाद

गुजरात उच्च न्यायालय ने मंगलवार को 2008 के सीरियल ब्लास्ट मामले में विशेष अदालत के फैसले को बरकरार रखा। इस मामले में 56 लोग मारे गए थे और 246 घायल हुए थे। उच्च न्यायालय ने 38 दोषियों की मौत की सजा और 11 अन्य को आजीवन कारावास की सजा में राहत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ितों को मुआवजा देने का



गुजरात हाई कोर्ट

भी आदेश दिया।यह भुगतान 31 मार्च, 2027 तक किया जाना अनिवार्य है। बता दें, 26 जुलाई, 2008 को अहमदाबाद शहर में कई ब्लास्ट हुए थे। इसके दो दिन बाद सूरत में भी बम मिले थे। शहर की क्राइम ब्रांच की जांच में 100 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया गया था। कुल 78 लोगों पर मुकदमा चलाया गया।

#### मामले की सुनवाई मार्च 2027 से प्रतिदिन हो रही

*गुजरात हाई कोर्ट के फैसले पर मंगलवार को सरकारी वकील ने कहा कि इस मामले की सुनवाई मार्च 2025 से रोजाना हो रही थी। आज गुजरात हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने अपना फैसला सुनाया। ये स्पष्ट है कि गुजरात हाई कोर्ट ने ट्रायल कोर्ट द्वारा 38 दोषियों को सुनाई गई मौत की सजा को बरकरार रखा है। कोर्ट ने उन 11 दोषियों की अपील भी खारिज कर दी है, जिन्हें मौत की सजा के बजाय उम्रकैद (जब तक वे जीवित रहेंगे, तब तक जेल में रहेंगे) की सजा सुनाई गई थी।*

#### 1, 5 और 10 लाख रुपए का मुआवजा

*सरकारी वकील ने बताया कि गुजरात हाई कोर्ट ने आतंकवाद की घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों को 10 लाख रुपए, गंभीर रूप से घायल लोगों को 5 लाख रुपए और मामूली रूप से घायल लोगों को 1 लाख रुपए का मुआवजा देने का आदेश दिया है।*

#### विशेष अदालत ने 49 लोगों को दोषी पाया था

*फरवरी 2022 में, एक विशेष अदालत ने 49 लोगों को दोषी पाया था। वहीं, 28 अन्य को बरी कर दिया गया था। बरी किए गए लोगों में मुबीन शेख और मंसूर पीरभॉय शामिल थे। इन पर साजिश रचने और धमकी भरे ईमेल भेजने का आरोप था। उन्होंने आतंकी हमले की जिम्मेदारी भी ली थी। ट्रायल कोर्ट ने एक अप्रूवर को माफ कर दिया था। चार अन्य अप्रूवर, जिन्होंने बाद में अपने बयान वापस ले लिए थे, उन्हें दोषी ठहराया गया।*

# स्पेन की अभेद्य दीवार सिमोन, 6 'क्लीन शीट', बना वर्ल्ड रिकॉर्ड



### गोलकीपर उनाई ने 609 मिनट तक गोल नहीं खाने के अपने रिकॉर्ड को किया मजबूत

### स्पेन ने स्विट्जरलैंड के 5 क्लीन शीट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा

**आर्लिंगटन।** स्पेन ने फीफा विश्व कप में रक्षात्मक मजबूती का नया इतिहास रचते हुए लगातार 6 मैचों में 'क्लीन शीट (बिना गोल खाए मुकाबला समाप्त करना)' का विश्व रिकॉर्ड बना दिया। प्री-क्वार्टर फाइनल में पुर्तगाल पर 1-0 की जीत के साथ स्पेन ने यह उपलब्धि हासिल की। वहीं गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाने के अपने विश्व कप रिकॉर्ड को और मजबूत कर लिया। स्पेन ने इस उपलब्धि के साथ 1990 में इटली और 2006-10 के दौरान स्विट्जरलैंड के लगातार पांच क्लीन शीट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। स्पेन का यह सिलसिला 2022 विश्व कप के प्री-क्वार्टर फाइनल में मोरक्को के खिलाफ 0-0 के ड्रॉ से शुरू हुआ था।

### सिमोन ने बनाया नया रिकॉर्ड

मौजूदा विश्व कप में स्पेन ने ग्रुप चरण के पहले मैच में केप वर्डे के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला। इसके बाद टीम ने लगातार चार मुकाबलों में विपक्षी टीम को गोल करने का मौका नहीं दिया और क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। स्पेन के गोलकीपर उनाई सिमोन ने लगातार 609 मिनट तक गोल नहीं खाने का नया रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने नॉकआउट चरण के पहले मुकाबले में ही ऑस्ट्रिया पर 3-0 की जीत के दौरान 517 मिनट के पुराने रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया था। इससे पहले यह रिकॉर्ड इटली के महान गोलकीपर वाल्टर जेंगा के नाम था, जिन्होंने 1990 विश्व कप में लगातार पांच क्लीन शीट के साथ 517 मिनट तक विपक्षी टीम को गोल नहीं करने दिया था।

## 16 साल बाद क्वार्टर फाइनल में स्पेन, पुर्तगाल को 1-0 से हराया

अर्लिंगटन। मिकेल मेरिनो ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम के पहले मिनट में गोल किया, जिससे स्पेन ने पुर्तगाल को 1-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। मेरिनो को गिराने पर रेफरी ने फाउल का फैसला सुनाया। पुर्तगाल के बर्नार्डो सिल्वा बहस करने लगे, तभी मेरिनो ने गेंद वापस ली, उसे अपने साथियों के साथ मिलकर आगे बढ़ाया और आखिर फेरान टोरेस से पास लेकर गोलकीपर डियोगो कोस्टा को आसानी से छकाकर गोल दाग दिया।स्पेन ने 2010 में अपना एकमात्र विश्व कप खिताब जीतने के बाद पहली बार क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई, जहां उसका मुकाबला शुक्रवार को कैलिफोर्निया के इंगलवुड में बेल्जियम से होगा।




## तालियों के बीच विदाई

### अधूरा रह गया रोनाल्डो का सपना



**अर्लिंगटन।** विश्व फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर अपना आखिरी मैच खेलने के बाद पुर्तगाल के सुपरस्टार क्रिस्टियानो रोनाल्डो जब मैदान से बाहर जा रहे थे तो दर्शकों ने तालियां बजाई, जिसका उन्होंने हाथ हिला कर आभार भी व्यक्त किया लेकिन उनके चेहरे पर निराशा साफ झलक रही थी। अपना छठा और आखिरी विश्व कप खेल रहे 41 वर्षीय सुपरस्टार रोनाल्डो का विश्व कप जीतने का सपना राउंड ऑफ 16 के मैच में पड़ोसी प्रतिद्वंद्वी स्पेन से 1-0 की हार के साथ टूट गया। उन्हें मैच के पहले हाफ में गोल करने का एकमात्र मौका मिला था लेकिन सर्वाधिक लंबे समय तक गोल नहीं खाने का रिकॉर्ड बनाने वाले गोलकीपर उनाई साइमन ने शानदार छलांग लगाकर उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। रोनाल्डो लगातार छह विश्व कप में गोल करने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। लेकिन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा गोल (146) और सर्वाधिक मैच खेलने वाले (233) खिलाड़ी रोनाल्डो का फुटबॉल के सबसे बड़े मंच पर करियर यहीं पर समाप्त हो गया। अपने करियर में कई खिताब जीतने वाले रोनाल्डो इस तरह से कभी विश्व कप विजेता नहीं बन पाए।



### मेजबान अमेरिका का सफर खत्म, बेल्जियम ने दी मात

**सिएटल।** चार्ल्स डी केटेलेरे ने दो गोल किए और एक गोल करने में मदद की, जिससे बेल्जियम ने अमेरिका को 4-1 से हराकर विश्व कप फुटबॉल के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई और मेजबान टीम की अपनी घरेलू धरती पर अंतिम आठ में पहुंचने की उम्मीद को खत्म कर दिया। इस मैच में अमेरिका की रक्षापंक्ति की कमजोरी भी उजागर हो गई, जिसका बेल्जियम ने पूरा फायदा उठाया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हस्तक्षेप के कारण पिछले मैच में लाल कार्ड मिलने के बावजूद इस मैच में खेलने वाले अमेरिका के स्टार फॉरवर्ड फोलारिन बालोगुन की मौजूदगी से उसकी टीम को मजबूती मिली थी लेकिन वह कोई कमाल नहीं दिखा पाए। केटेलेरे ने पहले हाफ में अपने दोनों गोल (नौवें और 33वें मिनट) रक्षापंक्ति की गलतियों का फायदा उठाकर किए। इस बीच मलिक टिलमैन ने 31वें मिनट में फ्री किक पर गोल करके अमेरिका को बराबरी दिलाई थी लेकिन बेल्जियम ने जवाबी हमला करते हुए 61 सेकंड बाद ही फिर से बढ़त हासिल कर ली। बेल्जियम की तरफ से यह गोल हैंस वानाकेन ने 57वें मिनट में किया।

## खबर संक्षेप




### इंडिया आने की बना रहा हूं योजना : जोकोविच

**नई दिल्ली।** मौजूदा समय में क्रिकेट और टेनिस दुनिया की सर्वाधिक खेलों में शुमार है। क्रिकेट के दिग्गज विराट कोहली और टेनिस के दिग्गज सर्बिया के नोवाक जोकोविच अच्छे दोस्त हैं। फिलहाल विंबलडन में हिस्सा ले रहे जोकोविच जल्द भारत आने और विराट कोहली के साथ क्रिकेट खेलने की बात कही है। जोकोविच ने कहा, मैं विराट कोहली के साथ कुछ क्रिकेट और टेनिस खेलना पसंद करूंगा। मैं जल्द ही इंडिया आने की योजना बना रहा हूं। हम इस बारे में बात कर रहे हैं। मुझे पता है कि विराट एक वैश्विक स्टार हैं, लेकिन खासकर भारत में, वह कमाल के हैं। मैं चाहूंगा कि वह मेरे मेजबान बनें और मुझे घुमाएं। मेरे मन में उनके और भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत सम्मान है।

### नहीं रहे अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज जादरान

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज शापूर जादरान का 38 साल की उम्र में निधन हो गया। वह एक दुर्लभ और जानलेवा बीमारी 'हीमोफैगोसाइटिक लिम्फोहिस्टियोसाइटोसिस'



(एचएलएच) से पीड़ित थे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज जादरान ने 2009 से 2020 के बीच अफगानिस्तान के लिए 44 एकदिवसीय और 36 टी20 मैच खेले। एचएलएल एक 'हाइपर-इंफ्लेमेटरी सिंड्रोम' है जो प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर कर देता है। मंगलवार को अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड (एसीबी) ने उनके निधन की घोषणा की। एसीबी ने 'एक्स' पर लिखा, 'बहुत दुख और अफसोस के साथ अफगानिस्तान क्रिकेट बोर्ड अफगानिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज शापूर जादरान के निधन पर शोक व्यक्त करता है।'

# फेरी ने किया उलटफेर, दिमित्रोव को रोमांचक मुकाबले में हराया

### फेरी ने पहली बार ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| लंदन

घरेलू दर्शकों के चहेते आर्थर फेरी ने शानदार वापसी करते हुए विंबलडन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली। उन्होंने पूर्व विश्व नंबर-3 ग्रिगोर दिमित्रोव को रोमांचक मुकाबले में 7-5, 3-6, 4-6, 6-4, 7-6 (10-7) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। यह ग्रैंड स्लैम के इतिहास में पहली बार था जब पुरुष एकल के प्री-क्वार्टरफाइनल (अंतिम-16) या उससे आगे के दौर में दो वाइल्ड कार्ड खिलाड़ियों का आमना-सामना हुआ।

यह मुकाबला उतार-चढ़ाव से भरपूर रहा और विंबलडन के इतिहास में यादगार मैचों में शामिल हो गया। दिमित्रोव ब्रिटेन के तीसरे नंबर के खिलाड़ी आर्थर फेरी के खिलाफ दो सेट से एक की बढ़त पर थे और चौथे सेट में दो बार सर्विस ब्रेक की बढ़त भी बना चुके थे। लेकिन 4-3 और 15-0 की बढ़त के बाद दिमित्रोव लगातार 11 अंक गंवा बैठे। उनके खेल में आए इस अप्रत्याशित गिरावट का फायदा उठाकर फेरी ने मुकाबला बराबरी पर ला दिया।



### 23 वर्षीय फेरी ने किया कौशल का प्रदर्शन

सेंटर कोर्ट पर अपने पहले ही मुकाबले में 23 वर्षीय फेरी ने उम्र से कहीं अधिक परिपक्वता, कौशल और साहस का प्रदर्शन किया। निर्णायक सेट के टाई-ब्रेक में उन्होंने पहला ही मैच प्वाइंट भुना लिया, जब दिमित्रोव का बैकहैंड नेट में जा फंसा। फेरी अब पुरुष एकल ड्रॉ में बचे एकमात्र ब्रिटिश खिलाड़ी हैं। वह ओपन युग में विंबलडन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले केवल छठे ब्रिटिश पुरुष खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि एंडी मरे, टिम हेनमैन, रोजर टेलर, ग्रेग रुसेडस्की और कैमरून नॉरी ने हासिल की थी।

### अब कोबोली से होगा सामना

फेरी इससे पहले कभी किसी ग्रैंड स्लैम में दूसरे दौर से आगे नहीं बढ़ पाए थे। अब उनका सामना फ्रेंच ओपन (रोलां गैरो) के उपविजेता फ्लावियो कोबोली से होगा, जिन्होंने पांचवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डी मिनॉर को 7-5, 7-6 (4), 6-3 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फेरी की शीर्ष-100 में एंट्री पहले ही तय हो चुकी थी। बड़े मौकों पर जिस आत्मविश्वास और संयम के साथ उन्होंने प्रदर्शन किया, उससे यह संकेत मिला कि पेरिस में जन्मे इस खिलाड़ी, जिन्हें 'क्रॉस-चैनल फेरी' भी कहा जाता है, की विश्व रैंकिंग भविष्य में और ऊंची जा सकती है।

# भारतीय टीम की टी20 में सबसे बड़ी हार

एजेंसी ▶▶| नॉटिंघम

### पहली बार 100+ रनों के अंतर से हारी टीम इंडिया



इंग्लैंड ने भारत को तीसरे टी20 मुकाबले में 125 रनों के बड़े अंतर से हराकर पांच मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है। भारत की इस प्रारूप में रनों के लिहाज से ये सबसे बड़ी हार है।

इंग्लैंड ने 20 ओवर में सात विकेट पर 201 रन बनाए। जवाब में भारतीय टीम 11.4 ओवर में 76 रन पर ऑलआउट हो गई। भारत की बल्लेबाजी इस कदर खराब रही कि टीम के सिर्फ चार बल्लेबाज दहाई अंक तक पहुंच सके, लेकिन कोई भी 13 रन से ज्यादा नहीं बना पाया। भारत को पहली बार टी20 में 100+ रनों के अंतर से हार मिली है। इससे पहले टीम को इस प्रारूप में रनों के लिहाज से सबसे बड़ी हार न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। 2019 में वेलिंगटन में खेले गए मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 80 रनों के अंतर से हराया था। इतना ही नहीं, दक्षिण अफ्रीका ने 2026 में टीम इंडिया को 76 रनों से हराया था। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में भारत अब तक एक भी मैच नहीं जीत सका है। पहले उसे आयरलैंड ने 0-2 से हराया और अब इंग्लैंड ने सीरीज में बढ़त बना ली है। इस सीरीज के दो मैच शेष हैं यानी भारत अब यहां से सीरीज अपने नाम नहीं कर सकता। ऐसे में अब उसकी कोशिश बराबरी करने की होगी।

### विमेंस हंड्रेड में बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेलेंगी फातिमा सना

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने महिला क्रिकेट टीम की कप्तान फातिमा सना को 'विमेंस हंड्रेड टूर्नामेंट' खेलने की अनुमति दी है। फातिमा सना 'विमेंस हंड्रेड' में बर्मिंघम फीनिक्स का हिस्सा हैं। 21 जुलाई से शुरू होने वाले हंड्रेड के शुरुआती दो मुकाबलों में सना उपलब्ध नहीं रहेंगी। श्रीलंका के खिलाफ 28 जुलाई को वनडे सीरीज समाप्त होने के बाद वह हंबनटोटा से सीधे इंग्लैंड रवाना होंगी और टूर्नामेंट के बाकी मैचों में बर्मिंघम फीनिक्स के लिए खेलेंगी। 24 वर्षीय फातिमा सना हाल ही में हंड्रेड में चुनी जाने वाली पाकिस्तान की पहली महिला क्रिकेटर बनी थीं। बर्मिंघम फीनिक्स ने उन्हें वाइल्डकार्ड ड्राफ्ट के जरिए ऑस्ट्रेलिया की लूसी हैमिल्टन के स्थान पर न्यूनतम 15,000 पाउंड के अनुबंध पर अपनी टीम में शामिल किया था। सना ने टी20 विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 38 गेंदों में नाबाद 55 रन बनाए और 16 रन देकर तीन विकेट भी लिए।



महिला क्रिकेट

# टी20 रैंकिंग में पांचवीं बार टॉप पर पहुंची बेथ मूनी



एजेंसी ▶▶| दुबई

विमेंस टी20 वर्ल्ड कप 2026 में 47.60 की औसत के साथ 238 रन बनाने वालीं बेथ मूनी महिला बल्लेबाजों की टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच गई हैं।

मूनी इस संस्करण में सर्वाधिक रन बनाने वाली खिलाड़ियों की सूची में दूसरे पायदान पर रहीं, जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया को रिकॉर्ड सीतवीं बार खिताब जिताने में अहम योगदान दिया। ऐसा पांचवीं बार है, जब मूनी टी20 बल्लेबाजों की रैंकिंग में टॉप पर पहुंची हैं। उनसे ज्यादा समय तक दुनिया की नंबर 1 बल्लेबाज रहने का रिकॉर्ड सिर्फ कैरन रॉल्टन के नाम है।

### मूनी हमवतन वोल को पछाड़ा

मूनी (785 रेटिंग) ने एक पायदान की छलांग लगाकर ऑस्ट्रेलिया की हमवतन जॉर्जिया वोल (779 रेटिंग) को पछाड़ दिया है, जो अब दूसरे पायदान पर पहुंच गई हैं। साउथ अफ्रीका की लौरा वोल्वार्ड्ट (771 रेटिंग) को भी एक पायदान का नुकसान हुआ है, जो अब तीसरे स्थान पर खिसक गई हैं, उनके बाद चौथे स्थान पर हेली मैथ्यूज (754) और पांचवें पायदान पर भारत की स्मृति मंधाना (746) हैं।

### तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर पहुंची ताजमिन ब्रित्ज

ताजा रैंकिंग में सबसे ज्यादा सुधार करने वालों में साउथ अफ्रीका की ताजमिन ब्रित्ज शामिल हैं, जो तीन स्थान ऊपर चढ़कर 11वें नंबर पर आ गई हैं। इंग्लैंड की कप्तान नैट साइवर-ब्रंट शानदार वर्ल्ड कप अभियान के बाद पांच स्थान ऊपर चढ़कर 16वें नंबर पर पहुंच गई हैं। साइवर-ब्रंट की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फाइनल में नाबाद 58 रन और साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेमीफाइनल में 75 रनों की पारी ने रैंकिंग सुधारने में अहम भूमिका निभाई।

### कैलिफोर्निया और टेक्सास में खेला जा रहा टी20 एमएलसी का चौथा सत्र

# फुटबॉल के बीच अमेरिका में क्रिकेट की दस्तक

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

फुटबॉल विश्व कप के कारण इन दिनों अमेरिका में फुटबॉल का जुनून सिर चढ़कर बोल रहा है, लेकिन इसके साथ ही क्रिकेट भी तेजी से अपनी जगह बना रहा है और इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। देश की पहली पेशेवर टी20 प्रतियोगिता मेजर लीग क्रिकेट (एमएलसी) का चौथा सत्र इन दिनों कैलिफोर्निया और टेक्सास में खेला जा रहा है। माना जा रहा है कि 2028 के लॉस एंजिलिस ओलंपिक में क्रिकेट की वापसी और एमएलसी के विस्तार से अमेरिका में इस खेल को नई पहचान मिलेगी।



### एमएलसी में खेल रहे बड़े क्रिकेटर

एमएलसी में दुनिया के कई बड़े क्रिकेटर खेल रहे हैं। इनमें रविचंद्रन अश्विन, फाफ डु प्लेसिस, केशव महाराज, सुनील नारायण, मार्कस स्टोइनिस, कुसल परेरा, रचिन रवींद्र, हारिस रऊफ, उन्मुक्त चंद और जेसन होल्डर जैसे नाम शामिल हैं।

### पांच वर्षों में क्रिकेट का तेजी से हुआ विकास

भारत को 2012 में अंडर-19 विश्व कप जिताने वाले पूर्व कप्तान उन्मुक्त चंद अपने क्रिकेट करियर को आगे बढ़ने के लिए 2021 में अमेरिका चले गए थे। एलए नाइट राइडर्स के लिए खेलने वाले उन्मुक्त चंद ने कहा, '2021 में यहां आने के बाद पिछले पांच वर्षों में क्रिकेट का तेजी से विकास हुआ है। हर साल कुछ नया देखने को मिल रहा है। इस वर्ष हमें लॉस एंजिलिस में क्रिकेट का समर्पित स्टेडियम भी मिल गया है।' पिछले सप्ताह एलए नाइट राइडर्स ने कैलिफोर्निया के पोमोना में एक नए क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन किया, जिसे अमेरिका में क्रिकेट का स्थायी केंद्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।






# नए सितारों से सजी 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर जारी...

**मुंबई।** फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का ट्रेलर सामने आ चुका है। इसमें सस्पेंस है, थ्रिल है और एक्शन भी है। मर्डर मिस्ट्री और लव ट्रायएंगल सहित इस फिल्म में कई दिलचस्प ट्विस्ट हैं। इस फिल्म में आर्य कुमार, नीता शेट्टी और पीहू बिस्वास जैसे नए कलाकार अहम भूमिकाओं में हैं। फिल्म 'रहूं मैं तेरे रूबरू' का निर्देशन इंद्र दास ने किया है। इसे एसएस एंटरटेनमेंट वर्ल्ड के बैनर तले सुमन सौरभ ने प्रोड्यूस किया है। रहूं मैं तेरे रूबरू' 17 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मंगलवार को रिलीज हुए इस फिल्म के ट्रेलर में आज की तकनीक और इंटरनेट की दुनिया के जीवन पर हो रहे नकारात्मक असर को दिखाने की भी कोशिश की गई है।

लाइफ Style

# कृति
## मैंने करवा लिए एग्ज फ्रीज

एक्टर कृति सेनन ने बताया है कि उन्होंने अपनी फिल्म 'मिमी' की तैयारी के दौरान अपने एग्स फ्रीज करवाने का फैसला किया था। उन्होंने इसे अपने लिए लिए गए 'सबसे समझदारी भरे' फैसलों में से एक बताया है।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि यह फैसला फिल्म के लिए उनके फिजिकल ट्रांसफॉर्मेशन (शारीरिक बदलाव) के समय के साथ मेल खाता था,




इसलिए यह प्रोसेस करवाने का यह सबसे सही मौका था। 35 साल की एक्ट्रेस ने बताया कि एग फ्रीजिंग से अक्सर ब्लोटिंग (पेट फूलना) और हार्मोनल बदलाव होते हैं। चूंकि उन्हें 'मिमी' फिल्म में अपने रोल के लिए वजन बढ़ाना था, इसलिए उन्हें लगा कि यही सही समय है जब वे यह प्रोसेस करवा सकती हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने एक व्यक्ति से बात की थी, जिन्होंने मुझे बताया कि अगर आप कर सकती हैं, तो यह आपके लिए सबसे अच्छी चीज है। यह सबसे अच्छा तोहफा है जो आप खुद को दे सकती हैं। यह बात मेरे दिमाग में रही। फिर, जब मुझे वजन बढ़ाने के लिए कहा गया, तो मुझे लगा कि यही सही समय है'। एक्ट्रेस ने इस प्रोसेस के इमोशनल और फिजिकल असर के बारे में भी बात की।



# ताज जीतने के 50 साल पूरे, मनाया जश्न

**नई दिल्ली।** पूर्व ब्यूटी क्वीन नफीसा अली ने मिस इंडिया का ताज जीतने के 50 साल पूरे होने की खुशी मनाई है। इस खुशी में नफीसा ने सोशल मीडिया पर कई पुरानी तस्वीरें साझा की हैं और इसके साथ ही एक खास नोट भी लिखा है। नफीसा ने इंस्टाग्राम पर अपनी कई पुरीनी तस्वीरें साझा की हैं। इन तस्वीरों के साथ नफीसा ने कैप्शन में लिखा, '50 साल पहले मुझे 'मिस इंडिया' का ताज पहनाया गया था।' उन्होंने 1976 में यह खिताब जीता था। इसके बाद उन्होंने टोक्यो में हुए 'मिस इंटरनेशनल 1976' कॉम्पिटिशन में भारत का नाम रोशन किया था और वहां वह सेकंड रनर-अप रही थीं। 69 साल की नफीसा अली ने 2018 में स्टेज 3 के पेट और ओवरी के कैंसर से जंग लड़ी और उसे हराया। अप्रैल 2026 में उन्होंने अपनी सर्जरी के निशान और कीमोथेरेपी की बातें भी फैंस के साथ साझा की थीं।



# इंसानों व कुत्तों के बीच रिश्ते की कहानी

**मुंबई।** अमित राय अपनी अगली फिल्म 'ओह माय डॉग' लेकर आ रहे हैं। इससे पहले उन्होंने 'ओह माय गॉड 2' का निर्देशन किया था। उनकी नई फिल्म का टीजर रिलीज हो गया है। टीजर में इंसानों और कुत्तों के बीच बिना शर्त प्यार और वफादारी की एक कहानी की झलक दिखती है। टीजर की शुरुआत अमिताभ बच्चन के मशहूर गाने 'मेरे पास आओ मेरे दोस्तों, एक किस्सा सुनो' से होती है, जो तुरंत पुरानी यादें ताजा कर देता है। साथ ही कहानी की मासूमियत, अपनापन और इमोशनल गहराई को खूबसूरती से दिखाता है। यह फिल्म 31 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म 'ओह माय डॉग' में माही राय, पंकज त्रिपाठी, गीता अग्रवाल शर्मा, राजेश कुमार, पवन मल्होत्रा, सुलक्षणा बरुआ और विजय मिश्रा नजर आएंगे।

## टीवी मसाला

# पति के 10 अफेयर हों तो भी उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगी : सुनीता

**नई दिल्ली।** मशहूर बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा की पत्नी सुनीता आहूजा इन दिनों रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में नजर आ रही हैं और साथ ही अपने बयानों से जमकर सुर्खियां भी बटोर रही हैं। इसी शो के दौरान सुनीता




ने अपने पति गोविंदा को लेकर एक ऐसी बात कही है, जिसे सुनकर इस शो के होस्ट फराह खान और रितेश देशमुख भी दंग रह गए। उन्होंने कहा है कि चाहे उनके पति गोविंदा के दस महिलाओं के साथ संबंध ही क्यों न हों, वह उन्हें कभी नहीं छोड़ेंगी। सुनीता ने यह बात नेटफ्लिक्स के रियलिटी शो 'लॉक अप सच या सजा' में कही, जिसे फराह खान और रितेश देशमुख होस्ट कर रहे हैं। इस शो में वाइल्डकार्ड एंट्री के तौर पर आईं अभिनेत्री शिल्पा शिंदे ने सुनीता के उन पुराने बयानों पर बात की। इस पर सुनीता भड़क गईं और उन्होंने शिल्पा से कहा कि लोगों को पहले उनकी जगह रहकर देखना चाहिए, उसके बाद ही कोई राय बनानी चाहिए। सुनीता ने कहा, 'जब यह सब आपके साथ होगा, तब आपको समझ आएगा कि मैं किस दौर से गुजरी हूं। यह मेरी जिंदगी है और मैं जो चाहूंगी, वही करूंगी।' उन्होंने आगे कहा, 'गोविंदा मेरा पति है, अगर वह 10 जगह भी अफेयर करेंगे, तो भी मैं उसे नहीं छोड़ूंगी। मैं अपनी आखिरी सांस तक उससे प्यार करूंगी।' बाद में सुनीता ने शो के दूसरे कंटेस्टेंट राम कपूर से भी शिल्पा शिंदे की शिकायत की। उन्होंने गुस्से में कहा, 'शिल्पा मुझे उकसा रही है।

## शिवांगी को रोता देख आग-बबूला हुए हर्षद

**नई दिल्ली।** शो 'लॉकअप 2' इन दिनों झगड़ा, विवादों की वजह से चर्चा में है। इस रियलिटी शो में हाल ही में एक बड़ा



हंगामा हुआ। इंफ्लुएंसर श्रेया कालरा की वजह से एक्ट्रेस शिवांगी जोशी फूट-फूटकर रोईं। शिवांगी को ऐसे देखकर उनके दोस्त और पुराने को-एक्टर हर्षद चोपड़ा का पारा चढ़ गया। हर्षद श्रेया से लड़ने के लिए शो में दौड़ पड़े थे। 'लॉकअप 2' के वायरल वीडियो में हर्षद चोपड़ा के सामने शिवांगी रो रही हैं। वह बताती हैं कि उन्होंने श्रेया से सच में पूछा कि क्या उनकी तबियत खराब है। इस पर श्रेया ने शिवांगी के साथ बदतमीजी से बात की।



# आवारापन 2 का पहला गाना जुनून रिलीज
## सुबोध ने दी है आवाज....

**मुंबई।** आवारापन 2 के निर्माताओं ने मंगलवार को इमरान हाशमी की फिल्म का पहला गाना जुनून रिलीज कर दिया है। इस गाने के बोल शहीद कादरी ने लिखे हैं और मिथुन ने कंपोज किया है। इस गाने को गायक सुबोध शर्मा ने गाया है। इस गाने में इमरान हाशमी से लेकर दिशा पाटनी और श्रेया सरन की खास झलक देखने को मिली। फिल्म 'आवारापन 2', 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में इमरान हाशमी और दिशा पटानी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में श्रेया सरन का भी अहम रोल है। इमरान ने इंस्टाग्राम पर अपने इस गाने को साझा किया और कैप्शन में लिखा, 'इस आवारापन के जुनून में होना है तबाह।' एक यूजर ने लिखा, 'इस गाने की रचना थोड़ी 'सैयारा' से मिलती जुलती लग रहा है' दूसरे यूजर ने लिखा, 'श्रेया सरन के पुराने सींस को देखकर अच्छा लगा।'

# 1975 में बैन कर दी गई थी फिल्म सिक्किम 1971



**नई दिल्ली।** आज हम आपको बताने जा रहे हैं एक ऐसी डॉक्यूमेंट्री फिल्म के बारे में जिसका काफी ज्यादा ऐतिहासिक महत्व है। यह फिल्म तब बनी जब सिक्किम भारत का हिस्सा भी नहीं था। इसे बनाया था लीजेंडरी फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने। इस फिल्म की रिलीज के बाद इस पर विवाद हो गया और भारत सरकार ने इसे बैन कर दिया। लोग इस फिल्म का नाम तक भूल गए थे, लेकिन फिर साल 2010 में इसे फिर से रिलीज किया गया और इस मूवी ने तहलका मचा दिया।

***सत्यजीत रे साहब ने खोल दी पोल :*** बात साल 1971 की है जब सिक्किम के राजा ने उस दौर के आइकॉनिक फिल्ममेकर रहे सत्यजीत रे से विनती की, कि वह उनके ऊपर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं। क्योंकि ,सत्यजीत रे साहब सच्ची और पक्की फिल्ममेकिंग में मानते थे, इसलिए उन्होंने सिक्किम के तत्कालीन राजा के राज्य के बारे में लगभग सब कुछ दिखा डाला। यानि उन्होंने इस डॉक्यूमेंट्री में उनके राज्य की अच्छाइयां और बुराइयां तो दिखाई हीं, साथ ही साथ विदेशी पर्यटकों की हालत और राजसी परिवार और आम लोगों की जिंदगी में कितना फर्क है यह भी दिखाया।

***भारत सरकार ने लगा दिया था बैन :*** कहानी में ट्विस्ट तब आया जब साल 1975 में सिक्किम राज्य भारत का हिस्सा बन गया। सिक्किम 22वें राज्य के तौर पर भारतीय गणराज्य का हिस्सा बना और जब इतना सारा राजनीतिक उठापटक चल रहा था, तो इस बीच सत्यजीत रे की यह डॉक्यूमेंट्री विवादों में घिर गई। सरकार ने इसे बैन कर दिया और लोग मानने लगे कि यह फिल्म पूरी तरह नष्ट कर दी गई है। सरकार ने भी राहत की सांस ली, वक्त बीतता गया और फिर कई दशक बाद ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट को एक डैमेज्ड प्रिंट मिला। इस प्रिंट में क्या था?







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930